हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, गुरुवार 26 फरवरी 2026

कच्चा तेल आयात घटाने व प्रदूषण कम करने में सहायक

1 अप्रैल से ई 20 पेट्रोल पूरे देश में अनिवार्य होगा

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने 1 अप्रैल 2026 से पूरे देश में कम से कम 95 आरओएन (रिसर्च ऑक्टेन नंबर) वाला ई20 पेट्रोल (20% एथनॉल मिश्रित) बेचना अनिवार्य कर दिया है। तेल मंत्रालय ने 17 फरवरी की अधिसूचना में साफ निर्देश दिया है कि सभी तेल कंपनियां भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के मानकों के मुताबिक 20 फीसदी तक एथनॉल मिला पेट्रोल, न्यूनतम रिसर्च ऑक्टेन नंबर 95 के साथ बेचेंगी।

हैरान करने वाली घटना

धार जिले के पीथमपुर के परीक्षा केंद्र में मचा हड़कंप

मप्र बोर्ड परीक्षा के दौरान 10वीं की छात्रा गणित का पेपर छोड़ गई बाथरूम... बच्चे को दिया जन्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

धार जिले के पीथमपुर से एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है। यहां के सेक्टर-1 थाना क्षेत्र स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के एक निजी स्कूल में 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा दे रही एक नाबालिग छात्रा ने परीक्षा केंद्र के बाथरूम में बच्चे को जन्म दिया। छात्रा परीक्षा केंद्र पर गणित का पेपर दे रही थी। परीक्षा केंद्र प्रभारी नरेंद्र कुमार पोथे ने बताया कि छात्रा अचानक शौचालय जाने की बात कहकर अपनी सीट से उठी। जब वह करीब 15 मिनट तक नहीं लौटी, तो संदेह होने पर एक महिला कर्मचारी को उसे देखने भेजा गया। महिला कर्मचारी ने पाया कि बाथरूम का दरवाजा अंदर से बंद था और अंदर से किसी नवजात बच्चे के रोने की आवाज आ रही थी। स्कूल प्रबंधन ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस और 108 एंबुलेंस को दी। घटना के बाद परीक्षा केंद्र पर अफरा-तफरी मच गई। छात्रा और नवजात को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। सूचना मिलते ही पुलिस भी अस्पताल पहुंची और छात्रा के बयान दर्ज किए। मौके पर पहुंची एंबुलेंस के जरिए छात्रा और नवजात को तुरंत पीथमपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

- 17 वर्षीय छात्रा और उसका बच्चा दोनों पूरी तरह स्वस्थ
- पुलिस जांच जारी, छात्रा ने प्रेमी को पिता बताया

फाइल फोटो

मां को नहीं थी गर्भावस्था की जानकारी

घटना की सूचना मिलने पर छात्रा की मां भी अस्पताल पहुंचीं। उन्होंने चिकित्सकों को बताया कि उन्हें बेटी की गर्भावस्था की कोई जानकारी नहीं थी। परिवार के अनुसार छात्रा की सगाई हो चुकी है और मंगेतर का घर आना-जाना था। स्वजन ने संभावना जताई कि नवजात मंगेतर का हो सकता है।

'हाई रिस्क प्रेग्नेंसी' में जान जाने का खतरा

आखिर नौ महीने तक किसी शिक्षक, वार्डन या परिवार को इस प्रेगनेंसी का पता क्यों नहीं चला?। यह परिजनों और स्कूल प्रबंधक की घोर लापरवाही है। 14-16 साल की आयु में शारीरिक और मानसिक रूप से गर्भावस्था के लिए तैयार न होने के कारण इसे 'हाई रिस्क प्रेग्नेंसी' माना जाता है। इससे नाबालिग मां को प्रसव के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव, एनीमिया, ब्लड प्रेशर और जान का खतरा हो सकता है। इस उम्र में अनचाही गर्भावस्था से गुजरना, उसे छिपाना और फिर स्कूल में प्रसव करना, बच्ची के लिए भयानक मानसिक सदमा पैदा कर सकता है। ऐसे में किशोरी को तत्काल मनोवैज्ञानिक परामर्श की आवश्यकता होती है।

डॉ. विमला सिंह, स्त्री रोग विशेषज्ञ, भोपाल

खबर संक्षेप

'यादव जी की लव स्टोरी' का टाइटल नहीं बदलेगा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने फिल्म 'यादव जी की लव स्टोरी' की रिलीज रोकने से इनकार कर दिया है और कहा है कि फिल्म के टाइटल में कुछ भी आपत्तिजनक और नेगेटिव नहीं है। वहीं जब याचिकाकर्ता ने कहा कि फिल्म रिलीज होने के बाद कुछ भी आहत करने वाला लगे, तो दोबारा अपील की अनुमति दी जाए, इस पर कोर्ट ने कहा कि मोटी चमड़ी रखिए। पिछले दिनों घूसखोर पंडत के टाइटल पर बवाल मचा था। जिसे बैन किए जाने की मांग उठी थी और मेकर्स के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की गई थी। अब एक और फिल्म के नाम पर विवाद छिड़ा हुआ है, जिसका नाम है यादव जी की लव स्टोरी।

दूषित पानी से अब 54 साल के एक शख्स की मौत

इंदौर। भागीरथपुरा क्षेत्र में 54 वर्षीय रामनरेश यादव की कथित तौर पर दूषित पेयजल के सेवन से मौत हो गई। बताया गया है कि वे पिछले दो सप्ताह से अधिक समय से स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। उन्हें 15 दिनों से आईसीयू में भर्ती रखा गया था, जहां उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। परिजनों के अनुसार, लगातार उल्टी और दस्त के कारण उनकी स्थिति गंभीर होती गई। और शरीर में अत्यधिक कमजोरी आ गई। बाद में शरीर में सूजन आने लगी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। मेडिकल जांच में कथित तौर पर सामने आया कि उनके लिवर और किडनी को गंभीर नुकसान पहुंचा था। परिवार का मानना है कि संक्रमण पूरे शरीर में फैल गया, जिससे अंगों ने काम करना बंद कर दिया और अंततः उनकी मृत्यु हो गई।

सुप्रीम कोर्ट की सख्ती...सोशल साइंस की किताब में न्यायपालिका से जुड़े हिस्से पर विवाद

सीजेआई सूर्यकांत बोले- संस्था को बदनाम नहीं करने देंगे

एनसीईआरटी की कक्षा 8 की किताब से 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' का चैप्टर हटेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकारी सूत्रों का कहना है कि केवल न्यायपालिका पर केंद्रित टिप्पणी करना उचित नहीं था। यदि संस्थागत ढांचे पर चर्चा करनी थी तो विधायिका और कार्यपालिका के बारे में भी समान रूप से उल्लेख किया जा सकता था

देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया ने एनसीईआरटी की क्लास 8 की सामाजिक विज्ञान की किताब में जोड़े गए 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' सेक्शन पर गंभीर चिंता जताई है। इस मामले पर चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने साफ शब्दों में कहा कि वे किसी को भी न्यायपालिका जैसी संस्था को बदनाम करने की अनुमति नहीं देंगे और जरूरत पड़ी तो अदालत स्वयं कार्रवाई करेगी। सुप्रीम कोर्ट में यह मामला वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी द्वारा उठाया गया है, जिसमें इस विषय पर कोर्ट से स्वतः संज्ञान लेने का आग्रह किया है। ताजा विवाद नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) द्वारा सोमवार को जारी की गई कक्षा 8 की नई सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक से जुड़ा है, जिसके एक अध्याय में 'हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका' के अंतर्गत 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' नाम से अलग सेक्शन जोड़ा गया है।

जस्टिस सूर्यकांत

सीजेआई ने स्वतः संज्ञान लेते हुए कहा कि कानून अपना काम करेगा

- सोशल साइंस की किताब में न्यायपालिका से जुड़े हिस्से पर विवाद
- सरकार ने माना- संतुलित नहीं थी सामग्री, किताब से हटेगी न्यायपालिका की बुराई

सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा?

मुझे पता है कि इससे कैसे निपटना है : सीजेआई

एनसीईआरटी की नई किताब के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि वे इस बात से विचलित हैं कि बच्चों को इस प्रकार की सामग्री पढ़ाई जा रही है। उन्होंने अदालत से आग्रह किया कि इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया जाए। कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी की दलील के बाद सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि वह पहले से ही इस मामले से अवगत हो गए हैं और इस संबंध में उनको कई कॉल और मैसेज भी प्राप्त हुए हैं। सीजेआई ने अपने संबोधन में कहा कि मैं किसी को भी इस संस्था को बदनाम करने की अनुमति नहीं दूंगा।

एनसीईआरटी से जवाब तलब किया जाएगा

मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी करते हुए कहा कि यह एक सुनियोजित और सोची-समझी कोशिश प्रतीत होती है। उन्होंने मुद्दा उनके संज्ञान में लाने के लिए सिब्बल और सिंघवी का आभार भी व्यक्त किया। सुप्रीम कोर्ट ने संकेत दिया है कि इस मामले में उचित कदम उठाए जाएंगे। यदि अदालत औपचारिक रूप से स्वतः संज्ञान लेती है, तो एनसीईआरटी से जवाब तलब किया जा सकता है और संबंधित सामग्री की समीक्षा का आदेश भी दिया जा सकता है।

मठ को ध्वस्त करते हुए बुलडोजर

सिंहस्थ 2028 को लेकर उज्जैन में बड़ी कार्रवाई

शंकराचार्य मठ परिसर में संचालित 3 मंजिला होटल पर चला बुलडोजर

आश्रम परिसर में अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

शहर के नर्सिंग घाट क्षेत्र स्थित पुण्यानंद गिरी महाराज के आश्रम, शंकराचार्य मठ पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। आश्रम में कुल 54 कमरे बने हुए थे, जिनमें एसी और नॉन-एसी दोनों प्रकार के कमरे शामिल थे। तीन मंजिला सर्वसुविधायुक्त आश्रम परिसर में अवैध रूप से तीन मंजिला होटल संचालित किया जा रहा था। आश्रम परिसर में करीब 10 हजार से 15 हजार वर्गफुट में तीन मंजिला होटल का निर्माण कर लिया गया था।

अवैध होटल टूटा

अन्य आश्रमों और समाजों पर भी कार्रवाई

कार्रवाई के दौरान माधवानंद आश्रम, कलोता समाज, बागली समाज और महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी इंद्रदेव सरस्वती महाराज द्वारा बिना अनुमति किए जा रहे निर्माण पर भी निगम का बुलडोजर चला।

यह शानदार घर 66 मीटर ऊंचा और 17 मंजिला है जो मुंबई के पाली हिल इलाके में है

यह है आलीशन घर

अनिल अंबानी पर ईडी की बड़ी कार्रवाई

3,716 करोड़ का मुंबई का बंगला 'अबोड' अटैच

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रिलायंस अनिल धीरूभाई अंबानी समूह के चेयरमैन अनिल अंबानी के मुंबई वाले घर 'अबोड' को एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत जब्त कर लिया है, जिसकी कीमत 3716 करोड़ रुपए है। यह शानदार घर, जो 66 मीटर ऊंचा और 17 मंजिला है, मुंबई के पाली हिल इलाके में है। साल 2000 के आसपास इस महंगी और आलीशान प्रॉपर्टी को रिलायंस ने खरीद लिया था। इस बिल्डिंग में रूफटॉप पर हैलिपेड बना हुआ है जिस पर कई हेलिकॉप्टर एक साथ लैंड कर सकते हैं। प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत एक प्रोविजनल ऑर्डर जारी किया गया है, ताकि उनकी ग्रुप कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस द्वारा कथित बैंक फ्रॉड से जुड़े मामले में मल्टी-स्टोरी घर को अटैच किया जा सके। अटैच की गई संपत्ति की कीमत 3,716.83 करोड़ रुपए है।

आरबीआई का बैकों को आदेश

अब कोई हिडन चार्ज नहीं लगेगा बैंकों को हटाने होंगे 'डार्क पैटर्न'

जुलाई तक एप से हटा लें फंसाने वाली ट्रिक्स

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आपके साथ भी ऐसा होता होगा कि आप अपने बैंक का एप खोलते हैं और उसमें अतिरिक्त सेवाओं को खरीदने के लिए बार-बार मैसेज या नोटिफिकेशन आने लगते हैं. इनमें से कई मिडलीडिंग भी होते हैं। या फिर चेकआउट के समय आपको हिडन शुल्क दिखाई दिए हों, तो आप अकेले ऐसे यूजर नहीं हैं। अब भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ऐसे मामलों में सख्त नजर आ रहा है और डिजिटल बैंकिंग को अधिक पारदर्शी बनाने के क्रम में बैंकों को कड़ा आदेश दिया है। आरबीआई ने कहा है कि बैंक जुलाई 2026 तक अपनी वेबसाइटों और मोबाइल एप से सभी डार्क पैटर्न हटा दें, जो कि ग्राहकों को गुमराह करने या उन पर दबाव डालने के लिए डिजाइन की गई ट्रिक्स हैं। डार्क पैटर्न डिजिटल प्लेटफॉर्म पर इस्तेमाल की जाने वाली ऐसी डिजाइन तकनीकें हैं, जिनका उद्देश्य यूजर के व्यवहार को प्रभावित करना होता है, जिसे वे आसानी से पूरी तरह समझ न सकें। इनमें हिडन चार्ज, भ्रमित करने या प्रलोभन देने वाले विकल्प या फिर ग्राहकों को अतिरिक्त सेवाएं स्वीकार करने के लिए बार-बार प्रेरित करने वाले संकेत शामिल हो सकते हैं। बैंकों को इन ट्रिक्स पर रोक के संबंध में आरबीआई द्वारा दिए गए निर्देश, ये सुनिश्चित करने के लिए हैं, कि ग्राहकों को ठीक से पता हो कि वे किस चीज के लिए साइन-अप कर रहे हैं।

जबलपुर
गुरुवार 26 फरवरी 2026
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष-09
वर्ष : 20, अंक : 298
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 26
न्यून. 12

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

इजराइल में पीएम मोदी का भव्य स्वागत...9 साल बाद दूसरी यात्रा

एयरपोर्ट पर नेतन्याहू ने लगाया गले, गार्ड ऑफ ऑनर दिया

पीएम ने लिखा
मुझे उम्मीद है कि द्विपक्षीय चर्चाओं और भारत और इजराइल की दोस्ती को मजबूत करने के लिए बेहतर परिणाम निकलेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर इजरायल पहुंच चुके हैं। एयरपोर्ट पर इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा ने उनका भव्य स्वागत किया। नेतन्याहू प्रोटोकॉल तोड़ते हुए अपने 'दोस्त मोदी' से गले मिले। पीएम मोदी को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। 9 साल बाद उनकी दूसरी इजरायल यात्रा है। इजरायली पीएम के भव्य स्वागत को लेकर प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा- हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की ओर से किए गए स्वागत से सम्मानित महसूस कर रहा हूं।

नरेंद्र मोदी और बेंजामिन नेतन्याहू गले मिलते हुए

पीएम मोदी, इजराइली पीएम नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा

नेतन्याहू ने दी प्रतिक्रिया

आपका स्वागत करना बड़े सम्मान की बात

पीएम मोदी के पोस्ट पर इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी, इजराइल में आपका स्वागत करना बड़े सम्मान की बात है। आपका स्वागत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 9 साल बाद दूसरी इजराइल यात्रा है। इससे पहले वह जुलाई 2017 में इजराइल गए थे। 26 फरवरी को डेलीगेशन की मीटिंग होनी है। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी इज़राइल के राष्ट्रपति इसहाक हर्ज़ोग से भी मुलाकात करेंगे।

आजीविका मिशन क्षमतावर्धन कार्यशाला का किया शुभारंभ

सशक्त हो रही हैं आजीविका मिशन से जुड़ी दीदियां : सीएम

डॉ. मोहन यादव सम्मानित करते हुए

12 लाख से अधिक दीदियां लखपति दीदी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आजीविका मिशन से जुड़ी दीदियां सशक्त हो रही हैं। प्रदेश के 5 लाख स्व-सहायता समूहों से 65 लाख से अधिक दीदियां जुड़कर सशक्त हुई हैं। इनमें से 12 लाख से अधिक दीदियां लखपति दीदी बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि स्व-सहायता समूहों ने एक वर्ष में विभिन्न कंपनी और मेलों के माध्यम से 310 करोड़ रुपए का व्यापार किया है।

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

सेक्रेटरी सचिवालय की छठी मंजिल से कूदे, मौत

चंडीगढ़। चंडीगढ़ स्थित हरियाणा सचिवालय में बुधवार को आईएएस अधिकारी हितेश कुमार मीणा के स्पेशल सीनियर सेक्रेटरी गणेश दास अरोड़ा ने सचिवालय की छठी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। गंभीर चोटों के चलते उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया है।

दिल्ली का नाम बदलकर इंद्रप्रस्थ करने की मांग

नई दिल्ली। केरल का नाम बदलकर केरलम करने के प्रस्ताव को केंद्र सरकार की सहमति मिल गई है। अब देश के दूसरे राज्यों का नाम भी बदलने की मांग होने लगी है। भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने दिल्ली का नाम बदलकर इंद्रप्रस्थ किए जाने की मांग की है। इससे हमारी पहचान जुड़ी हुई है।

संजय लीला भंसाली को हार्ट अटैक, भर्ती

मुंबई। मशहूर फिल्म निर्देशक संजय लीला भंसाली ने हाल ही में 24 फरवरी को अपना 63वां जन्मदिन मनाया। जहाँ सोशल मीडिया पर फैंस और फिल्मी सितारे उन्हें बधाई दे रहे थे, वहीं बुधवार सुबह एक ऐसी खबर सामने आई जिसने हर किसी को सन्न कर दिया। भंसाली को मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

निराश्रित पशुओं, गायों की दुर्घटना से यातायात बाधित होने का मुद्दा विधानसभा में उठा

पशुपालन मंत्री लखन पटेल ने विधानसभा को बताया

निराश्रित गायों के लिए हर स्तर पर काम अगले दो वर्ष में इसका 'परिणाम' दिखेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र विधानसभा में बुधवार को कांग्रेस के वरिष्ठ सदस्य अजय सिंह ने निराश्रित पशुओं की वजह से प्रदेश भर में किसानों की फसलें नष्ट होने, यातायात बाधित होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से निराश्रित गायों की वजह से सड़कों पर आए दिन दुघर्टनाएं हो रही हैं, सड़कों पर गायों की मौत हो रही है। यह चिंता का विषय है। इस मुद्दे पर कई सदस्यों ने चिंता जाहिर करते हुए तत्काल इस पर कदम उठाने की मांग की। पशुपालन मंत्री लखन पटेल ने कहा कि निराश्रित गायों के लिए हर स्तर पर काम शुरू है। काम बड़ा है, इसलिए अगले दो वर्ष में इसका परिणाम देखने को मिलने लगेगा। इस पर व्यवस्था देते हुए विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा किगोशालाओं को अब प्रोफेशनल बनाना अत्यंत जरूरी है।

स्पीकर तोमर ने कहा कि यह विषय किसी एक पक्ष का नहीं हो सकता। इसलिए, समस्या की तह तक हमें जाना चाहिए। गोशालाओं से आय होने लगे तो गायों का संरक्षण होता रहेगा

कांग्रेस विधायक अजय सिंह ने कहा-करीब 10 लाख निराश्रित पशु सड़कों पर घूम रहे

फाइल फोटो

स्पीकर ने कहा- गोशालाओं को अब प्रोफेशनल बनाना अत्यंत जरूरी है इसके लिए प्रयोग किया जाना चाहिए

अध्यक्ष ने विभागीय मंत्री से भी कहा कि आपने जो प्रयोग किया है वह ठीक दिशा में आगे बढ़ रहा है

कुल 3040 गोशालाएं संचालित

लखन पटेल

पशुपालन मंत्री लखन पटेल ने जवाब में कहा कि निराश्रित गो वंश का व्यवस्थापन ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा नगरीय क्षेत्र में नगरीय प्रशासन विभाग करता है। इन विभागों की ओर से

अजय सिंह

निराश्रित पशुओं की समस्या विकराल रूप ले चुकी

कांग्रेस सदस्य सिंह ने कहा कि निराश्रित पशुओं की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। पशुपालन विभाग की ओर से करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी करीब 10 लाख निराश्रित पशु सड़कों पर घूम रहे हैं। इससे फसलें नष्ट हो रही है। उन्होंने कहा कि नेशनल हाईवे सहित सड़कों पर

इस समस्या से सभी का संवेदनात्मक लगाव : पटेल

इस मुद्दे पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद पटेल ने कहा कि इस समस्या से सभी का संवेदनात्मक लगाव है। सरकार की जिम्मेदारी का परिणाम है कि राज्य में गोशालाओं का काम तेज गति से शुरू है। राजेंद्र पांडे ने कहा कि सरकार गो माता के लिए कदम उठा रही है। कैलाश कुशवाहा ने कहा कि सड़कों पर एक्सीडेंट होते हैं। गंभीर विषय है।

प्रह्लाद पटेल

पार्टी के बहाने ले गए थे होटल

दोस्तों ने बीयर पिलाकर बेसुध कर डाला.... फिर गैंगरेप किया

एक आरोपी धरा गया दूसरा फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

यहां 23 साल की युवती से गैंगरेप का मामला सामने आया है। युवती ने बताया कि आरोपी युवक पार्टी करने के बहाने अलका टॉकीज के पास अंबर होटल ले गए। वहां उसे बीयर पिलाई। नशे की हालत का फायदा उठाकर दोनों ने बारी-बारी से रेप किया। कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। दूसरा फरार है। मामले में मंगलवार को केस दर्ज किया गया है। घटना की जानकारी युवती की एक परिचित को लगी तो वह होटल पहुंची। युवती को अपने साथ कोतवाली थाने ले गई। उस समय युवती अत्यधिक नशे में थी, जिसके कारण पुलिस उसका बयान दर्ज नहीं कर सकी। प्राथमिक इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

डीपफेक वीडियो से एक लाख की ठगी

10वीं के छात्र को चाकू मारते दिखाया, कहा- हमें पैसे नहीं दोगे तो इसे मार डालेंगे

और, छात्र तो दोस्त के साथ सांवरिया सेठ मंदिर गया हुआ था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

थाने में परिजन शिकायत दर्ज करवाते हुए

यहां 10वीं के छात्र का डीप फेक वीडियो बनाकर मां-पिता से 1 लाख से ज्यादा की ठगी की। ठगों ने मां-पिता को फोन कर धमकाया। बच्चे को चाकू मारते हुए दिखाया। ठगों ने कहा कि तुम्हारे बेटे की किडनैपिंग हुई है। पैसे नहीं दोगे तो मार डालेंगे। छात्र की मां ने बताया कि उनका बच्चा घर से स्कूल जाने के लिए निकलता था, लेकिन बंक मार देता था। इसे लेकर फटकार लगाई थी।

बोले- विरोधी ताकतों ने ब्रेनवॉश किया

50 से ज्यादा किन्नरों ने अपनाया हिंदू धर्म, ताप्ती में किया शुद्धिकरण

धमकी और लालच देकर बदला जाता था धर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

बैतूल जिले की पवित्र ताप्ती नगरी मुलताई में बुधवार को किन्नर अखाड़े द्वारा घर वापसी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के अलग-अलग जिलों से आए 50 से अधिक किन्नरों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ वापस हिंदू धर्म में प्रवेश किया।

वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुद्धिकरण

सभी ने आरोप लगाया कि सनातन विरोधी ताकतों द्वारा किन्नरों का ब्रेनवाश कर उनका धर्म बदला जा रहा था। शुरुआत मां ताप्ती के उद्गम तीर्थ क्षेत्र के सातों कुंडों में स्नान के साथ हुई।

इंदौर में बीआरटीएस रिमूवल पर हाईकोर्ट नाराज

कलेक्टर और निगमायुक्त की कोर्ट में 11 मार्च को होगी हाजिरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

शहर के बीआरटीएस रिमूवल और ट्रैफिक जनहित याचिकाओं पर इंदौर हाईकोर्ट के खंडपीठ में बुधवार को सुनवाई हुई। इसमें फिर बेंच ने हैरानी जताई कि भोपाल में एकदम से रैलिंग हट गई लेकिन इंदौर में क्या हो रहा है। नगर निगम के पास इतना स्टाफ है, इसके बाद भी मामला लटक रहा है। इंदौर हाईकोर्ट ने सख्त मॉनिटरिंग का निर्देश दिया है। कलेक्टर इंदौर और निगमायुक्त को 11 मार्च को कोर्ट में उपस्थित होने के लिए कहा है। नगर निगम की तरफ से कहा है कि बस स्टैंड रिमूव करने, रैलिंग हटाने के लिए टेंडर कर दिए हैं। इसके लिए 8 एजेंसी को वर्क आर्डर 20 फरवरी को जारी कर दिया है। अप्रैल अंत तक सब काम हो जाएगा ।

फाइल फोटो

1.31 करोड़ के नोटों से सजा उज्जैन का शिव मंदिर

बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव का अनोखा श्रृंगार

उज्जैन। जिले के बड़नगर स्थित बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि मेले के दौरान भगवान शिव का अनोखा श्रृंगार किया गया है। करीब 1 करोड़ 31 लाख रुपए के नोटों से भगवान शिव और मंदिर को सजाया गया है। मंदिर में नोटों की माला, मुकुट और लड़ियां आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं, जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

कर्मचारी का वेतन रोका...पीडब्ल्यूडी के एसडीओ की कार कुर्क

विभाग ने 36 लाख का वेतन-एरियर नहीं दिया कोर्ट ने कंप्यूटर, कुर्सियां और पंखे जब्त किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

गुना में जिला कोर्ट की एक टीम ने पीडब्ल्यूडी ऑफिस में कुर्की की कार्रवाई की। पीडब्ल्यूडी ने क्लर्क कौशल किशोर राठौर को सैलरी नहीं दी थी। हाई कोर्ट के आदेश के बाद जिला कोर्ट की टीम ने एसडीओ की कार से लेकर ऑफिस के कंप्यूटर, कुर्सियां और पंखे तक सब कुछ सीज कर दिया। पीडब्ल्यूडी से 30 दिसंबर 2025 को रिटायर हुए क्लर्क कौशल किशोर राठौर ने बताया कि विभाग ने उन्हें उनके पद के अनुरूप वेतन नहीं दिया था। इस खिलाफ उन्होंने लोअर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। लोअर कोर्ट से पक्ष में फैसला आया। इसके खिलाफ विभाग ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई। हाईकोर्ट से भी क्लर्क कौशल किशोर को जीत मिली। कोर्ट ने पद के मुताबिक सैलरी देने का ऑर्डर दिया, लेकिन लोक निर्माण विभाग हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया।

हाईकोर्ट में लगाई अवमानना याचिका वसूली के आदेश

सामान की जब्ती करते हुए

फैसले की आड़: भारत ने अपने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को अनुचित तरीके से सब्सिडी दी

अमेरिका ने भारत के साथ खेला 'डर्टी गेम', सोलर इंपोर्ट पर लगाया 126% टैक्स, बौखलाए हुए हैं ट्रंप

भारतीय कंपनियां अपने उत्पादों को अमेरिकी बाजार में घरेलू निर्माताओं की तुलना में काफी कम कीमत पर बेच रही हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस समय बौखला गए हैं। ट्रंप प्रशासन ने भारत समेत कई देशों के सोलर इंपोर्ट पर टैक्स लगा दिया है। अमेरिका ने भारत से होने वाले सौर आयात पर 126% का प्रारंभिक शुल्क लगाया है। यह फैसला इसके बाद लिया गया है कि भारत ने अपने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को अनुचित तरीके से सब्सिडी दी थी। ट्रंप प्रशासन का यह भी कहना है कि यह कदम अमेरिकी घरेलू निर्माताओं की सुरक्षा के लिए उठाया गया है।

15 फीसदी से अलग होंगे ये शुल्क

ये शुल्क ट्रंप के उन व्यापक वैश्विक टैरिफ से अलग होंगे, जिन्हें पिछले सप्ताह अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया था। इसके जवाब में, ट्रंप ने नए 10% टैरिफ जारी किए हैं, जिसे उन्होंने बढ़ाकर 15% करने की धमकी दी है।

6 जुलाई का आएगा अंतिम फैसला

कई डेवलपर्स का मानना है कि सस्ते आयात पर रोक लगने से सोलर प्रोजेक्ट्स की लागत बढ़ेगी, जिससे अमेरिका के नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों को झटका लग सकता है। 6 जुलाई 2026 को अलायंस फॉर अमेरिकन सोलर मैन्युफैक्चरिंग एंड ट्रेड की जांच पर अमेरिकी वाणिज्य विभाग का अंतिम निर्णय आएगा।

मैं नहीं होता तो पाकिस्तान के साढ़े 3 करोड़ लोगों के साथ पीएम शहबाज मारे जाते: ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन में अंतरराष्ट्रीय कूटनीति को लेकर कई सनसनीखेज दावे किए हैं। मंगलवार रात राष्ट्र को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा कि उनके हस्तक्षेप के कारण ही भारत और पाकिस्तान के बीच एक विनाशकारी परमाणु युद्ध टल सका। उन्होंने दावा किया कि यदि वे बीच में न आते, तो इस संघर्ष में लगभग 3.5 करोड़ लोगों के साथ पीएम शहबाज शरीफ भी मारे जाते।

ट्रंप बोले- यह अमेरिका का स्वर्णकाल, महंगाई पर अंकुश लगा, अर्थव्यवस्था मजबूत

ट्रंप ने कहा कि हमने टैरिफ से बहुत ज्यादा रकम इकट्ठा की है। लेकिन हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने दुर्भाग्यपूर्ण फैसला देकर टैरिफ को खत्म कर दिया। लेकिन राष्ट्रपति की शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए नई डील की हैं, जिनसे देश में पैसा आता रहेगा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में मध्यावधि चुनाव से ठीक पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार रात अपने दूसरे कार्यकाल का पहला आधिकारिक स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन अमेरिकी कैपिटल के हाउस चैंबर में किया। इस दौरान उन्होंने अपने एक साल के शासन की उपलब्धियां गिनाईं। भावी नीतियां और योजनाओं को साझा किया। उन्होंने कहा कि आज रात सिर्फ एक साल बाद मैं पूरे सम्मान और गर्व के साथ कह सकता हूं कि हमने ऐसा बदलाव किया है जैसा पहले कभी किसी ने नहीं देखा, और यह एक ऐसा बदलाव है जो सदियों के लिए है। हम कभी भी उस जगह वापस नहीं जाएंगे जहां हम कुछ समय पहले थे। उन्होंने कहा कि यह देश का स्वर्णकाल है। अब से पहले इतना बेहतर कभी नहीं हुआ। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका की स्वतंत्रता को 250 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। दुनिया में कोई भी देश अमेरिका जैसा नहीं है। इस दौरान डेमोक्रेट सांसदों ने ट्रंप के भाषण के विरोध में सदन से वॉकआउट किया। इसके जवाब में रिपब्लिकन सांसदों ने नारेबाजी की।

डेमोक्रेट सांसदों ने ट्रंप के भाषण के विरोध में सदन से वॉकआउट किया

ट्रंप ने संसद में पहले साल की गिनाई उपलब्धियां

अपराध घटा है

राष्ट्रपति ने कहा कि एक साल में पूरा देश बदल गया है। इससे पहले ऐसा किसी ने नहीं किया है। देश में अपराध कम हुआ है। हमारे दुश्मन घबराए हुए हैं। हमारी सेना और पुलिस पहले से कहीं ज्यादा मजबूत हैं। आज हमारी सीमाएं इतिहास में सबसे ज्यादा सुरक्षित हैं। बीते 9 महीने में एक भी अवैध घुसपैठ की घटना नहीं हुई है। हालांकि कानूनी तौर पर आने वाले लोगों का अमेरिका में स्वागत है। ट्रंप ने कहा कि देश में खतरनाक फेंटानिल ड्रग की आमद में 56 प्रतिशत की कमी आई है। देश में हत्या दर में भी ऐतिहासिक तौर पर कमी आई है और यह 125 साल में सबसे कम है।

टैरिफ के दम पर हमने कई देशों के साथ ट्रेड डील की

ट्रंप ने कहा हम टैरिफ से अरबों डॉलर लेकर आए। हमने उन टैरिफ के दम पर विभिन्न देशों के साथ ट्रेड डील की। और ये देश भी डील से खुश हैं। हमने टैरिफ से बहुत ज्यादा रकम इकट्ठा की है।

खबर संक्षेप

भारतीयों के लिए ब्रिटेन में ई वीजा अनिवार्य

लंदन। ब्रिटेन में बुधवार से लागू हुए नए नियमों के तहत एक डिजिटल पारगमन प्रणाली शुरू हो रही है, जिसमें भारतीय यात्रियों के लिए अनिवार्य ई-वीजा और बिना वीजा वाले आगंतुकों के लिए इलेक्ट्रॉनिक यात्रा अनुमति (ईटीए) लेना शामिल है। इसके तहत नयी प्रक्रिया कागज आधारित वीजा 'स्टिकर' की जगह लेगी। हालांकि, नई प्रणाली में बायोमेट्रिक पंजीकरण के लिए आवेदन केंद्र पर व्यक्तिगत रूप से जाना आवश्यक होगा, इससे प्रक्रिया अवधि के दौरान पासपोर्ट दस्तावेज छोड़ कर जाने की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी।

जांच के लिए श्रीलंका के पूर्व खुफिया प्रमुख अरेस्ट

कोलंबो। श्रीलंका के पूर्व राज्य खुफिया सेवा प्रमुख सुरेश सैली को 2019 के ईस्टर बम धमाकों की जांच के सिलसिले में बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। सैली को पुलिस के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने कोलंबो के उपनगर पेलियागोड़ा में उस समय हिरासत में लिया, जब वह एक गैर-सरकारी संगठन में काम करने जा रहे थे। उनकी गिरफ्तारी 2019 के ईस्टर संडे धमाकों से जुड़ी है। साल 2019 में ईस्टर पर कोलंबो के गिरजाघरों और पांच सितारा होटलों में हुए हमलों में 11 भारतीयों सहित 270 लोगों की मौत हुई थी।

ब्राजील में भयावह बाढ़ से 25 लोगों की मौत

जुइज डी फोरा। दक्षिण-पूर्व ब्राजील में आई भयंकर बाढ़ में कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई है और मिनास गैरेस राज्य में दर्जनों लोग लापता हैं। रियो डी जेनेरियो से लगभग 310 किलोमीटर उत्तर में जुइज डी फोरा और उबा शहरों में सोमवार को मूसलाधार बारिश शुरू हुई, जिससे लगभग 440 लोगों को अपने घर छोड़कर दूसरी जगहों पर जाना पड़ा। अधिकारियों ने लोगों को उन इलाकों से दूर रहने की चेतावनी दी है जहां भूस्खलन का खतरा हो सकता है। इस इलाके में और बारिश होने की आशंका है।

दो दिवसीय राजकीय यात्रा इजराइल-भारत के बीच स्थायी संबंधों को करेगी और मजबूत

पीएम बोले- नवाचार, कृषि, जल प्रबंधन, तकनीक रक्षा और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग को देंगे मजबूती

आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम मोदी ने कहा कि यह राजकीय यात्रा दोनों देशों के बीच स्थायी संबंधों को और मजबूत करेगी व रणनीतिक साझेदारी के लिए नए लक्ष्य निर्धारित करेगी। भारत और इजरायल के बीच एक मजबूत और कई तरह के रणनीतिक संबंध है, जिसमें हाल के सालों में जबरदस्त वृद्धि और तेजी देखी गई है

पीएम नरेंद्र मोदी बुधवार को अपने दो दिवसीय दौरे पर इजराइल पहुंचें। पीएम नरेंद्र मोदी का इजराइल पहुंचने पर भव्य राजकीय स्वागत किया गया। एयरपोर्ट पर इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा नेतन्याहू ने खुद मौजूद रहकर पीएम मोदी की अगवानी की। नेतन्याहू ने गर्मजोशी से गले लगकर मोदी का स्वागत किया, जो दोनों नेताओं के बीच गहरी निजी दोस्ती और भारत-इजराइल के मजबूत होते रणनीतिक रिश्तों को दर्शाता है। इजराइल दौरे पर रवाना होने से पहले पीएम मोदी ने कहा कि यह राजकीय यात्रा दोनों देशों के बीच स्थायी संबंधों को और मजबूत करेगी व रणनीतिक साझेदारी के लिए नए लक्ष्य निर्धारित करेगी। भारत और इजरायल के बीच एक मजबूत और कई तरह के रणनीतिक संबंध है, जिसमें हाल के सालों में जबरदस्त वृद्धि और तेजी देखी गई है। पीएम नेतन्याहू के साथ बातचीत का उद्देश्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी, नवाचार, कृषि, जल प्रबंधन, तकनीक, रक्षा और सुरक्षा, व्यापार एवं निवेश के ही लोगों के बीच संबंधों समेत अलग-अलग क्षेत्रों में हमारे सहयोग को और मजबूत करना है। हम आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान करेंगे।

पीएम नरेंद्र मोदी और इजराइल पीएम बेंजामिन नेतन्याहू

पीएम नेतन्याहू का हेक्सागॉन अलायंस

कट्टरपंथी दुश्मनों से निपटने की रणनीति

बीते कुछ दिनों से भारत-इजराइल के बीच अलग-अलग क्षेत्रों में सहयोग को लेकर चर्चाएं बढ़ी हैं। इनमें एक मुद्दा- 'हेक्सागॉन ऑफ अलायंस' (षटकोण गठबंधन) का भी है। हेक्सागॉन ऑफ अलायंस इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की ओर से पेश किया गया रणनीतिक ढांचा है, जिसमें छह देशों को शामिल करने का प्रस्ताव रखा गया है। यह गठबंधन पश्चिम एशिया और उसके आसपास के क्षेत्रों में आर्थिक, राजनयिक और सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने के इरादे से प्रस्तावित किया गया है। इसका मकसद ईरान के नेतृत्व वाली 'कट्टरपंथी शिया धुरी' और एक 'उभरती हुए कट्टरपंथी सुन्नी धुरी' जैसे विरोधियों का सामूहिक रूप से मुकाबला करना होगा। नेतन्याहू ने कहा कि यह गठबंधन उन देशों का एक समूह होगा, जो क्षेत्र में पैदा हो रही सच्चाई और चुनौतियों को आंख से आंख मिलाकर जवाब दे सकते हैं। यह गठबंधन मुख्य रूप से तीन आधार पर केंद्रित होगा आर्थिक सहयोग, राजनयिक तालमेल और सुरक्षा समन्वय। इसे भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) के दृष्टिकोण की तरह का ही देखा जा रहा है, जो कि कनेक्टिविटी और आर्थिक विकास को बढ़ावा देता है। नेतन्याहू ने कहा कि भारत-इजराइल की जो मौजूदा धुरी है, वही कट्टरपंथी दुश्मनों से निपटने के लिए हेक्सागॉन ऑफ अलायंस का हिस्सा बनेगी।

पीएम के दौरे का एजेंडा

भारत को मिलेगा आयरन बीम, ब्रह्मोस से तेज मिसाइल, ट्रेड डील पर होगी चर्चा

- ***रक्षा और सुरक्षा:*** *पीएम मोदी के इजराइल दौरे के सबसे अहम बिंदु रक्षा और सुरक्षा पर होने वाले समझौते होंगे। भारत इस क्षेत्र में हथियार खरीद से लेकर उन्नत तकनीक हासिल करने पर जोर दे सकता है। इस दौरे पर 2026 के लिए 8.6 अरब डॉलर के हथियार सौदों को मंजूरी मिल सकती है, जिसमें अत्याधुनिक लेजर-आधारित आयरन बीम शामिल है। साथ ही गोल्डन होराइजन एयर-लॉन्च बैलिस्टिक मिसाइल पर भी चर्चा हो सकती है। संयुक्त परियोजनाएं: एंटी-बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणाली, निर्देशित-ऊर्जा लेजर हथियारों, लंबी दूरी की मिसाइलों और नेक्स्ट-जेनरेशन ड्रोन के संयुक्त विकास पर विचार-विमर्श होने की संभावना है।*
- ***प्रौद्योगिकी और नवाचार:*** *दोनों नेताओं के बीच एआई, क्वांटम कंप्यूटिंग और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर अहम चर्चा होगी। इजराइली सरकार ने भारत के साथ सहयोग बढ़ाने के लिए चार करोड़ डॉलर की योजना को मंजूरी दी है। इसके तहत भारत में 10 नए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इसके अलावा टेलीमेडिसिन और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में भी संयुक्त कार्यक्रम शुरू होंगे।*
- ***व्यापार और अर्थव्यवस्था:*** *मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए): दोनों देश वर्तमान में मुक्त व्यापार समझौते को लेकर बातचीत कर रहे हैं और इस वर्ष इसके पूरा होने की उम्मीद है। माना जा रहा है कि पीएम मोदी और उनके इजराइली समकक्ष इसकी आधारभूत शर्तें तय करेंगे।*
- ***निवेश और बुनियादी ढांचा:*** *इजराइल भारतीय इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनियों को अपने देश में निर्माण और निवेश करने के लिए न्योता दे रहा है। पिछले साल सितंबर में दोनों देशों ने निवेशकों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक नई द्विपक्षीय निवेश संधि पर भी हस्ताक्षर किए थे।*
- ***आर्थिक गलियारा:*** *भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) को आगे बढ़ाने को लेकर भी मोदी-नेतन्याहू के बीच चर्चा होने की संभावना है। इसमें इजराइल भी एक अहम हिस्सेदार है।*

भारत-इजराइल के बीच बैठक

सीमा पार आतंकवाद की कड़ी निंदा की, समन्वित कार्रवाई पर दिया जोर

एजेंसी ▶▶

भारत और इजराइल ने आतंकवाद और आतंकी संगठनों के साथ-साथ उनके प्रतिनिधियों, समर्थकों, प्रायोजकों, वित्तपोषकों और मददगारों से निपटने में सहयोग करने की प्रतिबद्धता दोहराई है। नई दिल्ली में आयोजित भारत-इजराइल संयुक्त कार्यसमूह-जेडब्ल्यूजी की आतंकरोधी 10वीं बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने आतंकवाद के सभी प्रारूपों और अभिव्यक्तियों की कड़ी निंदा की।

इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए लगातार व्यापक और समन्वित कार्रवाई की आवश्यकता है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्रालय में आतंकरोधी मामलों के संयुक्त सचिव डॉ. विनोद बहादे ने किया। दोनों देशों ने द्विपक्षीय ढांचों के तहत प्रशिक्षण, साइबर सुरक्षा, सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान और सूचना विनिमय के माध्यम से सहयोग बढ़ाने के तौर-तरीकों पर भी चर्चा की। उन्होंने पारस्परिक कानूनी सहायता सहित कानून प्रवर्तन और न्यायिक सहयोग को मजबूत करने पर भी चर्चा की। आतंकरोधी संयुक्त कार्य-समूह की अगली बैठक इजराइल में आयोजित की जाएगी।

एआई के बढ़ते उपयोग पर जताई चिंता

इजराइली पक्ष का नेतृत्व वहां के विदेश मंत्रालय में सामरिक मामलों के ब्यूरो प्रमुख नादव एस्चर ने किया। उन्होंने दोनों देशों में हुए आतंकवादी हमलों की कड़ी निंदा की और इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी और तत्काल कार्रवाई करने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने आतंकवादियों की भर्ती, आतंकी उद्देश्यों के लिए प्रौद्योगिकी का दुरुपयोग, आतंकवाद वित्तपोषण जैसी पारंपरिक और उभरती चुनौतियों की समीक्षा की तथा आतंकी गतिविधियों के लिए मानवरहित हवाई वाहनों, ड्रोन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता-एआई के बढ़ते उपयोग पर चिंता जताई। दोनों पक्षों ने भारत-इजराइल रणनीतिक साझेदारी की भावना और इसके व्यापक दायरे पर भी प्रकाश डाला।

'द यरूशलम पोस्ट' की सुर्खी: भारत-इजराइल रिश्तों में नया अध्याय

इजराइल दौरे के दौरान 'द यरूशलम पोस्ट' के फर्स्ट पेज में बुधवार के अंक में भारत और इजराइल के रिश्तों को एक नए दौर में प्रवेश करते हुए दिखाया गया है। अखबार में 'दो प्राचीन राष्ट्रों ने एक नया अध्याय शुरू किया' शीर्षक के साथ पीएम नरेंद्र मोदी के इजराइल दौरे को ऐतिहासिक और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बताया गया है। इजराइल लंबे समय से भारत को एक महत्वपूर्ण मित्र के रूप में देखता रहा है।

कहा- मैंने कुछ गलत नहीं किया, न देखा

गेट्स ने फाउंडेशन के अधिकारियों से एपस्टीन से संबंधों को लेकर माफी मांगी

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने दोषी ठहराए जा चुके यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के साथ अपने संबंधों को लेकर गेट्स फाउंडेशन के कर्मचारियों से माफी मांगी है, लेकिन उन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया। उन्होंने एपस्टीन के अपराधों में भाग नहीं लिया। गेट्स ने एक बैठक में स्वीकार किया कि उनके दो रूसी महिलाओं के साथ संबंध थे, जिनका पता बाद में एपस्टीन को चला, लेकिन उनका एपस्टीन की पीड़ितों से कोई लेना-देना नहीं था। गेट्स ने कहा कि मैंने कुछ भी अवैध नहीं किया। मैंने कुछ भी अवैध नहीं देखा। उन्होंने कहा कि ये तस्वीरें उन दोनों की मुलाकात के बाद एपस्टीन के कहने पर उसकी सहयोगियों के साथ खिचवाई गयी थीं। गेट्स ने कहा कि स्पष्ट रूप से कहूं तो, मैंने कभी पीड़ितों, यानी उनके आसपास की महिलाओं के साथ समय नहीं बिताया। उन्होंने कहा कि एपस्टीन के साथ समय बिताना मेरी बड़ी गलती थी।

टेलीग्राम फाउंडर डुरोव ने किया खुलासा

रूस में उन पर लगे आतंकवाद के आरोपों की जांच शुरू, बैन किया जा सकता है एप

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

टेलीग्राम मैसेजिंग एप के फाउंडर पावेल डुरोव ने मंगलवार को बताया कि रूसी सरकार ने उनके खिलाफ आपराधिक जांच शुरू कर दी है। उन पर आतंकवाद में मदद करने का गंभीर आरोप लगाया गया है। डुरोव का जन्म रूस में ही हुआ था और उन्होंने अपना करियर भी वहीं से शुरू किया था।

उन्होंने मॉस्को पर आरोप लगाया कि सरकार प्राइवेसी और बोलने की आजादी को दबाना चाहती है। डुरोव का कहना है कि रूसी नागरिकों की टेलीग्राम तक पहुंच रोकने के लिए सरकार बहाने बना रही है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, यह एक ऐसे देश का दुखद नजारा है जो अपने ही लोगों से डरता है।

बता दें, रूस की संचार संस्था 'रोसकोम्नाडजोर' ने टेलीग्राम पर रूसी कानूनों को न मानने का आरोप लगाते हुए एप को बैन करने की बात कही थी। इस फैसले से रूस में लोगों का गुस्सा भड़क गया है। हालांकि, रूसी अधिकारी इसे सुरक्षा के लिए खतरा बता रहे हैं।

जयपुर के गणेश मंदिर में 'फाग उत्सव' की धूम

जयपुर। बुधवार को जयपुर के मोती डूंगरी गणेश जी मंदिर में 'फाग उत्सव' के दौरान प्रार्थना कर रहे श्रद्धालुओं पर पुजारी ने फूलों की पंखुड़ियां बरसाईं। मोती डूंगरी गणेश मंदिर का इतिहास 1761 ईस्वी से जुड़ा है। जब सेठ जय राम पालीवाल ने इसे बनवाया था। मान्यता है कि मेवाड़ के राजा माधव सिंह प्रथम, जो गणेश के भक्त थे, जब उदयपुर से मूर्ति ला रहे थे, तब बैलगाड़ी मोती डूंगरी की तलहटी में रुक गई, और वहीं मंदिर की स्थापना की गई। जहाँ आज भी लाल रंग की, दाईं सूंड वाली गणेश प्रतिमा है, जिसे करीब 750-900 साल पुराना माना जाता है।

परमाणु निरस्त्रीकरण सम्मेलन में भारत की अपील

विदेश सचिव विक्रम मिसरी बोले

हथियारों की नई दौड़ रोके दुनिया वैश्विक सुरक्षा पर सबका हो ध्यान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने दुनिया में बढ़ती अस्थिरता और हथियारों की नई रेस को रोकने की जरूरत पर जोर दिया है। जिनेवा में निरस्त्रीकरण सम्मेलन को संबोधित करते हुए भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि आज के दौर में सुरक्षा का माहौल बहुत अनिश्चित है। सैन्य खर्च बढ़ रहा है और पुराने हथियार नियंत्रण समझौते कमजोर पड़ रहे हैं। नई तकनीक से सैन्य क्षमताएं तो बढ़ रही हैं, लेकिन इससे नए खतरे भी पैदा हो रहे हैं। उन्होंने मांग की कि संयुक्त राष्ट्र को इन तकनीकों के सुरक्षा पर पड़ने वाले असर की जांच करनी चाहिए।

विक्रम मिसरी

भारत 'नो-फर्स्ट यूज' नीति का पालन कर रहा

विदेश सचिव ने 'न्यू स्टार्ट' संधि के खत्म होने को वैश्विक हथियार नियंत्रण के लिए एक बड़ा झटका बताया। उन्होंने कहा कि दुनिया की सुरक्षा के लिए रणनीतिक स्थिरता बनाए रखना अब पहले से कहीं ज्यादा जरूरी है। भारत एक जिम्मेदार परमाणु शक्ति संपन्न देश है। भारत अपनी परमाणु नीति के तहत भरोसेमंद न्यूनतम प्रतिरोध बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत 'नो-फर्स्ट यूज' (परमाणु हथियार का पहले इस्तेमाल न करना) की नीति का पालन करता है। साथ ही, भारत उन देशों के खिलाफ परमाणु हथियार इस्तेमाल नहीं करेगा जिनके पास ये हथियार नहीं हैं।

एआई के इस्तेमाल में निगरानी बहुत जरूरी

उन्होंने कहा कि सेना में एआई का इस्तेमाल जिम्मेदारी से होना चाहिए। इसमें इंसानी फैसला और निगरानी बहुत जरूरी है ताकि अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन हो सके। मिसरी ने परमाणु निरस्त्रीकरण के लिए एक चरणबद्ध और भेदभाव रहित तरीके की वकालत की। उन्होंने कहा कि भारत ऐसी व्यवस्था चाहता है जिसे पूरी दुनिया माने और जिसकी सही तरीके से जांच हो सके।

संसद को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर दी ईरान को चेतावनी

आतंक पोषित देश के पास नहीं रहने देंगे परमाणु हथियार

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल का पहला आधिकारिक 'स्टेट ऑफ द यूनियन' संबोधन किया। इस दौरान उन्होंने ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमले का भी जिक्र किया। मिडनाइट हैमर ऑपरेशन के जरिए ईरान को चेतावनी दी गई।

ट्रंप ने ईरान पर 32 हजार प्रदर्शनकारियों की हत्या करने का आरोप लगाया। ट्रंप ने कहा कि मैं ईरान के साथ संघर्ष नहीं चाहता और कूटनीति के जरिए इसे सुलझाना चाहता हूं, लेकिन मैं ये नहीं चाहता कि आतंकवाद का पोषक देश के पास परमाणु हथियार हो। ट्रंप ने कहा कि ताकत से ही शांति आ सकती है। ट्रंप ने अमेरिकी सेना का रक्षा बजट बढ़ाने का भी जिक्र किया। आज देश की सेना में बड़े पैमाने पर भर्तियां हो रही हैं।

दोनों देशों के पास साझा हित हासिल करने का मौका

डोनाल्ड ट्रंप

अब्बास अराघची

ईरानी विदेश मंत्री बोले- हमें भी शांति की उम्मीद

अमेरिका की सैन्य तैयारियों और बयानबाजी के बीच ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा है कि ईरान अमेरिका के साथ जल्द से जल्द एक न्यायसंगत और बराबरी वाला समझौता करना चाहता है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के पास एक ऐतिहासिक मौका है, जिससे आपसी चिंताओं को दूर किया जा सके और साझा हितों को हासिल किया जा सके। उन्होंने कहा कि अगर कूटनीति को प्राथमिकता दी जाए तो डील हो सकती है। अराघची ने यह बात सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखी।

ईरान परमाणु हथियार नहीं बनाएगा

अराघची ने कहा कि हमारे बुनियादी यकीन बिल्कुल साफ हैं, ईरान किसी भी हालत में कभी भी परमाणु हथियार नहीं बनाएगा, न ही हम ईरानी अपने लोगों के लिए शांतिपूर्ण परमाणु तकनीक के फायदों का इस्तेमाल करने के अपने अधिकार को कभी छोड़ेंगे। अराघची ने कहा कि पिछले राउंड में बनी समझ के आधार पर, ईरान जिनेवा में अमेरिका के साथ बातचीत फिर से शुरू करेगा, इस पक्के इरादे के साथ कि वह कम से कम समय में एक सही और बराबर डील करेगा। दोनों देश पहले भी दो चरणों में बातचीत कर चुके हैं।

सीआईए ने मुखबिरों को मदद की पेशकश की

अमेरिकी केंद्रीय खुफिया एजेंसी (सीआईए) ने मंगलवार को ईरान में संभावित मुखबिरों को मदद की पेशकश की और सुरक्षित रूप से संपर्क करने के तरीकों के बारे में फारसी भाषा में निर्देश दिए। फारसी, कोरियाई, रूसी और मंदारिन भाषाओं में भेजे गए भर्ती संदेशों की श्रृंखला में यह हालिया पोस्ट है जिनमें सीआईए से संपर्क करने के सुरक्षित तरीके बताए गए हैं। मंगलवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स', इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर पोस्ट किया गया फारसी भाषा का यह संदेश ऐसे समय में आया है जब अमेरिका-ईरान संबंध बेहद तनावपूर्ण हैं और ईरान की सरकार को देश में नए विरोध प्रदर्शनों का सामना करना पड़ रहा है।

चिंतन

उथल-पुथल के बीच नरेंद्र मोदी दिखाएंगे कूटनीतिक संतुलन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को इजरायल के दो दिनी दौरे पर पहुंचे। यह दौरा ऐसे समय पर हो रहा है, जब मध्य-पूर्व व पश्चिम एशिया में भारी उथल-पुथल है। अमेरिकी युद्धपोत ईरान को घेरे हुए हैं और ईरान भी शक्ति प्रदर्शन का कोई मौका छोड़ नहीं रहा है। ऐसे हालात में प्रधानमंत्री की नौ साल में दूसरी इजरायल यात्रा चर्चा का विषय बनी हुई है। देश में विपक्ष, खासकर कांग्रेस इस यात्रा को लेकर हमलावर है। 2014 में मोदी के सत्ता में आने के बाद से ही भारत ने इजरायल और अरब देशों के साथ अपने संबंधों को रिसेट किया है। अब भारत की नीति हर देश के साथ द्विपक्षीय हितों और साझेदारियों पर केंद्रित है। हमारे फिलस्तीन और ईरान के साथ भी अच्छे रिश्ते हैं। भारत आतंकवाद से पीड़ित है और वह दुनिया में होने वाली ऐसी हर घटना के खिलाफ रहा है। भारत ने जहां इजरायल पर हमास के हमले का विरोध किया, वहीं वह गाजा में मानवीय सहायता को तेज करने का भी हिमायती रहा है। इसलिए प्रधानमंत्री की यह यात्रा न तो किसी देश के खिलाफ है और न ही किसी के समर्थन में। यह यात्रा द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के साथ ही साझा हितों को लेकर है। इस दो दिन की यात्रा में रक्षा और सुरक्षा, श्रम और व्यापार, एआई और प्रौद्योगिकी तथा आईएमईसी परियोजना के तहत कनेक्टिविटी एजेंडा में शीर्ष पर होंगे। इसके बावजूद मोदी और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच होने वाली बैठकों के परिणाम केवल द्विपक्षीय समझौतों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि उनके प्रतीकात्मक महत्व और पश्चिम एशिया क्षेत्र को दिए जाने वाले संदेश भी इसमें शामिल होंगे। इस यात्रा के दौरान अधिकांश निर्धारित कार्यक्रमों में दोनों नेता साथ दिखाई देंगे। नेतन्याहू ने बुधवार को तेल अवीव हवाई अड्डे पर मोदी का खुद स्वागत किया और उन्हें यरुशलम की यात्रा पर ले गए। गुरुवार को द्विपक्षीय वार्ता और प्रेस वक्तव्यों के अलावा, वे निजी रात्रिभोज, एक नवाचार कार्यक्रम, यद वाशेम होलोकॉस्ट स्मारक संग्रहालय का दौरा और संभवतः इजराइल में बसे प्रवासी समुदाय से मुलाकात करेंगे, जिसे वहां बसे भारतीय-यहूदी समुदाय के साथ संवाद के रूप में प्रस्तुत किया गया है। मोदी ने इजरायली संसद को भी संबोधित किया । इस यात्रा में मोदी को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान पर हमले की धमकियों के बीच सावधानीपूर्वक कूटनीतिक संतुलन साधना होगा, खासकर ऐसे समय में जब पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य जमावड़ा बढ़ रहा है और प्रमुख ठिकानों से कर्मियों की वापसी हो रही है। हालांकि गुरुवार को ईरान-अमेरिका वार्ता के चलते इस सप्ताह हमले की संभावना कम दिखती है, फिर भी यह याद रखना चाहिए कि जून 2025 में ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमले वार्ता जारी रहने के बावजूद हुए थे। ईरान में भारतीय नागरिकों को देश छोड़ने की सलाह से जुड़े सवालों पर विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने सोमवार को कहा था कि यदि ईरान पर बमबारी होती है तो प्रधानमंत्री की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। हालांकि, नई दिल्ली को उस कूटनीतिक छवि पर भी विचार करना होगा, जिसमें ईरान और इजराइल के बीच तनाव के दौरान मोदी व नेतन्याहू साथ खड़े दिखाई देंगे। दोनों नेताओं के बीच वार्ता इसलिए भी महत्वपूर्ण होगी क्योंकि गाजा पट्टी के पुनर्निर्माण, प्रशासन और शांति स्थापना के लिए अमेरिका की "बोर्ड ऑफ पीस" योजना पर चर्चा चल रही है और भारत ने इसमें एक पर्यवेक्षक के रूप में भाग लेने का निर्णय लिया है।

प्रहार
कांतिलाल मांडोत

आतंक के खिलाफ नई राष्ट्रीय ढाल

'प्रहार' केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि आतंकवाद के विरुद्ध भारत की समग्र सोच का प्रतिबिंब है। इसमें सुरक्षा, तकनीक, सामाजिक जागरूकता, कानूनी संतुलन और अंतरराष्ट्रीय सहयोग का समावेश है। यदि इसे प्रभावी ढंग से लागू किया गया, केंद्र और राज्य एजेंसियों के बीच वास्तविक समन्वय स्थापित हुआ और समाज की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई तो निश्चित रूप से आतंकवाद की घटनाओं में और कमी लाई जा सकती है। यह नीति भारत की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने के साथ-साथ युवाओं को भटकाव से बचाने और राष्ट्र को स्थिर, सुरक्षित और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है।

केंद्र सरकार द्वारा जारी की गई पहली राष्ट्रीय आतंकवाद रोधी नीति 'प्रहार' भारत की आंतरिक सुरक्षा रणनीति में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर मानी जा रही है। आज़ादी के 78 वर्ष बाद एक समग्र, लिखित और स्पष्ट आतंकवाद विरोधी नीति का आना इस बात का संकेत है कि सरकार अब प्रतिक्रियात्मक नहीं, बल्कि सक्रिय और पूर्व-निवारक दृष्टिकोण अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। लंबे समय से सुरक्षा विशेषज्ञ यह सवाल उठाते रहे थे कि जिस देश ने दशकों तक सीमा पार प्रायोजित आतंकवाद, अलगाववाद और वैश्विक आतंकी नेटवर्क की चुनौतियों का सामना किया है, उसके पास एक औपचारिक राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी नीति क्यों नहीं है।

अब 'प्रहार' के माध्यम से केंद्र ने इस कमी को दूर करने का प्रयास किया है। इस नीति का मूल आधार 'जीरो टॉलरेंस' यानी आतंकवाद के प्रति शून्य सहनशीलता है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि आतंकवाद को किसी धर्म, जाति या समुदाय से नहीं जोड़ा जाएगा, बल्कि इसे केवल राष्ट्र-विरोधी हिंसक कृत्य के रूप में देखा जाएगा। यह दृष्टिकोण महत्वपूर्ण है क्योंकि आतंकवाद की चुनौती केवल सुरक्षा का प्रश्न नहीं है, बल्कि सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता से भी जुड़ी हुई है। जब नीति यह स्पष्ट करती है कि आतंकवाद किसी विशेष पहचान से संबद्ध नहीं है तो वह कट्टरपंथ की जड़ों को कमजोर करने की दिशा में भी काम करती है। 'प्रहार' की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह हमले के बाद की कार्रवाई से अधिक हमले से पहले रोकथाम पर केंद्रित है। यह बदलाव बेहद महत्वपूर्ण है। पारंपरिक सुरक्षा मॉडल अक्सर किसी हमले के बाद जांच, गिरफ्तारी और दंड पर केंद्रित होते थे, लेकिन नई नीति में खुफिया तंत्र को सुदृढ़ कर संभावित हमलों को पहले ही विफल करने पर जोर दिया गया है। मल्टी एजेंसी सेंटर के माध्यम से केंद्र और राज्यों के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान को तेज और प्रभावी बनाने का प्रयास इसी सोच का हिस्सा है। यदि विभिन्न एजेंसियों के पास मौजूद सूचनाएं समय रहते साझा हों और उन पर त्वरित कार्रवाई हो, तो कई बड़ी घटनाओं को रोका जा सकता है। नीति में अल-कायदा और आइएसआइएस जैसे वैश्विक आतंकी संगठनों से खतरे का उल्लेख यह दर्शाता है कि भारत अपनी सुरक्षा को केवल घरेलू संदर्भ में नहीं देख रहा, बल्कि वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भी आकलन कर रहा है। अल कायदा और आईएसआईएस जैसे संगठन डिजिटल माध्यमों से युवाओं को प्रभावित करने और उन्हें कट्टरपंथ की ओर धकेलने की रणनीति अपनाते रहे हैं। ऐसे में नीति का डिजिटल प्लेटफॉर्म, सोशल मीडिया, एन्क्रिप्शन, डार्क वेब और क्रिप्टो करेंसी के दुरुपयोग पर ध्यान देना समय की मांग है। आज आतंकवाद केवल बंदूक और बम तक सीमित नहीं है; यह साइबर हमलों, ड्रोन तकनीक, फेक न्यूज और ऑनलाइन भर्ती के रूप में भी सामने आ रहा है। ड्रोन हमलों और साइबर अटैक जैसी नई चुनौतियों का उल्लेख इस नीति को आधुनिक बनाता है। सीमाओं पर ड्रोन के माध्यम से हथियार और मादक पदार्थ गिराने की घटनाएं पिछले वर्षों में सामने आई हैं। साइबर हमलों के जरिए महत्वपूर्ण डिजिटल अवसंरचना को निशाना बनाया जा सकता है। रासायनिक, जैविक या परमाणु हमलों की आशंका भले ही कम हो, लेकिन उनका

प्रभाव विनाशकारी हो सकता है। इसलिए नीति में इन सभी संभावित खतरों के प्रति तैयारी और सतर्कता पर जोर दिया गया है। इससे यह स्पष्ट होता है कि 'प्रहार' केवल वर्तमान खतरों तक सीमित नहीं है, बल्कि भविष्य की चुनौतियों को भी ध्यान में रखती है। आतंकी संगठनों और संगठित अपराध गिरोहों के गठजोड़ पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। कई बार आतंकवादी गतिविधियों के लिए धन की व्यवस्था हवाला, मादक पदार्थों की तस्करी या अन्य आपराधिक गतिविधियों से की जाती है। यदि इन फंडिंग चैनलों को तोड़ा जाए और ओवरग्राउंड वर्कर्स के नेटवर्क को खत्म किया जाए तो आतंकवाद की जड़ों को कमजोर किया जा सकता है। नीति में इस दिशा में कठोर कदम उठाने की बात कही गई है। इससे आतंकवाद के आर्थिक स्रोतों पर चोट पहुंचेगी। भारत जैसे संघीय ढांचे वाले देश में कानून-व्यवस्था मुख्यतः राज्य का विषय है, जबकि राष्ट्रीय सुरक्षा में केंद्र की भूमिका प्रमुख होती है। यदि दोनों स्तरों पर समन्वय में कमी हो, तो सुरक्षा व्यवस्था कमजोर पड़ सकती है। 'प्रहार' में राज्यों की एटीएस और आतंकवाद रोधी इकाइयों की क्षमता बढ़ाने, प्रशिक्षण, आधुनिकीकरण और तकनीकी संसाधनों के विस्तार पर जोर दिया गया है। इससे पूरे देश में एक समान और मजबूत आतंकवाद रोधी ढांचा तैयार किया जा सकेगा। नीति में मानवाधिकारों और कानून के शासन को बनाए रखने की बात भी महत्वपूर्ण है। आतंकवाद से लड़ाई में कठोरता आवश्यक है, लेकिन कानून की सीमाओं के भीतर रहकर ही कार्रवाई होनी चाहिए। आरोपी को न्यायिक प्रक्रिया और अपील का अधिकार देना लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करता है। इससे सुरक्षा और स्वतंत्रता के बीच संतुलन कायम रहता है। यह संदेश भी जाता है कि भारत आतंकवाद से लड़ते हुए भी अपने संवैधानिक सिद्धांतों से समझौता नहीं करेगा।

कट्टरपंथ को रोकने के लिए युवाओं की समय रहते पहचान और परामर्श की व्यवस्था, जेलों में उग्र विचारधारा के प्रसार को रोकने के उपाय तथा शिक्षा और रोजगार के माध्यम से सामाजिक कमजोरियों को दूर करने की सोच नीति को केवल सुरक्षा दस्तावेज नहीं, बल्कि सामाजिक सुधार का माध्यम भी बनाती है। यदि युवा कट्टरपंथ की ओर आकर्षित ही न हों तो आतंकवादी संगठनों की भर्ती प्रक्रिया कमजोर पड़ जाएगी। इस दृष्टि से 'प्रहार' सामाजिक भागीदारी और पुनर्वास पर भी जोर देती है। अंतरराष्ट्रीय सहयोग की बात इस नीति को वैश्विक आयाम देती है। अन्य देशों के साथ सूचना साझा करना, प्रत्यर्पण समझौते और संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों पर आतंकियों को नामित कराने के प्रयास भारत की कूटनीतिक सक्रियता को दर्शाते हैं। आतंकवाद आज सीमा-रहित चुनौती बन चुका है, इसलिए उसका समाधान भी वैश्विक सहयोग से ही संभव है। 2004-14 की तुलना में 2014-25 के बीच घटनाओं और हताहतों की संख्या में गिरावट दर्ज की गई है। यह प्रवृत्ति बताती है कि सुरक्षा तंत्र ने कुछ हद तक प्रभावी काम किया है। कुल मिलाकर, 'प्रहार' केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि आतंकवाद के विरुद्ध भारत की समग्र सोच का प्रतिबिंब है। इसमें सुरक्षा, तकनीक, सामाजिक जागरूकता, कानूनी संतुलन और अंतरराष्ट्रीय सहयोग का समावेश है। यदि इसे प्रभावी ढंग से लागू किया गया, केंद्र और राज्य एजेंसियों के बीच वास्तविक समन्वय स्थापित हुआ, और समाज की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई तो निश्चित रूप से आतंकवाद की घटनाओं में और कमी लाई जा सकती है। यह नीति भारत की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने के साथ-साथ युवाओं को भटकाव से बचाने और राष्ट्र को स्थिर, सुरक्षित और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष

आचार्य दीप चन्द भारद्वाज

प्रखर राष्ट्रभक्त क्रांतिवीर थे विनायक दामोदर सावरकर

विनायक दामोदर सावरकर एक प्रमुख भारतीय क्रांतिकारी, स्वतंत्रता सेनानी, लेखक, कवि, वकील तथा प्रखर राष्ट्रभक्त नेता थे। इनका जन्म 28 मई 1883 को महाराष्ट्र के नासिक जिले के भागपुर गांव में मध्यवर्गीय परिवार में हुआ था। सावरकर बाल्यकाल से ही उत्कृष्ट प्रतिभा के धनी थे। स्कूली शिक्षा के दौरान ही उनका साहित्य के क्षेत्र में पदार्पण हो गया था। दस वर्ष की आयु में ही उनकी कविताएं प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में प्रकाशित होने लगी थी। ब्रिटिश सरकार से स्वतंत्रता के उद्देश्य से सावरकर ने वर्ष 1899 में मात्र 16 वर्ष की आयु में मित्र मेला नामक संगठन का गठन किया। बाद में संगठन का नाम बदलकर अभिनव भारत रख दिया गया। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान सावरकर लाला लाजपत राय, बाल गंगाधर तिलक, विपिन चंद्र जैसे कट्टरपंथी राजनीतिक नेताओं से प्रेरित थे।

उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण करने के बाद पुणे के फर्ग्यूसन कॉलेज में दाखिला लिया और कला स्नातक की डिग्री हासिल की इसके बाद वह कानून की पढ़ाई करने के लिए इंग्लैंड गए। इंग्लैंड जाकर भी इस राष्ट्रभक्त

ने भारतीय छात्रों को स्वाधीनता हेतु प्रेरित किया और 1906 में फ्री इंडिया सोसाइटी की स्थापना की, जिसका उद्देश्य ब्रिटिश सरकार को उखाड़ना था। वर्ष 1909 में वीर सावरकर को मिंटो मार्ले रिफार्म के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह की साजिश रचने के आरोप में वारंट जारी किया गया। वर्ष 1910 में क्रांतिकारी समूह इंडिया हाउस के साथ संबंधों के लिए उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद उन्हें ब्रिटिश सरकार द्वारा 50 वर्ष की जेल की कठोर सजा सुनाई गई। 4 जुलाई 1911 को सावरकर को अंडमान निकोबार द्वीप सेल्यूलर जेल ले जाया गया। 27 वर्ष की आयु में सावरकर को दो बार काले पानी की सजा सुनाई गई थी। अंग्रेज सावरकर को दिनभर कोल्हू में बैल की जगह हांकते, तेल पिसवाते, रस्सी बंटवाते। इन समस्त यातनाओं को सहते हुए भी सावरकर जेल में कैदियों के भीतर राष्ट्र भक्ति की भावनाएं सुदृढ़ करते रहे। जेल की दीवारों पर इन्होंने कील और पत्थरों से 6000 राष्ट्रभक्ति से उत्प्रोत कविताएं लिख दी थी। भीषण अमानवीय यातनाओं के दौर को झेलते हुए वे जेल में बंद कैदियों को समझाते थे कि - 'धीरज रखो, एक दिन आएगा, जब यह जगह तीर्थ स्थल बन जाएगी। आज भले ही हमारा पूरे विश्व में मजाक बन रहा हो, एक समय ऐसा होगा, जब लोग कहेंगे कि देखो, इन्हीं काल कोठरियों में हिंदुस्तानी कैदी बंद थे। उन्हीं कैदियों की यहां प्रतिमाएं होंगी'। ये कलम और दिमाग दोनों से अंग्रेजों से लड़ने वाले क्रांतिकारी थे। सावरकर पहले इतिहासकार थे, जिन्होंने 1857 की लड़ाई को प्रथम स्वाधीनता संग्राम कहा था। सावरकर ने ही यह साबित किया था कि यह सैनिक विद्रोह नहीं प्रथम स्वाधीनता संग्राम था। उसने सभी अमर बलिदानियों की गाथा जन-जन तक पहुंचाई। भगत सिंह जैसे क्रांतिकारियों ने भी सावरकर द्वारा रचित प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 पुस्तक से प्रेरणा प्राप्त की। दुनिया में ऐसी कौन सी पुस्तक है जिसे प्रकाशन से पहले ही प्रतिबंधित किया गया हो। अंग्रेज सावरकर की इस पुस्तक से इतने भयभीत थे कि उन्होंने हर एक प्रयास किया, ताकि यह पुस्तक भारत तक न पहुंच सके। और जब सावरकर की यह पुस्तक क्रांतिकारियों में पहुंची तो क्रांति की ज्वाला में घी की आहुति पड़ गई। वर्ष 1924 में जेल से रिहा होने के बाद सावरकर समाज सुधार कार्य में लग गए। यह हिंदुत्व के प्रखर चिंतक थे। सावरकर जातिवाद के घोर विरोधी थे। रत्नागिरी में इन्होंने पतित पावन मंदिर की स्थापना की और छुआछूत मिटाने का कार्य किया। इनका संपूर्ण जीवन भारतीय स्वाधीनता एवं हिंदुत्व को समर्पित रहा। सावरकर ने 1937 में अखिल भारतीय हिंदू महासभा के अध्यक्ष बनकर हिंदुओं की सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित किया था। सावरकर को ओजस्वी वक्ता के रूप में भी जाना जाता है, अपने समर्थकों पर उनकी अमिट छाप थी। सावरकर ने दृढ़ता पूर्वक यह कहा था कि भारत एक हिंदू राष्ट्र है और जो एक रक्त में बंधे हैं।

इनका चिंतन था कि हमारी सभ्यता और संस्कृति के आदर्श प्रत्येक भारतवासी के लिए वंदनीय हैं। सावरकर ने अपनी युवावस्था भारतीय स्वाधीनता हेतु सेलुलर जेल की काल कोठरी में कठोर अमानवीय यातनाएं सहकर मृत्यु पर्यंत भारतीय हिंदू संस्कृति के उद्धार हेतु कार्य किया। 26 फरवरी 1966 को मुंबई में इस महान देशभक्त ने अंतिम श्वास ली। निडर स्वतंत्रता सेनानी एवं हिंदुत्व के सूत्रधार सावरकर का संपूर्ण जीवन मातृभूमि को समर्पित रहा।

(लेखक आध्यात्मिक चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

जन्म व मृत्यु के उपरांत समाप्त होती है यात्रा

संकलित
दर्शन

शरीर में समाहित ऊर्जापुंज को आत्मा कहा गया है। यह आत्मा अनंत ऊर्जा अर्थात परमात्मा का एक अति सूक्ष्म अंशमात्र है। भौतिक जगत में रहते हुए यह भौतिक शरीर एक यात्री के सदृश होता है। शरीर के जन्म के साथ ही यात्रा प्रारंभ होती है एवं मृत्यु के उपरांत समाप्त हो जाती है। अर्थात भौतिक शरीर के लिए जीवन एक यात्रा के समतुल्य है। जन्म के साथ ही ऊर्जापुंज अर्थात आत्मा भौतिक शरीर से संयुक्त होकर उसकी यात्रा में सहयात्री की भूमिका का निर्वहन करने लगता है एवं मरणोपरांत स्वयं को यात्रा से अलग कर लेता है। यह कहा जा सकता है कि भौतिक शरीर की यात्रा का आदि और अंत स्पष्टतः ज्ञात होता है, परंतु ऊर्जापुंज जिसे आत्मा कहकर संबोधित किया जाता है, अपनी यात्रा के आदि और अंत से सर्वथा अपरिचित होता है। आत्मा की यात्रा कब और क्यों प्रारंभ हुई तथा कब और क्यों पूर्ण होगी? इन प्रश्नों का हल आज भी एक चुनौती के रूप में खड़ा है। ऊर्जापुंज अगणित भौतिक शरीरों की भौतिक यात्रा में सहयात्री की भूमिका को निभाता हुआ अपनी अनंत दिव्ययात्र को जारी रखता है। अर्थात आत्मा की इस अलौकिक यात्रा में अनंत लौकिक यात्राएं शामिल होती हैं। इस अलौकिक यात्रा के संबंध में केवल इतना ही कहा जा सकता है कि यह यात्रा अनंत से प्रारंभ होकर अनंत पर ही पूर्ण होगी, किंतु अनंत को परिभाषित करना भी असंभव है। अनंत को अज्ञात का पर्याय माना जा सकता है।

जीवन में ईश्वर की दया ही है सब

संकलित
प्रेरणा

एक बार एक अमीर सेठ के यहाँ एक नौकर काम करता था, अमीर सेठ अपने नौकर से तो बहुत खुश था, लेकिन जब भी कोई कटु अनुभव होता तो वह भगवान को अनाप शनाप कहता और बहुत कोसता था। एक दिन वह अमीर सेठ ककड़ी खा रहा था, संयोग से वह ककड़ी कच्ची और कड़वी थी। सेठ ने वह ककड़ी अपने नौकर को दे दी। नौकर ने उसे बड़े चाव से खाया जैसे वह बहुत स्वादिष्ट हो। अमीर सेठ ने पूछाः ककड़ी तो बहुत कड़वी थी, भला तुम ऐसे कैसे खा गये? नौकर बोलाः आप मेरे मालिक है, रोज ही स्वादिष्ट भोजन देते है, अगर एक दिन कुछ बेस्वाद या कड़वा भी दे दिया तो उसे स्वीकार करने में भला क्या हर्ज है? अमीर सेठ अपनी भूल समझ गया, अगर ईश्वर ने इतनी सुख-सम्पदाएँ दी है, और कभी कोई कटु अनुदान या सामान्य मुसीबत दे भी दे तो उसकी सद्भावना पर संदेह करना ठीक नहीं।

असल में यदि हम समझ सकें तो जीवन में जो कुछ भी होता है, सब ईश्वर की दया ही है। ईश्वर जो करता है अच्छे के लिए ही करता है। हम केवल जीवन में अच्छे व उजले पक्ष को ही देखते हैं। हमें सुख, आराम पसंद है, पर दुख व कष्ट के क्षण आते ही हमारा मन विचलित होने लगता है। जीवन में सुख और दुख दोनों ही पल होते हैं।

सटाका

आज की पाती

आखिर क्यों नहीं रुक रहे हवाई हादसे

हाल ही में रांची से दिल्ली एयर एंबुलेंस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुखद समाचार ने हमें एक बार फिर से सोचने पर मजबूर कर दिया कि आखिर क्यों नहीं रुक रहे एयरप्लेन हादसे। इस दुखद हादसे से यह तो साफ जाहिर है कि इनसान विज्ञान के क्षेत्र में अपने आपको बेशक तीस मार खां समझता हो, लेकिन विज्ञान के क्षेत्र में इनसान अभी भी अधूरा नजर आता है। अगर ऐसा नहीं होता तो इस अभागे विमान की तकनीकी खराबी का पहले पता लगाया जा सकता था या फिर इस विमान में अचानक खराबी कैसे आ गई? विमान बनाने वाली कंपनियां ऐसी तकनीक क्यों तैयार नहीं कर पाई है कि अगर कोई तकनीकी खराबी आती है तो मानव जिंदगियों को बचाया जा सके।

- संजय सचदेव, धमतरी

ट्रेंड

भारत माता का अपमान

मैं आपको पूरे विश्वास के साथ कह रहा हूं कि कृषि समझौते भारत के किसानों के हित में हैं। कुछ लोग गलतफहमी फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। एआई कॉन्फ्रेंस में जाकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कपड़े उतारे। ये भारत माता का अपमान है।

-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री

कांग्रेस की कार्यशैली

सत्ता की लालसा में राष्ट्रहित से समझौता करना कांग्रेस की पीढ़ीगत कार्यशैली रही है। आज भी इनके नेता देश और विदेशी धरती पर जाकर भारत की साख को धूमिल करने तथा दुश्मन देशों से मदद की गुहार लगाने में संकोच नहीं करते।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

सच्चाई जनता को बताएं

निवेश के नए आंकड़े देने से पहले पुराने समझौतों की सच्चाई जनता को बताइए। यूपी की भाजपा सरकार ने दिखाए तो करोड़ों के एमओयू लेकिन ज़मीन पर इनके बनाये हवाई अड्डों की तरह कुछ भी नहीं उतरा।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

तकनीकी इस्तेमाल

अगर चीन रोबोट का इस्तेमाल कचरा इकट्ठा करने, सीवर साफ करने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को नियंत्रित करने के लिए कर सकता है, तो हम क्यों नहीं? आइए, तकनीकी विशेषज्ञों, इस चुनौती को स्वीकार करें - कचरे को धन में बदलें और एक स्वच्छ और हरा-भरा शहर बनाएं।

- किरण मजूमदार, उद्यमी

करंट अफेयर

टेलीग्राम ऐप के संस्थापक पावेल के खिलाफ जांच शुरू

टेलीग्राम ऐप के संस्थापक पावेल डुरोव ने मंगलवार को दावा किया कि रूस की सरकार ने उनके खिलाफ /"आतंकवादी गतिविधियों में सहायता करने/" के आरोप में आपराधिक जांच शुरू की है। रूस में जन्मे और इसी देश में अपना कॅरियर शुरू करने वाले डुरोव ने मॉस्को पर आरोप लगाया कि वह टेलीग्राम तक रूसी नागरिकों की पहुंच सीमित करने के लिए मनगढ़ंत बहाने बना रहा है। रूसी मीडिया में इससे पहले अपुष्ट खबरें आई थीं कि रूस की संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसबी) ने डुरोव के खिलाफ आपराधिक जांच शुरू कर दी है। यह घटनाक्रम उस बयान के दो सप्ताह बाद सामने आया है जब रूस के संचार नियामक रोसकॉमनादजोर ने टेलीग्राम पर प्रतिबंधात्मक कदम उठाने की घोषणा की थी और इस ऐप पर रूसी कानूनों का पालन न करने का आरोप लगाया था। टेलीग्राम पर कार्रवाई के फैसले से देश में असामान्य सार्वजनिक विरोध देखने को मिला। यहां तक कि क्रेमलिन समर्थित कई सैन्य ब्लॉग लेखकों ने भी इसकी आलोचना की और चेतावनी दी कि यूक्रेन में लड़ रहे रूसी सैनिकों के बीच टेलीग्राम व्यापक रूप से इस्तेमाल होता है, ऐसे में इसकी सेवाओं में बाधा सैन्य संचार को प्रभावित कर सकती है। इसके बावजूद रूसी अधिकारी टेलीग्राम को सुरक्षा के लिए जोखिम बताते आ रहे हैं।

ऑफ बीट

पढ़े-लिखे व विज्ञान समर्थकों का भी अंधविश्वास पर भरोसा

बचपन में हममें से कई लोगों को बताया जाता है कि बाल गीले होने पर बाहर निकलने से सर्दी लग जाती है। बड़े होने पर भी हम बाहर जाने से पहले बाल अच्छी तरह सुखाने में अतिरिक्त समय लगा देते हैं। अंग्रेजी भाषी देशों में कई ऊंची इमारतों में 13वीं मंजिल को अंकित नहीं किया जाता, जबकि पूर्वी एशिया में अक्सर चौथी मंजिल को छोड़ दिया जाता है। यदि जिस खिलाड़ी का मैं समर्थन करता हूं और वह लगातार जीत रहा हो तथा कोई कमेंटेटर उसका जिक्र कर दे, तो मुझे लगता है कि अब अपशगुन हो जाएगा और उसकी जीत का सिलसिला टूट जाएगा। ये सब अंधविश्वास और पारंपरिक मान्यताएं हैं। विज्ञान के प्रति जागरूक समाज होने के बावजूद ये मान्यताएं कायम रहती हैं। सवाल यह है कि ऐसा क्यों होता है और क्या इसमें कोई नुकसान है? ऐसी कई मान्यताओं की जड़ें पुराने चिकित्सा और सांस्कृतिक विश्वासों में हैं। प्राचीन यूनानी और चीनी चिकित्सा में स्वास्थ्य को शरीर और पर्यावरण के संतुलन से जोड़ा जाता था। तापमान को बीमारी का कारण माना जाता था। आज विज्ञान स्पष्ट करता है कि सर्दी-जुकाम का मुख्य कारण वायरस है। हालांकि कुछ शोध बताते हैं कि ठंड में शरीर वायरस के प्रति थोड़ा अधिक संवेदनशील हो सकता है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि गीले बाल ही बीमारी का कारण बनते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

30 दिन में हाईकोर्ट बार के खाते में राशि जमा करने के निर्देश

न्यायालयीन प्रक्रिया के दुरुपयोग पर हाईकोर्ट सख्त पांच हजार रुपये जुर्माने के साथ याचिका निरस्त

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने न्यायालयीन प्रक्रिया का दुरुपयोग करने के मामले को गंभीरता से लिया है। जस्टिस विवेक जैन की सिंगल बेंच ने कहा कि याचिकाकर्ता की गवाही पूरी होने के डेढ़ वर्ष से अधिक समय बाद गवाही में बदलाव करने का आवेदन पेश किया गया था। ऐसा करना न्यायालय की प्रक्रिया का दुरुपयोग और प्रोबेट कार्यवाही के निराकरण में देरी करने का प्रयास है। इस मत के साथ कोर्ट ने याचिकाकर्ता सुमन श्रीवास्तव पर पांच हजार रुपये जुर्माने के साथ याचिका निरस्त कर दी। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को 30 दिन के भीतर यह

राशि हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के खाते में जमा कराने के निर्देश दिए।

दरअसल, जबलपुर निवासी सुमन श्रीवास्तव ने संपत्ति विवाद से जुड़े एक मामले में ट्रायल कोर्ट में अपनी गवाही के पुनः बयान कराने के लिए एक आवेदन पेश किया था। ट्रायल कोर्ट ने उक्त आवेदन खारिज कर दिया, इसलिए हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई। मामले पर सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता और याचिकाकर्ता का पुत्र एडवोकेट अंकित श्रीवास्तव हाजिर हुए। याचिकाकर्ता का बयान जुलाई 2024 में पूरा हुआ और उसने अपने बयान में वसीयत के निष्पादन से संबंधित प्रोबेट आवेदन में किए गए दावों के पक्ष में बयान दिया। इसके बाद याचिकाकर्ता ने ट्रायल कोर्ट के समक्ष एक आवेदन पेश कर गवाह के रूप में दोबारा पेश करने का अनुरोध दिसंबर, 2025 में प्रस्तुत किया था। याचिकाकर्ता ने ट्रायल कोर्ट के पीठासीन न्यायाधीश पर आरोप लगाया था कि न्यायाधीश ने बयान के उस हिस्से को टाइप नहीं कराया, जिसमें जनवरी, 2020 में आवेदक पर बंदूकें तानी गई थीं, उसने ऐसा बयान दिया था। हाई कोर्ट ने दलीलों को अस्वीकार करते हुए याचिका निरस्त कर दी। पूर्व में भी जिला न्यायाधीश द्वारा सुमन श्रीवास्तव और अंकित श्रीवास्तव पर न्यायाधीश वर्ग पर अनर्गल टिप्पणी करने और झूठे आरोप लगाने पर दो हजार रुपये का जुर्माना लगाया था।

10 मार्च तक जेल रिमांड, दमोह-भोपाल से बनवाए थे फर्जी पासपोर्ट

अफगानी घुसपैठियों को एटीएस ने कोर्ट में किया पेश

जबलपुर। जबलपुर में फर्जी पासपोर्ट मामले में एटीएस द्वारा पकड़े गए पांच अफगानियों को बुधवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से सभी को 10 मार्च तक जेल रिमांड पर भेज दिया गया है। एटीएस की टीम ने इन्हे कोलकाता से तीन दिन पहले गिरफ्तार किया था। इसके बाद जबलपुर लेकर आए थे। एटीएस के अधिकारियों द्वारा अफगानी घुसपैठियों को पूछताछ के लिए दो दिन की कोर्ट से रिमांड ली थी। इसके बाद आरोपितों को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट के समक्ष एटीएस ने दलील दी थी कि देश के लिए यह बहुत ही चिंता का विषय है कि विदेशी नागरिक अवैध रूप से भारत में आकर रहना और पासपोर्ट बनवाना खतरे का संकेत हो सकता है। कोर्ट को यह भी बताया गया कि पूछताछ के दौरान यह जानने की कोशिश की गई है कि फर्जी दस्तावेज कहां-कहां से और किसकी मदद से बनवाए गए हैं। एटीएस अधिकारियों द्वारा की जा रही जांच में यह तथ्य भी सामने आए है कि अफगानी संदेह से बचने के लिए छोटे शहर का उपयोग कर फर्जी दस्तावेज तैयार कर पासपोर्ट के लिए आवेदन करते थे। एटीएस की जांच के दायरे में पासपोर्ट विभाग के वो अधिकारी भी आ रहे हैं जिन्होंने फर्जी पासपोर्ट बनाने में इनकी मदद की है।

एमपी एटीएस की टीम ने फर्जी पासपोर्ट मामले में जिया उल रहमान, सुल्तान मोहम्मद, रजा खान, सैयद मोहम्मद व जफर खान को कोलकाता से गिरफ्तार किया है। एटीएस की जांच में सामने आया कि ये सभी 2018-19 में काबुल (अफगानिस्तान) से दिल्ली होते हुए कोलकाता पहुंचे थे। एटीएस की टीम को जांच में पता चला कि सुल्तान मोहम्मद मेडिकल वीजा पर आया था। वहीं अन्य चार अवैध तरीके से भारत में दाखिल हुए थे। पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ है कि अफगान नागरिकों ने भारतीय पासपोर्ट हासिल करने के लिए जबलपुर में रह रहे मास्टरमाइंड सोहबत खान से प्रति व्यक्ति करीब ढाई लाख रुपए में डील की थी। जांच में बचने और किसी की नजर में ना आने के लिए इन लोगों ने दमोह के डाकघर में फर्जी दस्तावेज जमा किए और उसमें गलत पते लिखे, जो जबलपुर शहर के थे। ये पासपोर्ट भोपाल से जारी किए गए थे। आरोपितों ने दस्तावेज में 300 मोतीनाला, तालाब सदर, 410 उपरैनगंज व 870 छोटी ओमती जैसे पते दर्ज कराए, जो वास्तविक नहीं थे। 5 में से 4 पासपोर्ट जारी हो चुके थे, जिसमें से 3 पासपोर्ट एटीएस ने जब्त कर लिए गए हैं। एक पासपोर्ट गलत पते के कारण पासपोर्ट कार्यालय वापस लौट गया था।

एसबीसी ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया से चुनाव के बारे में मांगा मार्गदर्शन

जबलपुर। स्टेट बार काउंसिल ऑफ मध्यप्रदेश का चुनाव कराने के लिए 2 चुनाव अधिकारी नियुक्त होने से असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई है। अब काउंसिल ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया को पत्र लिखकर चुनाव कराने के संबंध में मार्गदर्शन मांगा है। गौरतलब है कि 21 फरवरी 2026 को बीसीआई ने सेवानिवृत्त जस्टिस एनके मोदी को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया था। जस्टिस मोदी ने अधिसूचना जारी कर चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया। इसी बीच सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित चुनाव समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति प्रितिंकर दिवाकर ने रिटायर्ड जस्टिस एसके पालो को रिटर्निंग ऑफीसर नियुक्त कर दिया। चुनाव को लेकर बनी हाई-पॉवर्ड कमेटी के चेयरमैन न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) सुधांशु धूलिया ने स्टेट बार काउंसिल को पत्र भेजकर जस्टिस दिवाकर की समिति को अधिकृत करार दिया। काउंसिल के अध्यक्ष राधेलाल गुप्ता ने बताया कि उक्त विरोधाभास से चुनाव कराने को लेकर दुविधा उत्पन्न हो गई है। उन्होंने बताया कि चूंकि बीसीआई ही स्टेट बार की एपेक्स बॉडी है, इसलिए कार्यकारी सचिव ने बीसीआई को पत्र लिखकर मार्गदर्शन मांगा है।

बाईक में टक्कर मारने के बाद की मारपीट

लार्डगंज और माढ़ोताल में वारदातें, 2 घायल

जबलपुर। लार्डगंज और माढ़ोताल में मारपीट की दो वारदाते सामने आई है। मारपीट की इस वारदातों में दो युवक घायल हो गए हैं। लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ठक्करग्राम हनुमानताल निवासी 43 वर्षीय मोहम्मद शौकत अली गत रात लगभग 8.30 बजे गोलबजार से अपनी मोटर सायकल क्रमांक यूपी 70 ई एक्स 9510 से अपने घर जा रहा था तभी बीजेपी कार्यालय के सामने रानीताल फ्लाई ओवर में सामने से आ रही मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एन जे 2887 ने उसकी मोटरसायकिल में टक्कर मार दी और उसमे सवार तीन लड़कों ने कैसी गाड़ी चला रहे हो कहते हुए उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125(ए), 296(ए), 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी प्रकार माढ़ोताल में ग्राम रैगवा पुलिया के पास रात लगभग 8.30 बजे पैदल अपने घर जा रहे ग्राम रैगवा निवासी 26 वर्षीय मजदूर बबलू बंशल से मोटर सायकिल सवार दो अज्ञात लड़कों ने शराब पीने के लिए रुपए की मांग कर मारपीट की और चाकू से हमलाकर घायल कर दिया। झूमाझपटी के दौरान बबलू बंशल का मोबाइल कही गिर गया। अज्ञात आरोपियों की उम्र लगभग 20 से 25 वर्ष की होगी। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 126(2), 296(ए), 118(1), 119(1), 351(3), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

खाद्य पदार्थों के विक्रय प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर लिये नमूने

जबलपुर। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा होली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुये नमकीन, मिठाई, मावा, पनीर विक्रय प्रतिष्ठानों का बुधवार को भी निरीक्षण किया गया तथा परीक्षण हेतु नमूने लिये गये। निरीक्षण के दौरान रांझी स्थित रजवाड़ी स्वीट्स से गुझिया एवं मावा कतली, नर्मदा डेयरी से मावा एवं पनीर, रामपुर स्थित राजस्थान मिष्ठान्न भण्डार से नमकीन, बेस्ट बंगाल स्वीट्स से खोवा बर्फी एवं बेसन के लड्डू, सत्यनारायण गुजराती नमकीन से नमकीन, कटंगी रोड स्थित ओम बीकानेर मिष्ठान्न भण्डार से खोवा एवं पतीशा, सदर बाजार स्थित बालाजी स्वीट्स से खोवा बर्फी एवं कलाकंद, तिलवारा स्थित कृष्णा स्वीट्स एण्ड नमकीन से मावा बर्फी एवं नारियल बर्फी तथा केक टेडर्स से नमकीन एवं केक के नमूने लिये गये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी के अनुसार निरीक्षण में मौके पर ही दुग्ध उत्पादों मावा, घी, पनीर आदि का प्राथमिक परीक्षण भी किया गया। प्राथमिक परीक्षण में यूरिया, डिटर्जेंट तथा स्टार्च एवं शक्कर की उपस्थिति नहीं पायी गई। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा मिठाई तथा नमकीन आदि के निर्माण तथा संग्रहण की प्रक्रिया में खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के स्वच्छता एवं सुरक्षा प्रावधानों का पालन करने के निर्देश खाद्य पदार्थों के कारोबारियों को दिये गये हैं।

4 महीने के लक्ष्य को 100 दिन में पूरा कर रिकॉर्ड बनाया

मिसाल : विद्युत यूनिट में तकनीकी दक्षता का प्रदर्शन

जबलपुर। विशेषज्ञ एजेंसियों की सलाह अनुसार मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड की जिस यूनिट को वार्षिक रखरखाव के दौरान रोटर में क्रेक टरबाइन के लो-प्रेशर रोटर ग्रूव्स में गंभीर दरार होने और नए रोटर लगाने के लिए लगभग 48 माह लगते, उसी यूनिट को पावर जनरेटिंग कंपनी के इंजीनियरों ने इन-हाउस मरम्मत करके 100 दिन तक लगातार संचालित कर दिया। यहां जिस यूनिट का जिक्र किया जा रहा है वह संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर (एसजीटीपीएस) की 500 मेगावाट क्षमता यूनिट नंबर 5 है। इस यूनिट ने गत दिवस लगातार 100 दिन संचालित होने का रिकार्ड बनाया। यदि यह यूनिट विशेषज्ञ एजेंसीयो की सलाह के आधार नए रोटर लगने तक लगभग चार वर्ष के लिए बंद रहती तो विद्युत उत्पादन का नुकसान होता। इसके अतिरिक्त नए रोटर की खरीद पर अतिरिक्त व्यय भी कंपनी को वहन करना पड़ता। यह स्थिति न केवल आर्थिक दृष्टि से चुनौतीपूर्ण थी, बल्कि राज्य की ऊर्जा आपूर्ति पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती थी।

विशेषज्ञ एजेंसियों ने कहा रोटर को बदलना ही एकमात्र विकल्प-संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर की 500 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 5 को गत वर्ष 10 जुलाई को केपिटल ओवरहालिंग के लिए बंद किया गया था। रखरखाव के दौरान जानकारी मिली कि टरबाइन के लो-प्रेशर (एलपी) रोटर ग्रूव्स में गंभीर दरारें हैं। विस्तृत तकनीकी परीक्षण एवं मूल्यांकन के उपरांत एजेंसीयो के विशेषज्ञों ने रोटर को भविष्य की सेवा के लिए अनुपयुक्त बताते हुए नया रोटर लगाने की अनुशंसा की। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के लिए अपनी किसी यूनिट को इतने लंबे समय तक बंद रखना किसी भी तरह मंजूर नहीं था। यूनिट को बंद रखने से विद्युत उत्पादन का नुकसान होता। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी ने खराब एलपी रोटर को इन-हाउस मरम्मत करने का साहसिक निर्णय लिया रोटर की मरम्मत करके यूनिट को पुनः विद्युत उत्पादन करने के लिए सक्षम बना दिया।

देश में पहली बार यथा स्थान पर सुधारा गया रोटर-यहां यह बताना ज़रूरी हो जाता है कि देश में पहली बार किसी एलपी टरबाइन रोटर की यथा स्थान पर इस तरह की मरम्मत की गई। इस जटिल व मुश्कलि मरम्मत का सफल होना और उसके पश्चात 100 दिनों से यूनिट का एक सा संचालन इस कामयाबी को खास और शानदार बनाता है। उल्लेखनीय है कि यूनिट ने इसके बाद लगभग 1592 मिलियन यूनिट (एमयू) विद्युत उत्पादन करते हुए लगभग 97.97 प्रतिशत प्लांट लोड फेक्टर (पीएलएफ), 98 प्रतिशत प्लांट अवेलेबिलिटी फेक्टर (पीएएफ) और 5.48 प्रतिशत ऑक्जलरी खपत का मापदंड अर्जित किया।

कृषि उपज मंडी के समीप मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

जबलपुर। गोहलपुर थानांतर्गत मनमोहन नगर, कृषि उपज मंडी के पास बुधवार की सुबह एक लगभग 40 वर्षीय व्यक्ति का शव देख मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच की। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में पाया कि मृतक की उम्र लगभग 40 वर्ष है, हालांकि शरीर पर चोट के स्पष्ट निशान नहीं है लिहाजा मौत का तात्कालिक कारण अभी अज्ञात है। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। मृतक की शिनाख्तगी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह स्पष्ट हो पाएगी। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामलें को विवेचना में लिया है।

शहर के सभी बारात घर, होटल, मैरिज लॉन, अस्पताल और व्यापारिक प्रतिष्ठानों के संचालकों से अपील : सही ढंग से टैक्स गणना कराएं और निगम की अप्रिय कार्रवाई से बचें

मां नर्मदा मैरिज गार्डन पर 38 लाख का नोटिस

नगर निगम का सख्त कदम

जबलपुर। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर संभागीय राजस्व टीम ने मां नर्मदा मैरिज गार्डन का औचक निरीक्षण किया। जांच में सामने आया कि संपत्ति का वास्तविक क्षेत्रफल 81,992 वर्गफीट है, जबकि दर्ज केवल 3,120 वर्गफीट क्षेत्र और 5,000 वर्गफीट भूमि था। इसके आधार पर संपत्ति धारक शिव कुमार रघुवंशी को 38,49,121 रुपये जमा करने का नोटिस जारी किया गया। निगमायुक्त ने शहर के सभी बारात घर, होटल, मैरिज लॉन, अस्पताल और व्यापारिक प्रतिष्ठानों के संचालकों से अपील की है कि वे अपने प्रतिष्ठानों की सही ढंग से टैक्स गणना कराएँ और निगम की अप्रिय कार्रवाई से बचें। कार्यवाही में अपर आयुक्त अरविंद शाह, संभागीय अधिकारी पवन श्रीवास्तव, राजस्व निरीक्षक अमित दुबे एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

अतिक्रमण हटाओ अभियान: शिवनगर में 40 अतिक्रमण हटाए

जबलपुर। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में शिवनगर पानी टंकी के पास लगभग 40 अतिक्रमण हटाए गए, जिनमें पक्की दीवार, जाली और टीन शेड शामिल थे। कार्यवाही में अतिक्रमण दल के प्रभारी कुलदीप त्रिपाठी और उनकी टीम मौजूद रही।

5 औद्योगिक इकाइयों को अंतिम नोटिस

अमूल के निर्माणाधीन भवन पर टैक्स न भरने पर रोक

जबलपुर। नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर संभागवार और वार्डवार बकाया कर वसूली की कार्रवाई तेज कर दी गई है। राजस्व विभाग की टीम ने अमूल के निर्माणाधीन भवन पर टैक्स न जमा होने पर तीन दिन का नोटिस जारी कर निर्माण कार्य रोक दिया। इसी क्रम में एम.पी. वेयर हाउस (10 लाख), विकास इलेक्ट्रिकल (2.27 लाख), विजय उद्योग (31.64 लाख), जनताउ पंचगव्य सेन्टर (6.62 लाख) और महाकाल इंडस्ट्री (72 हजार) को बकाया राशि जमा करने के लिए अंतिम नोटिस जारी किया गया है। तीन दिनों के भीतर राशि न जमा होने पर कुर्की, तालाबंदी और नल कनेक्शन काटने जैसी कार्रवाई की जाएगी। कार्यवाही के दौरान संभागीय अधिकारी संतोष अग्रवाल, राजस्व निरीक्षक शिरीष उपाध्याय, सहायक राजस्व निरीक्षक राहुल श्रीवास्तव, नीरज जैन और फायर बिग्रेड की टीम मौजूद रही।

भारत कृषक समाज ने नियामक आयोग में रखा किसानों का पक्ष

सरप्लस बिजली है तो किसानों को निर्बाध आपूर्ति क्यों नहीं

जबलपुर। भारत कृषक समाज ने विद्युत नियामक आयोग द्वारा की गई ऑनलाईन जनसुनवाई के दौरान किसानों का पक्ष दमदारी के साथ रखा गया। भारत कृषक समाज के महाकौशल प्रांत के अध्यक्ष केके अग्रवाल ने दो टूक कहा कि विद्युत सुविधाओं में शहरी एवं ग्रामीण जनों में भेदभाव विद्युत चार्टर का स्पष्ट उल्लंघन हैं। किसानों ने इसे समाप्त किये जाने की भी मांग की। किसानों की समस्याओं के समाधान व उनकी आवश्यकता के अनुरूप गुणवत्ता की विद्युत प्रदाय सुनिश्चित किये बिना विद्युत कम्पनी द्वारा प्रस्तावित विद्युत दर बढ़ोतरी के प्रस्ताव को सिरे से खारिज किये जाने का आयोग से अनुरोध किया गया। किसानों की ओर से किसानों के गैर राजनीतिक, वर्ग विहीन, राष्ट्रीय संगठन भारत कृषक समाज महाकौशल म.प्र. के अध्यक्ष इंजी. केके अग्रवाल ने 11 बिंदुओं की आपत्ति पर विस्तार से किसानों का पक्ष रखते हुए आयोग से कहा की आज भी ग्रामीण क्षेत्र में सुचारु विद्युत प्रदाय व्यवस्था का अभाव हैं। मैदानी अधिकारियों की उदासीनता व लापरवाही के चलते ग्रामीण जन अनेक समस्याओं से जूझ रहे हैं। ट्रांसफार्मर, खम्भे, लाइन की हालत बद से बदतर हैं, वोल्टेज, ट्रिपिंग की समस्या व समय पर सुधार कार्य न होने से किसान बिजली का समुचित उपयोग नही कर पा रहे हैं। कृषि पम्पों के लिए सरकार के 10 घंटे के वायदे के इतर उन्हें अभी भी 5-6 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। कृषि पम्पों के हार्स पावर बढ़ा कर विद्युत बिलों में अचानक अप्रत्याशित वृद्धि, चोरी के फर्जी प्रकरण बनाये जाने तथा उन्हें कई प्रकार से प्रताड़ित व धमकाये जाने का सिलसिला बदस्तूर जारी हैं। श्री अग्रवाल ने कहा कि विडंबना है की नियामक आयोग ने इन शिकायतों को कभी संज्ञान मे नहीं लिया, न ही कोई जाँच की और न हीं विद्युत कम्पनी पर कभी कोई कार्रवाई की, न ही कोई दिशा निर्देश जारी किये गए। नियामक आयोग अपने दायित्वों के निर्वहन मे पीछे क्यों रहा, यह समझ के परे है। ग्रामीण जन दोयम दर्जे का जीवन जीने मजबूर हैं। आयोग से आग्रह किया गया की वे मैदानी क्षेत्र मे विद्युत प्रदाय की स्थिति का आंकलन करने वरिष्ठ अधिकारियों को एक सप्ताह गांव मे रहने का आदेश जारी करें, जिससे दूध का दूध पानी का पानी स्पष्ट हो सके। ऐसे में विद्युत लॉस एवं कम्पनी द्वारा किये जा रहे अपव्यय के भार का ठीकरा उपभोक्ताओं पर थोपना कदापि न्यायोचित नहीं होगा। श्री अग्रवाल ने अन्य प्रांतों का हवाला देते हुए बताया की जब देश के कई प्रांतों में बिजली की दरें मध्यप्रदेश से कम हैं और वहां किसानों को दिन में उच्च गुणवत्ता की पर्याप्त बिजली दी जा सकती है, तो मध्यप्रदेश में क्यों नहीं। जबकी यहाँ सरप्लस में बिजली उपलब्ध हैं। आयोग के समक्ष किसानों की समस्याओं का प्रमाण सहित जोरदारी व विस्तार से प्रस्तुतीकरण कर आग्रह किया गया। कहा गया कि जब तक ग्रामीण क्षेत्र मे आवश्यकतानुसार, गुणवत्ता की बिजली प्रदाय तथा व्यवस्था मे सुधार व उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित नही किया जाता, तब तक विद्युत कम्पनी के दरों मे बढ़ोतरी के प्रस्ताव पर विचार न किया जाए तथा इसे सिरे से ख़ारिज किया जाए। आयोग के समक्ष किसान सेवा संगठन की ओर से जितेंद्र देसी द्वारा भी किसानों का पक्ष रखते हुए कहा गया की ग्रामीण भारत को प्राथमिकता दिये बिना देश समृद्ध नही होगा, उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में मैदानी कर्मचारी व संसाधन बढ़ाने की मांग रखी।

पश्चिम मध्य रेल के सिहोरा कटनी दमोह सागर में होगा ठहराव

जबलपुर–सोगरिया (कोटा) होली स्पेशल ट्रेन का संचालन

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल से गाड़ी संख्या 01707 जबलपुर-सोगरिया (कोटा) के मध्य एक तरफ़ा 01 ट्रिप के लिए होली स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। इस गाड़ी का ठहराव सिहोरा रोड, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, बीना मालखेड़ी जंक्शन, गुना एवं बारां स्टेशनों पर रहेगा। गाड़ी संख्या 01707 जबलपुर से सोगरिया (कोटा) होली स्पेशल ट्रेन का संचालन रविवार 01 मार्च 2026 को एक रतफा जबलपुर स्टेशन से सुबह 09:05 बजे प्रस्थान कर सिहोरा रोड 09:35 बजे, कटनी मुड़वारा 10:45 बजे, दमोह दोपहर 12:30 बजे, सागर 14:00 बजे, बीना मालखेड़ी जंक्शन 15:00 बजे, गुना सायं 17:50 बजे, बारां 19:53 बजे पहुँचकर और रात 21:05 बजे सोगरिया पहुंचेगी। इस होली स्पेशल ट्रेन में 08 सामान्य श्रेणी, 04 शयनयान श्रेणी, 03 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी एवं 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के कोच सहित कुल 19 कोचेस होंगे।

सोगरिया-दानापुर होली स्पेशल ट्रेन- इसी प्रकार पश्चिम मध्य रेल से गाड़ी संख्या 09803/09804 सोगरिया-दानापुर-सोगरिया के मध्य 01-01 ट्रिप के लिए होली स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। इस गाड़ी का ठहराव बारां, सालपुरा, छबड़ा गुगोर, रुठियाई, गुना, अशोक नगर, सागर, दमोह, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा स्टेशनों पर रहेगा।गाड़ी संख्या 09803 सोगरिया से दानापुर होली स्पेशल ट्रेन का संचालन दिनांक 01.03.2026 को सोगरिया (कोटा) स्टेशन से रात्रि 23:10 बजे प्रस्थान कर बारां 23:53 बजे, पहुँचकर अगले दिन सालपुरा मध्यरात्रि 00:28 बजे, छबड़ा गुगोर 00:48 बजे, रुठियाई 01:50 बजे, गुना 02:20 बजे, अशोक नगर 03:05 बजे, सागर 05:35 बजे, दमोह 06:45 बजे, कटनी 08:00 बजे, मैहर 09:40 बजे, सतना 11:00 बजे पहुँचकर और रात्रि 23:45 बजे दानापुर पहुंचेगी।

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में पीएम श्री विद्यालयों की गतिविधियों का मूल्यांकन

पीएम श्री विद्यालय योजना केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल

संयुक्त सचिव अमरप्रीत दुग्गल ने की पीएम श्री विद्यालयों का निरीक्षण और मार्गदर्शन

जबलपुर। जिले के सभी पीएम श्री विद्यालयों में संचालित गतिविधियों की समीक्षा बैठक कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित की गई। कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आहूत इस बैठक में भारत सरकार की संयुक्त सचिव अमरप्रीत सिंह दुग्गल विशेष रूप से उपस्थित थीं।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने जिले में संचालित पीएम श्री विद्यालयों की प्रगति का ब्यौरा प्राप्त किया। बैठक में बताया गया कि जिले के कुल 27 विद्यालय पीएम श्री योजना में चयनित हैं। इनमें सात केंद्रीय विद्यालय, एक नवोदय विद्यालय तथा राज्य शासन के उन्नीस विद्यालय शामिल हैं।कलेक्टर ने योजना के प्रमुख घटकों जैसे "जादू नहीं विज्ञान", आकर्षक विद्यालय प्रवेश द्वार, बैगलेस डे, गणित एवं विज्ञान सर्किल, टीएलएम नवाचार, यूथ क्लब एवं इको क्लब आदि गतिविधियों पर चर्चा करते हुये इनके प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया।बैठक को संबोधित करते हुए संयुक्त सचिव श्रीमती अमरप्रीत सिंह दुग्गल ने कहा कि पीएम श्री विद्यालय योजना केंद्र सरकार की एक महत्वपूर्ण एवं महत्वाकांक्षी पहल है, जिसकी मॉनिटरिंग स्वयं प्रधानमंत्री द्वारा समय-समय पर की जाती है। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी विद्यालयों में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाये तथा शौचालय, विशेषकर बालिका शौचालय, स्वच्छ एवं क्रियाशील अवस्था में रहें। इको क्लबों को मिशन लाइफ से जोड़ते हुए आवश्यक जानकारी निर्धारित प्रारूप में प्रदर्शित की जाये। केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा प्राप्त राशि का पारदर्शिता के साथ सदुपयोग सुनिश्चित किया जाये।श्रीमती दुग्गल ने कहा कि नर्सरी कक्षाओं हेतु "जादू नहीं पिटारा" किट एनसीईआरटी से प्राप्त कर उसका प्रभावी उपयोग किया जाये। इसके साथ ही विद्यालयों में मेंटल हेल्थ काउंसलर एवं करियर काउंसलर की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी उन्होंने जोर दिया।बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक गेहलोत, दिल्ली से शिक्षा विभाग की कंसल्टेंट रेनू रुहिल, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, उपायुक्त केंद्रीय विद्यालय संगठन दिगराज मीणा, डीपीसी योगेश शर्मा, नवोदय विद्यालय के प्राचार्य एस एन मिश्र, जिले के सभी पीएम श्री विद्यालयों के प्राचार्य एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

दो विद्यालयों का किया निरीक्षण

बैठक के पूर्व संयुक्त सचिव श्रीमती अमरप्रीत सिंह दुग्गल ने पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बरगी नगर एवं पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सालीवाड़ा का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में संचालित गतिविधियों का अवलोकन किया तथा कमियों को शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान राज्य शिक्षा केंद्र के अपर संचालक अरुण सिंह, दिल्ली से कंसल्टेंट रेनू रुहिल, तहसीलदार रविंद्र पटेल एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

समाज के लिए जरूरी है मानव संसाधन का ज्ञान अद्यतन : डॉ. सीमा जग्गी

जनेकृविवि में राष्ट्रीय प्रशिक्षण का समापन

जबलपुर। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायनशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित 21 दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण का समापन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, दिल्ली की सहायक महानिदेशक, डॉ. सीमा जग्गी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस प्रशिक्षण का विषय थाः ₹सतत खेती में मिट्टी के स्वास्थ्य के प्रबंधन के लिए उभरती प्रौद्योगिकियां और नवाचार₹। मुख्य अतिथि डॉ. सीमा जग्गी ने कहा कि वैज्ञानिकों और मानव संसाधन के ज्ञान को आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप अद्यतन करना आवश्यक है, ताकि वे समाज के लिए बेहतर कार्य कर सकें। उन्होंने किसान की आय वृद्धि के लिए मिट्टी के स्वास्थ्य पर ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने कहा कि इस प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी को किसानों तक पहुंचाने की आवश्यकता है, ताकि मिट्टी की गुणवत्ता और पानी की कमी जैसी समस्याओं का समाधान हो सके। कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. जयंत भट्ट, डायरेक्टर डॉ. बी.के. दीक्षित समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।कार्यक्रम का संचालन छात्रा कुमारी शिखा एवं आभार प्रदर्शन प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. बी.एस. द्विवेदी द्वारा किया गया।

सिहोरा की यशिका को इतिहास में स्वर्ण पदक

सिहोरा। नगर प्रतिभाशाली छात्रा यशिका तिवारी ने मनकुंवर बाई महाविद्यालय जबलपुर में इतिहास विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त कर क्षेत्र एवं परिवार को गौरवान्वित किया है। यह स्वर्ण पदक उन्हें प्रदेश के कैबिनेट शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार द्वारा अन्य गणमान्य अतिथियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में प्रदान किया गया। यशिका राम मोहन,मुक्ति तिवारी की सुपुत्री एवं अनूप त्रिवेदी की पत्नी तथा अनिरुद्ध,विजया त्रिवेदी की पुत्रवधू हैं । उनकी इस उपलब्धि परिवारजनों ने हर्ष व्यक्त किया है।

बलात्कार हत्या के आरोपी को गिरफ्तार करने सेन समाज ने सौंपा ज्ञापन

सिहोरा। राजस्थान के रणजीतपुरा बज्जू बीकानेर की रहने वाली कक्षा 8 वीं की छात्रा वसुंधरा सेन के साथ बलात्कार के बाद हत्या करने की घटना से सेन समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। वारदात को अंजाम देने वाले गुनहगार को सजा देने की मांग को लेकर सेन समाज के अध्यक्ष सुग्रीव श्रीवास पप्पू के नेतृत्व में समाज ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर सेन समाज के उपाध्यक्ष भारत श्रीवास,कोषाध्यक्ष संतोष श्रीवास,सचिव रुपेश श्रीवास,महासचिव बिट्टू सेन,मीडिया प्रभारी आकाश सेन,जितेंद्र श्रीवास,दुर्गेश श्रीवास,विनय श्रीवास आदि उपस्थित थे।

होली के पहले पेंशनर्स को 3 प्रतिशत मंहगाई भत्ता देने की मांग

सिहोरा। वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन संघ तहसील शाखा सिहोरा के अध्यक्ष गंगाराम गुप्ता ने बताया कि समस्त पेंशनर्स के लिए केन्द्र के समान कुल 58 प्रतिशत मंहगाई भत्ता दिया जाये क्योंकि प्रदेश सरकार अभी 55 प्रतिशत मंहगाई भत्ता ही दे रही है जुलाई 2025 से आठ माह बीत जाने के बाद भी 3 प्रतिशत मंहगाई भत्ता के आदेश जारी नहीं किए गए हैं जिससे सभी पेंशनर्स में आक्रोश व्याप्त है। होली त्यौहार के पहले महंगाई भत्ता देने की मांग पेंशनर्स संघ के विनोद कुमार श्रीवास्तव, अश्वनी कुमार गर्ग,अनिल दाहिया, खुशीलाल लखेरा,दिनेश तिवारी,शिवकुमार तिवारी आदि ने की है।

आचार्य श्री विद्यासागर कप जैन प्रीमियर लीग सीज़न—4 का ग्रैंड फाइनल संपन्न

जबलपुर। आचार्य श्री विद्यासागर कप जैन प्रीमियर लीग सीज़न—4 (15वें दिन) का ग्रैंड फाइनल उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत णमोकार मंत्र के उच्चारण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। फाइनल मुकाबले में जैन टाइटन और JNS शाहपुरा के बीच रोमांचक मैच खेला गया। JNS शाहपुरा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 4 विकेट खोकर 83 रन बनाए। जवाब में जैन टाइटन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र 9 ओवर में 1 विकेट खोकर 85 रन बनाते हुए 9 विकेट से जीत दर्ज कर सीज़न—4 का खिताब अपने नाम किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक शरद जैन, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू बिज, अपोलो हॉस्पिटल से अपोलो हॉस्पिटल के प्रतिनिधि सौरभ बड़ेरिया, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, ओलंपिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह, समरसता संघ अध्यक्ष संदीप जैन, कांग्रेस जिला पूर्व अध्यक्ष डॉ. नीलेश जैन, एड. नरेंद्र जैन, नरेंद्र जैन शाहपुरा, सतीश जैन (चावल), युवा संघ अध्यक्ष मनोज जैन, दीपक चौधरी, विक्रम परवार, नीलेश रालवाल, अमित पड़रिया, रिंकू रेडीमेड से रिंकू जैन, एड. विवेक शर्मा, पूर्व महापौर प्रभात साहू, पंचायत सभा उपाध्यक्ष राकेश दाऊ, पंचायत सभा कोषाध्यक्ष सतीश वर्धमान, सतेंद्र जैन (जग्गू), राजूपत से राहुल जी, संदीप, डॉ.

सुधांशु गुप्ता, तनिष्क सिंह, अर्पित दुबे, पंकज दुबे, राजेश जैन (लोर्डगंज जैन मंदिर), सचिन सहारा, विक्रांत पंचरतन, हारुन जावेद सौदागर, मोनीष जैन, विवेक जैन, सरल जैन, डॉ. रोमिल सिंघई एवं अंकित जैन की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस कराया एवं मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी प्रदान की। सभी खिलाड़ियों, आयोजकों एवं प्रायोजकों को शुभकामनाएँ देते हुए दोनों टीमों को फाइनल तक पहुंचने पर बधाई दी। दर्शकों ने पूरे उत्साह के साथ मैच का आनंद लिया। आयोजन समिति में गौरव जैन, अंकित गोलू, यशो, मयंक, प्रसन्ना बाबू, अमित जैन बासु एवं नितेश जैन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

नवीन सराफ बने सराफा एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष

जबलपुर। सराफा एसोसिएशन जबलपुर के वर्तमान अध्यक्ष श्री अजय सराफ बख्तावर ने स्वास्थ्य कारणों से अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। आज आयोजित कार्यकारिणी की बैठक में उनका इस्तीफा सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। बैठक में उपाध्यक्ष नवीन सराफ (बंटी) को सर्वसम्मति से सराफा एसोसिएशन जबलपुर का कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया। अब नवीन सराफ (बंटी) कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं देते हुए संगठन की जिम्मेदारियां संभालेंगे।

4 लाख की लागत से सीसी सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ

बरेला। नगर परिषद बरेला अंतर्गत वार्ड क्रमांक 12 में मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के चतुर्थ चरण के तहत 13.96 लाख रुपये की लागत से सीसी सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। यह सड़क मुन्ना वंशकार के मकान से राजकिरण वंशकार होते हुए राजेश वंशकार के मकान तक बनाई जाएगी। निर्माण कार्य का निरीक्षण नगर परिषद बरेला के अध्यक्ष प्रतीक दुबे द्वारा किया गया। इस दौरान पूर्व उपाध्यक्ष विजय सागर सोनकर, उपयंत्री संजय कैथवास तथा समय पाल सत्येंद्र बैरागी उपस्थित रहे। अध्यक्ष प्रतीक दुबे ने संबंधित ठेकेदार एवं उपयंत्री को

निर्देशित किया कि निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता एवं निर्धारित मापदंडों के अनुरूप पूर्ण किया जाए। मोहल्लेवासियों द्वारा इस सड़क निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही थी, जिसके प्रारंभ होने पर क्षेत्रवासियों ने संतोष व्यक्त किया है।

निगमायुक्त ने किया रांझी के वार्डों का औचक निरीक्षण

जबलपुर। नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार बुधवार के तड़के ही रांझी संभाग के विभिन्न वार्डों में निरीक्षण किया। उन्होंने गोकुलपुर तालाब, साकेत नगर, शोभापुर और उदय नगर जैसे क्षेत्रों का सघन दौरा कर सफाई व्यवस्था और चल रहे विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति का अवलोकन किया।निरीक्षण के दौरान आयुक्तश्री अहिरवार ने सफाई मित्रों की उपस्थिति जांची और नालियों की सफाई व कचरा कलेक्शन के कार्य को बारीकी से देखा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सार्वजनिक स्थानों और रिहायशी इलाकों में गंदगी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गोकुलपुर तालाब के आसपास की स्वच्छता को लेकर उन्होंने अधिकारियों को विशेष

कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। सफाई के साथ-साथ आयुक्त ने क्षेत्र में हो रहे अधोसंरचना विकास कार्यों का भी निरीक्षण किया। दौरे के दौरान आयुक्त ने स्थानीय नागरिकों से भी बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। इस मौके पर अपर आयुक्त अरविंद शाह, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव, पोला राव संभागीय अधिकारी नरेश शर्मा मुख्य स्वच्छता निरीक्षक अनिल मिश्रा, अनिल विश्वकर्मा, सौरभ चौकसे, प्रियंका आदि उपस्थित रहे।

लेफ्टिनेंट कर्नल गिरी ने किया एनसीसी यूनिट का निरीक्षण

सिहोरा। शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संचालित एनसीसी यूनिट के निरीक्षण हेतु वन एमपी सिग्नल कंपनी जबलपुर से लेफ्टिनेंट कर्नल पंकज कुमार गिरी का महाविद्यालय आगमन हुआ। कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीकृष्ण तिवारी की अध्यक्षता में एवं एसोसिएट एन सी सी आफिसर डॉ. अर्चना नामदेव के निर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत सम्पूर्ण निरीक्षण एनसीसी कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर,सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, सी ओ का कैडेट्स के साथ संवाद, वार्षिक प्रतिवेदन वाचन आदि चरण थे। विद्यार्थियों से संवाद के दौरान कर्नल पंकज गिरी द्वारा विद्यार्थियों के मार्गदर्शन हेतु जोशपूर्ण उद्बोधन दिया गया एवं विद्यार्थियों को ट्रेनिंग

के दौरान विभिन्न प्रकार से सहयोग व उचित मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु आश्वासन दिया गया। प्रो तिवारी द्वारा शासन एवं अनुशासन में अंतर स्पष्ट करते हुए सर्वप्रथम अनुशासन को महत्व देने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में हवलदार पप्पू कुमार,आई क्यू ए सी समन्वयक डॉ सुनु आर के मैथ्यू,संतोष कुमार बढई,मीनू दुबे सीनियर अंडर ऑफिसर,प्रिंस टेकाम,कनिष्का काछी,रजनी कोरी,शालिनी कुम्हार,आस्था सेजल अंडर ऑफिसर,रंजीत गड़ारी सहित 110 कैडेट्स उपस्थित थे।

सरपंच संघ बरेला ने तहसील कार्यालय को वॉटर कूलर किया भेंट

बरेला।नगर स्थित तहसील कार्यालय में बरेला परिक्षेत्र से दूर दराज से आने वाले आमजनों, किसान भाईयो का आना जाना लगा रहता है गर्मी के समय में ठंडा पानी पीने के लिए उपलब्ध नहीं रहता जिसे देखते हुए बरेला सरपंच संघ के सभी साथियों ने तहसीलदार शशांक दुबे के मार्गदर्शन में वाटर कूलर क्षेत्र की जनता को समर्पित किया गया जिससे क्षेत्र वासियों को गर्मी में ठंडा पानी पीने के लिए उपलब्ध होगा। वाटर कूलर सरपंच संगठन के अध्यक्ष आशीष शुक्ला, आलोक दुबे, सौरभ सैंकी राय, स्वेता भानु नवेरियां,मुकेश श्रीपाल, राकेश सोनी, कविता शिवम् तिवारी, वर्षा नीलकमल झारिया, मोनी प्रशान्त सोनी, योगेश मेहरा, लक्ष्मी गंगा लोधी, पूजा शिवम् तिवारी, ज्योति सत्येन्द्र पटेल, महेंद्र परस्ते, संतोष लोधी, मालती देवी विश्वकर्मा, पूजा सरमन पटेल, संतलाल श्रीपाल , चंद्रभान यादव, पंकज पटेल, बिमला ठाकुर, रामकेश यादव, महेन्द्र बैगा* सहित सरपंच गणों ने भेंट किया।

श्रीमती आशा सिंह- मदन महल राधास्वामी सत्संग भवन के पास निवासी श्रीमती आशा सिंह (92) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्रीमती सियापति देवी- बापू नगर मद्रास लाइन रांझी निवासी श्रीमती सियापति देवी (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती उर्मिला बाई- राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री कामता प्रसाद की धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिला बाई (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

श्रीमती विमला बाई- गौरीघाट कमल नगर निवासी श्री राजाराम की धर्मपत्नी श्रीमती विमला बाई (71) का निधन हो गया अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री गोपाल कश्यप-बेलबाग टोरिया निवासी श्री गोपाल कश्यप (63) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री अरविंद घोष- सत्यानंद विहार रामपुर निवासी श्री अरविंद घोष (71) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती प्रभा कोष्टा- कैलाशपुरी गुप्तेश्वर निवासी श्री महेश कोष्टा की धर्मपत्नी श्रीमती प्रभा कोष्ठा (44) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्री गणेश प्रसाद- रतन नगर इंदिरा बस्ती गौरव तालाब के पास निवासी श्री गणेश प्रसाद (60) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

डॉ. अश्विनी कुमार वर्मा- होम साइंस कॉलेज रोड नेपियर टाउन निवासी श्री डॉ. अश्विनी कुमार वर्मा (82) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

श्रीमती विमला रानी भसीन- अनमोल कॉम्प्लेक्स गोरखपुर निवासी श्री रोशन लाल भसीन की धर्मपत्नि श्रीमती विमला रानी भसीन (89) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

सुश्री कविता गोस्वामी- गौरीघाट पुरानी बस्ती निवासी श्री छिद्धि गिरी गोस्वामी की पुत्री सुश्री कविता गोस्वामी (45) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति कालम से.मी.
सिंगल साइज:- 3x4 से.मी. ब्लैक&व्हाइट 300/-
सिंगल साइज:- 3x4 से.मी. रंगीन 400/-
सिंगल साइज 3x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362160

कांग्रेस ने आंदोलन की दी चेतावनी, उठाए कई मुद्दे

कांग्रेस किसान महाचौपाल: ट्रेड डील पर नेता प्रतिपक्ष का हमला जीतू पटवारी और उमंग सिंघार ने केंद्र सरकार पर लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल के अटल पथ पर आयोजित कांग्रेस किसान महाचौपाल में प्रदेश नेतृत्व ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। कार्यक्रम का आयोजन मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा किया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि यह समझौता भारत और अमेरिका के बीच नहीं, बल्कि दो नेताओं के बीच हुआ करार है, जिससे देश और किसानों के हित प्रभावित होंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि इस ट्रेड डील का सीधा असर कृषि क्षेत्र, विशेषकर मध्यप्रदेश के किसानों पर पड़ेगा। पटवारी ने कहा कि किसानों के भविष्य से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा और कांग्रेस इस मुद्दे को जनआंदोलन बनाएगी।

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि अमेरिका के साथ हुआ व्यापार समझौता प्रदेश के सोयाबीन, दाल, गेहूं, मक्का और सरसों उत्पादक किसानों के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि विदेशी कृषि उत्पाद भारत में बड़े पैमाने पर आए, तो स्थानीय किसानों को उचित दाम नहीं मिल पाएंगे।

कांग्रेस किसान महाचौपाल को संबोधित करते राहुल।

बड़ी संख्या में शामिल हुए किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता

सिंघार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के मुद्दे को उठाते हुए कहा कि किसानों की आय सुरक्षा के लिए ठोस नीति की जरूरत है। उन्होंने यह भी दावा किया कि कांग्रेस सरकारों ने अतीत में किसानों के हित में फैसले लिए, जबकि वर्तमान सरकार किसानों की चिंताओं को नजरअंदाज कर रही है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि किसानों के हितों की अनदेखी की गई तो प्रदेशभर में आंदोलन तेज किया जाएगा।

दूध और बैलगाड़ी लेकर पहुंचे कांग्रेसी

इधर, महापंचायत में कांग्रेस के नेता अनोखे अंजाद में पहुंचे। महिलाओं के साथ दीप्ति सिंह बैलगाड़ी लेकर पहुंची। वहीं दूध बेचने वाले किसानों के समर्थन में पीसी शर्मा आए। शर्मा के साथ कुछ नेता आलू की माला लेकर पहुंचे। हालांकि 50 हजार की भीड़ इकट्ठा नहीं हुई, लेकिन जीतू पटवारी का प्लान कुछ हद तक असरदार दिखाई दिया। प्रदेश भर से हजारों की संख्या में पहुंचे।

शुक्ला ने किया स्वागत

किसान महाचौपाल को संबोधित करने आ रहे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के भोपाल आगमन पर गेहूं की फसल एक मटके में नरेंदर सरेंडर लिखकर स्वागत के लिए कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता लालघाटी चौराहे पर खड़े रहे।

खबर संक्षेप

मप्र निर्वाचन आयोग की डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन में पहल को मिली सराहना

भोपाल। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से आयोजित राज्यों के गोलमेज सम्मेलन में सहभागिता के लिए मप्र राज्य निर्वाचन आयोग की टीम नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम पहुंची। मप्र राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त मनोज श्रीवास्तव के नेतृत्व में दल में विधि सलाहकार डॉ. प्रदीप शुक्ला तथा तकनीकी सलाहकार राकेश शुक्ला शामिल हैं। सम्मेलन में मप्र की ओर से निर्वाचन प्रक्रिया में किए गए नवाचारों, डिजिटल पहलों तथा पारदर्शिता और सशक्तिकरण की दिशा में उठाए गए प्रभावी कदमों को विस्तार से प्रस्तुत किया गया। टीम ने बताया कि किस प्रकार तकनीकी एकीकरण और सुव्यवस्थित प्रबंधन के माध्यम से निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, दक्ष और जवाबदेह बनाया जा रहा है। आयोग ने डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग, प्रक्रियाओं के सरलीकरण तथा व्यवस्थागत सुधारों के माध्यम से निर्वाचन प्रणाली को सुदृढ़ करने के अपने प्रयासों को साझा किया। यह सहभागिता राज्य निर्वाचन आयोग की नवाचार, सुशासन और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। राष्ट्रीय स्तर पर मप्र की सक्रिय भूमिका को रेखांकित करती है।

पुलिस कर्मी के बेटे ने रात में नदी में लगाई छलांग, सुबह मिला शव

भोपाल। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर स्थित इंद्रावती नदी में बीती रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां सीएसपी कार्यालय में पदस्थ एक महिला आरक्षक के 19 वर्षीय बेटे ने नदी में छलांग लगा दी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय कोतवाली पुलिस और नगर सेना की एसडीआरएफ टीम तुरंत मौके पर पहुंची और युवक की खोजबीन कर शव निकाला। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, युवक ने छलांग लगाने से पहले अपनी मां को फोन कर कहीं जाने और वापस न लौटने की बात कही थी, जिससे उसकी मां घबराकर पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तलाशी अभियान चलाया, जिसमें तरुण की चप्पल और मोबाइल फोन बरामद हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कुछ युवकों ने युवक को नदी में कूदते हुए देखा था। रात अधिक होने के कारण युवक का तत्काल पता नहीं चल सका, लेकिन एसडीआरएफ और पुलिस टीम को सुबह शव मिल गया। परिजनों को भी घटना की सूचना दे दी गई है और वे भी देर रात से नदी किनारे मौजूद रहे। महिला आरक्षक का पति भी पुलिस विभाग में कार्यरत है, हालांकि दोनों कई वर्षों से अलग रह रहे हैं। तरुण अपने चार भाई-बहनों में सबसे छोटा बताया जा रहा है। इस दुखद घटना के पीछे के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है और पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

उज्जैन के दर्शनीय स्थलों के पिक्टोरियल पोस्टकार्ड का किया विमोचन

महाकालेश्वर-ओंकारेश्वर की प्रसादी डाक से पहुंचाने के लिए पोस्टल सेवा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि एक समय सिर्फ चिट्ठियां पहुंचाने वाला विभाग अब बाबा महाकाल के प्रसाद के वितरण के लिए नई पोस्टल सेवा लागू करने तक अपनी यात्रा तय कर चुका है। डाक घरों के माध्यम से लोगों को बीमा योजनाओं, बचत योजनाओं का लाभ मिल रहा है। बचत खाते शुरू करने से लेकर तीव्र गति से स्पीड पोस्ट और अन्य माध्यमों से ग्राहकों को लाभान्वित किया जा रहा है। ग्रामीण डाक सेवक ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को उज्जैन में शिप्रा नदी किनारे स्थित कार्तिक मेला ग्राउंड में आयोजित ग्रामीण डाक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आम लोगों के हित में भारतीय डाक व्यवस्था ने अपनी सार्थक भूमिका सिद्ध की है। ब्रिटिश काल से शुरू व्यवस्थाओं को नया स्वरूप मिलता गया। उन्होंने कहा कि डाक व्यवस्था में निर्णायक परिवर्तन आए हैं और डाक विभाग की भूमिका को महत्वपूर्ण बनाने की ठोस पहल हुई है। मुख्यमंत्री ने डाक सेवकों का अभिनंदन करते हुए कहा कि अपने अथक परिश्रम से गांव-गांव तक डाक तथा अन्य जनउपयोगी सेवाओं को लोगों तक पहुंचाने वाले ग्रामीण डाक सेवकों की देश के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्र ने कार्यक्रम में मप्र के उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्रामीण डाक नायकों को सम्मानित किया।

भारतीय डाक व्यवस्था में आए निर्णायक परिवर्तन, ग्रामीण डाक सेवक देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की है नींव

पोस्टल सेवा का शुभारंभ करते केन्द्रीय मंत्री सिंधिया एवं सीएम डॉ. यादव।

पोस्टल सेवा का शुभारंभ किया गया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने भारतीय डाक विभाग से उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर तथा श्री ओंकारेश्वर ज्योर्तिलिंग मंदिर की प्रसादी आमजन तक पहुंचाने के लिए पोस्टल सेवा का शुभारंभ किया। इसके अतिरिक्त उज्जैन के प्रसिद्ध स्थानों के संकलन पर आधारित पिक्टोरियल पोस्ट कार्ड का विमोचन भी अतिथियों की ओर से किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण डाक सेवक हमारे सैनिक तथा हमारी ताकत है। डाक विभाग सफलतापूर्वक कार्य कर रहा है। हमारे देश में प्राचीन काल से ही डाक पहुंचाने की परंपरा रही है। हमारे देश में डाक सेवकों का हृदय से सम्मान रहा है। बदलते दौर में देश के पोस्ट ऑफिस तीव्र गति से कार्य कर रहे हैं।

गोंदिया-जबलपुर रेल लाइन के दोहरीकरण की मंजूरी बड़ी सौगात: डॉ यादव

सीएम ने कहा है कि केंद्रीय कैबिनेट द्वारा गोंदिया-जबलपुर रेल लाइन के दोहरीकरण की मंजूरी महाकौशल सहित प्रदेश के लिए बड़ी सौगात है। इससे नक्सल समस्या से मुक्त बालाघाट जिले के साथ ही जबलपुर, मंडला और सिवनी में कनेक्टिविटी मजबूत होगी, व्यापार-व्यवसाय और पर्यटन भी बढ़ेगा। सेवातीर्थ में केंद्र सरकार की पहली केबिनेट बैठक में गोंदिया से जबलपुर रेलवे लाइन दोहरीकरण को मंजूरी मिल गई है। रेल मंत्री वैष्णव ने इसे रामायण सर्किट से नार्थ से साउथ तक का एक महत्वपूर्ण कॉरीडोर बताया है। इस दोहरीकरण का सबसे ज्यादा लाभ विकास के रूप में बालाघाट जिले को मिलेगा।

ई-मेल में अजमल कसाब का किया जिक्र

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। यह धमकी एक संदिग्ध ईमेल के जरिए दी गई थी। ईमेल में अजमल कसाब का भी जिक्र होने की बात सामने आई है।

धमकी मिलने के बाद एहतियात के तौर पर हाईकोर्ट की सभी अदालतों में सुनवाई रोक दी गई। परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से कड़ा कर दिया गया। डॉग स्क्वायड और बॉम्ब स्क्वायड की टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने हाईकोर्ट परिसर की सघन जांच की। जिले के पुलिस कप्तान एसएसपी रजनेश सिंह ने पूरे सर्च ऑपरेशन की निगरानी की। इस दौरान एएसपी और सीएसपी समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। हालांकि, गहन जांच के बाद कोई भी संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई। पुलिस ने स्पष्ट किया कि धमकी में किए गए दावे केवल दहशत फैलाने की नीयत से किए गए थे।

छावनी में तब्दील रहा हाईकोर्ट परिसर

धमकी के तुरंत बाद हाईकोर्ट परिसर को छावनी में बदल दिया गया। सभी प्रवेश द्वारों पर अतिरिक्त बल तैनात किए गए। डॉग स्क्वायड ने हर कोने की तलाशी ली। बॉम्ब स्क्वायड ने भी अत्याधुनिक उपकरणों से जांच की। पुलिस ने परिसर के चप्पे-चप्पे की पड़ताल की। पुलिस अब संदिग्ध ईमेल के स्रोत का पता लगाने में जुटी हुई है। साइबर विशेषज्ञों की मदद से ईमेल भेजने वाले की पहचान की जा रही है। पुलिस इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि इस धमकी के पीछे कौन है।

फिर गूंजा मध्यप्रदेश में 27% आरक्षण के साथ 13 प्रतिशत होल्ड का मुद्दा

बैतूल में अपना दल (एस) का दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अपना दल (एस) मध्य प्रदेश द्वारा 22 एवं 23 फरवरी को आयोजित दो दिवसीय सदस्यता अभियान सह जिला कार्यकर्ता बैठक हुई। कार्यक्रम पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव एवं मप्र प्रभारी आर. बी. सिंह पटेल प्रदेश दौरे पर रहे। बैतूल के डाक बंगला में जिला कार्यकर्ता बैठक में संगठन की मजबूती और बूथ स्तर तक विस्तार पर जोर दिया गया। इसके बाद ग्राम परमंडल (मुलताई) में सदस्यता अभियान संपन्न हुआ। ग्राम परमंडल में राष्ट्रीय महासचिव आर. बी. सिंह पटेल ने कहा, मध्य प्रदेश में ओबीसी को 27% आरक्षण कोई भीख नहीं बल्कि संवैधानिक अधिकार है। जो 13% पर होल्ड लगाया गया है, उसे जल्द से जल्द हटाया जाना चाहिए।

एके-47 भी जब्त, पुलिस को थी लंबे समय से तलाश

कई नक्सली घटनाओं में वांछित मल्लेश ने किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

नक्सलवाद की खोखली विचारधारा से त्रस्त होकर अब नक्सली संगठन कमजोर पड़ते जा रहे हैं। हाल के दिनों में कई बड़े नक्सली नेताओं ने या तो आत्मसमर्पण किया है या पुलिस मुठभेड़ों में मारे गए हैं। इसी क्रम में, तेलंगाना में 5 करोड़ के इनामी नक्सली ने अपने 16 साथियों के साथ आत्मसमर्पण किया है। वहीं, मंगलवार को कांकेर जिले के पखांजूर छोटेबेठिया में स्थित बीएसएफ 94वीं बटालियन में डीवीसीएम मल्लेश ने एके-47 राइफल के साथ आत्मसमर्पण कर दिया। मल्लेश कई नक्सली घटनाओं में वांछित था और उसकी तलाश लंबे समय से जारी थी। जानकारी के अनुसार, डीवीसीएम रैंक का सक्रिय माओवादी मल्लेश कांकेर पुलिस और सीमा सुरक्षा बल के समक्ष उपस्थित हुआ और आत्मसमर्पण किया। बताया जा रहा है कि, वह लंबे समय से नक्सली संगठन में सक्रिय था। कोई लीडर न होने के चलते नक्सल संगठन को मल्लेश के आत्मसमर्पण से एक बड़ा झटका लगा है।

दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर परिजनों ने किया प्रदर्शन

जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लापरवाही 13 माह की मासूम की मौत से भड़के परिजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लापरवाही का मामला फिर आया सामने आया है जिससे परिजन काफी आक्रोशित है। परिजनों ने डॉक्टर और स्टाफ की लापरवाही से 13 महीने की मासूम की हुई मौत को लेकर सवाल खड़े कर रहे है।

परिजनों ने मेडिकल कॉलेज प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे है। परिजनों का आरोप है कि गलत इंजेक्शन देने से मासूम कोमा में चली गईं थी। मासूम वानिया केवट की तबीयत बिगड़ती गई और बुधवार की सुबह उसकी मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि इलाज के दौरान ट्रेनी डॉक्टरों के भरोसे जिला मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा था, जिसके चलते मासूम की तबीयत बिगड़ी और ये हालात सामने आए हैं। इसकी शिकायत कलेक्टर जनदर्शन में भी की थी। बच्ची की नानी अमृता निषाद ने बताया कि 20 तारीख को सर्दी खांसी के इलाज के लिए बच्ची वानिया को कोरबा जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया था। कनोला के बाद सबसे पहले बच्ची को इंजेक्शन लगाया गया जिसके तुरंत बाद ही वह कोमा में चली गई।

मेडिकल कॉलेज की स्टूडेंट ने लगाया इंजेक्शन

अमृता ने बताया कि इंजेक्शन मेडिकल कॉलेज की स्टूडेंट ने लगाया था। अमित निषाद ने मेडिकल कॉलेज पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि आए दिन यहां ऐसी घटनाएं होती रहती हैं। उन्होंने मांग की है कि इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। पिता संजू केवट ने बताया कि सर्दी खांसी के इलाज के लिए बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इंजेक्शन लगने के बाद बच्चे की हालत गंभीर हो चुकी थी उसे आईसीयू में भर्ती कराया गया।

खनिज अन्वेषण एवं विकास के लिए भवन निर्माण के लिए 34 करोड़ 2 लाख रुपए की स्वीकृति

किसानों के लिए लगभग 10 हजार 500 करोड़ की 5 योजनाओं की निरंतरता को मिली मंजूरी

मप्र प्रशासनिक पुनर्गठन आयोग के प्रावधानों के परिवर्तन की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैबिनेट में किसान कल्याण वर्ष में कृषकों के लिए लगभग 10 हजार 500 करोड़ रुपए की 5 योजनाओं की निरंतरता की मंजूरी दी गई है।

पीएम राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन योजना, नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजना तथा राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन योजना को एक अप्रैल 26 से 31 मार्च 2031 तक निरंतर जारी रखने की मंजूरी दी गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अध्यक्षता में विधानसभा के समिति कक्ष में वंदे मातरम गायन के साथ कैबिनेट की बैठक आरंभ हुई।

राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन ऑयल सीड के लिए 1,793 करोड़ मंजूर

मप्र में तिलहन उत्पादन को प्रोत्साहित कर आयातित खाद्य तेलो पर भारत की निर्भरता को कम करने और किसानों की आय में सुधार करने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए केन्द्र सहायतित योजना राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन ऑयल सीड संचालित है। आगामी 5 वर्षों 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च, 2031 तक निरंतर संचालन के लिए 1793 करोड़ 87 लाख रूपये से अधिक के वित्तीय प्रावधान की स्वीकृति प्रदान की गई।

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के लिए 2,008 करोड़ की मंजूरी

कृषि विकास की दक्षता वृद्धि, विभिन्न कृषि घटकों की प्रभावकारिता को बढाने, दोहराव से बचने अभिसरण सुनिश्चित करने तथा राज्य सरकार को योजना बनाने में लचीलापन प्रदान करने के लिए मप्र में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना संचालित है। इसके तहत कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र की आवश्यकता की पूर्ति के लिए परियोजना तैयार कर क्रियान्वित की जाती है। इस योजना को आगामी 5 वर्षों 01 अप्रैल, 2026 से 31 मार्च 2031 तक निरंतरता के लिए 2008.683 करोड़ रूपये से अधिक की स्वीकृति प्रदान की गई है। कैबिनेट में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में पर ड्रॉप-मोर क्रॉप घटक का आगामी 5 वर्षों 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक निरंतर संचालन की स्वीकृति प्रदान की गई।

भावांतर योजना में सरसों उपार्जन की स्वीकृति

कैबिनेट ने रबी वर्ष 2025-26 में प्रदेश के सरसों उत्पादक किसानों को लाभान्वित किये जाने के लिए केन्द्र सरकार की प्राइस डिफिसिट पेमेंट स्कीम लागू की जा रही है। भावांतर योजना-सरसों को स्वीकृति दी गई है। प्रदेश में सरसों भावांतर योजनान्तर्गत 23 मार्च से 30 मई 2026 तक सरसों का विक्रय राज्य की अधिसूचित मंडियों में किया जाएगा। खनिज साधन विभाग के अंतर्गत बजट योजना खनिज अन्वेषण एवं विकास के लिए भवन निर्माण को निरंतर रखे जाने की स्वीकृति दी गई। योजना खनिज साधन विभाग के अंतर्गत पूर्व से संचालित योजना है, योजनांतर्गत संचालनालय के नवीन भवन निर्माण कार्य पर 34 करोड़ 2 लाख का व्यय संभावित है।

मप्र प्रशासनिक पुनर्गठन आयोग के प्रावधानों के परिवर्तन की मंजूरी

मप्र राजपत्र असाधारण में मप्र प्रशासनिक ईकाई पुनर्गठन आयोग संबंधी निर्देश में वर्तमान के स्थान पर नवीन संशोधन अनुसार परिवर्तन की स्वीकृति प्रदान की गई। संशोधन अनुसार मप्र प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग का अध्यक्ष पर्याप्त प्रशासनिक अनुभव, योग्यता धारित करने वाला व्यक्ति होगा। आयोग के अध्यक्ष को राज्य सरकार के प्रमुख सचिव के समकक्ष वेतनमान और उस पर समय-समय पर मंहगाई भत्ते और अन्य भत्ते देय होंगे। आयोग के अध्यक्ष पद पर राज्य सरकार के सेवानिवृत अधिकारी नियुक्त होने की स्थिति में उन्हें सेवानिवृत्ति के समय देय मूल वेतन एवं मंहगाई भत्ते से सारांशीकरण के पूर्व की पेंशन घटाई जाकर शेष राशि वेतन, मानदेय के रूप में देय होगी और उस पर समय-समय पर मंहगाई भत्ता देय होगा।

खबर संक्षेप

भारतीय अर्थव्यवस्था स्थिर तेज गति से बढ़ रही है : गुप्ता

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक की डिप्टी गवर्नर पूनम गुप्ता ने कहा कि उच्च, स्थिर और बढ़ती वृद्धि दर के साथ-साथ अधिक अनुकूल आर्थिक परिणाम भारतीय अर्थव्यवस्था की पहचान बन गए हैं। गुप्ता ने 20 फरवरी को सेंटर फॉर डेवलपमेंट स्टडीज़ के 14वें स्थापना दिवस पर व्याख्यान में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार बेहतर होती वृद्धि दर की दिशा में आगे बढ़ रही है।

भारत खाद्य प्रसंस्करण क्षमता दोगुना करेगा

नई दिल्ली। सरकार का लक्ष्य अगले छह से सात वर्षों में देश की खाद्य प्रसंस्करण क्षमता को मौजूदा 12-13 प्रतिशत से बढ़ाकर दोगुना करने का है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के सचिव अविनाश जोशी ने कहा कि प्रसंस्करण क्षमता दोगुनी होने से बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे और किसानों की आय बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

एनटीपीसी ने किया सिन्नर थर्मल पावर का अधिग्रहण

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड तथा महाराष्ट्र स्टेट पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड (महानिर्मिती) के संघ ने दिवाला प्रक्रिया के तहत सिन्नर थर्मल पावर लिमिटेड (एसटीपीएल) का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। कंपनी ने इस संबंध में शेयर बाजार को दी सूचना में हालांकि लेनदेन के मूल्य का खुलासा नहीं किया।

एएमडी से एआई चिप खरीदेगी मेटा

न्यूयॉर्क। फेसबुक की मूल कंपनी ''मेटा प्लेटफॉर्म्स'' ने एडवांस्ड माइक्रो डिवाइसेस से एआई चिप खरीदने का समझौता किया है। इस समझौते के तहत मेटा को इस चिप विनिर्माता कंपनी में 10 प्रतिशत तक की हिस्सेदारी खरीदने का विकल्प भी मिलेगा। मेटा अपने डेटा केंद्रों की क्षमता बढ़ाने के लिए एएमडी की नवीनतम चिप ''एमआई450'' खरीदेगी।

आईआरएफसी के निर्गम को पूर्ण अभिदान नहीं मिला

नई दिल्ली। भारतीय रेल वित्त निगम लिमिटेड (आईआरएफसी) में सरकार की शेयर बिक्री पेशकश (ओएफएस) को बुधवार को संस्थागत निवेशकों से सुस्त प्रतिक्रिया मिली। इसके तहत बिक्री के लिए दो प्रतिशत हिस्सेदारी पेश की गई थी, लेकिन निर्गम को पूर्ण अभिदान नहीं मिला।

रुपया एक पैसे टूटकर 90.96 पर हुआ बंद



मुंबई। दुनिया भर में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और विदेशी निधियों की धननिकासी के बीच अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को रुपया लगातार दूसरे दिन भी सीमित दायरे में रहा और डॉलर के मुकाबले एक पैसे टूटकर 90.96 पर बंद हुआ कमजोर डॉलर और घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक धारणा ने रुपये की गिरावट को सीमित किया। अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया डॉलर के मुकाबले 90.94 पर खुला और पूरे सत्र में एक सीमित दायरे में कारोबार करता रहा।

भू-राजनीतिक तनाव के कारण महंगाई का दबाव बढ़ने लगा

निकट भविष्य में रेपो दर में बढ़ोतरी की संभावना नगण्य: आरबीआई एमपीसी सदस्य

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के बाहरी सदस्य सौगत भट्टाचार्य ने बुधवार को कहा कि भू-राजनीतिक तनाव के कारण महंगाई का दबाव बढ़ने के बावजूद निकट भविष्य में नीतिगत ब्याज दर (रेपो) में वृद्धि की संभावना ''नगण्य'' है। उन्होंने कहा कि मौसम संबंधी जोखिम, धातुओं की बढ़ती कीमतें और भू-राजनीतिक तनाव के बीच कच्चे तेल के ऊंचे दाम उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई को प्रभावित कर सकते हैं।

सौगत भट्टाचार्य ने 'पीटीआई-भाषा' को ईमेल के जरिये दिए साक्षात्कार में कहा, '' निकट अवधि में रेपो दर बढ़ाने की जरूरत पड़ने की संभावना मुझे नगण्य दिखती है।'' भट्टाचार्य और एमपीसी के अन्य पांच सदस्यों ने इस महीने की शुरुआत में हुई बैठक में सर्वसम्मति से नीतिगत दर को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखने के पक्ष में मतदान किया था।

खास बातें

- मौसम संबंधी जोखिम बढ़ने से किसानों की परेशानी बढ़ेगी
- वैश्विक तनाव से धातुओं और कच्चे तेल की कीमतें प्रभावित होगी
- अर्थव्यवस्था में अत्यधिक तेजी के कोई संकेत नहीं

भारत का क्षमता उपयोग लगभग 75 फीसदी पर

भट्टाचार्य ने कहा कि क्षमता उपयोग लगभग 75 प्रतिशत पर है, हालांकि, कुछ क्षेत्रों में यह अधिक है। वृद्धि पर उन्होंने कहा कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग दो-तिहाई हिस्सा घरेलू खपत से आता है और यही वृद्धि का प्रमुख चालक बना रहेगा, हालांकि टिकाऊ विस्तार के लिए घरेलू एवं बाहरी दोनों मांग जरूरी हैं।

मुद्रास्फीति चार फीसदी लक्ष्य की ओर

महंगाई पर उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति चार प्रतिशत के लक्ष्य की ओर बढ़ सकती है। इसकी एक वजह वित्त वर्ष 2025-26 में कुल (और सब्जियों) मुद्रास्फीति की गिरती कीमत का आधार प्रभाव है, जो अब उलट सकता है। दूसरी वजह कीमती धातुओं की कीमतों का प्रभाव है। हालांकि, इन कारकों को छोड़ दें तो अंतर्निहित महंगाई संतुलित रहने की उम्मीद है।

कुल रेपो दर में 1.25 फीसदी की कटौती हुई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपने 'तटस्थ' नीतिगत रुख को भी बनाए रखा था जिससे संकेत मिलता है कि दरें कुछ समय तक निचले स्तर पर रह सकती हैं। उन्होंने कहा कि कई प्रोत्साहन उपायों के बावजूद अर्थव्यवस्था में अत्यधिक तेजी के कोई संकेत नहीं हैं। केंद्रीय बैंक ने फरवरी, 2025 से अब तक रेपो दर में कुल 1.25 प्रतिशत की कटौती की है, जो 2019 के बाद सबसे आक्रामक नरमी चक्र माना जा रहा है।

भारत अपने निर्यात में विविधता लेकर आया

वैश्विक व्यापार पर उन्होंने कहा कि अमेरिका के जवाबी शुल्क संबंधी फैसलों के बाद स्थिति अभी प्रारंभिक चरण में है और प्रतिस्पर्धी देशों के साथ शुल्क प्रतिस्पर्धा का संतुलन बनना बाकी है। उन्होंने कहा, '' हम अमेरिका के साथ शुल्क और व्यापार समझौतों के किसी संतुलन पर पहुंचने का इंतजार कर रहे हैं। इस बीच, व्यापार आंकड़े दिखाते हैं कि भारतीय निर्यातक (कुछ क्षेत्रों को छोड़कर) अपने बाजारों में विविधता लेकर आए हैं।''

सूचकांक बदलने से अब नीतिगत निर्णय सटीक होंगे

आगामी नई जीडीपी, सीपीआई और आईआईपी (औद्योगिक उत्पादन सूचकांक) श्रृंखला पर उन्होंने कहा कि संशोधित पद्धतियां और अद्यतन सर्वेक्षण अर्थव्यवस्था की मौजूदा संरचना को बेहतर ढंग से दर्शाएंगे और नीतिगत निर्णयों को अधिक सटीक बनाने में मदद करेंगे।

बाजार की निगरानी बढ़ाने में एआई की भूमिका होगी अहम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- सेबी चेयरमैन ने कहा, जोखिम प्रबंधन पहले से बेहतर हो पाएगा
- एआई निवेशकों में जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिला निभाएगा

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने बुधवार को कहा कि प्रौद्योगिकी, खासकर कृत्रिम मेधा (एआई) बाजार निगरानी को मजबूत करने, जोखिम प्रबंधन बेहतर करने और निवेशकों में जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगी।

सेबी प्रमुख ने यहां आयोजित 'कोटक इन्वेस्टर कॉन्फ्रेंस' में वैश्विक एवं घरेलू संस्थागत निवेशकों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था का आकार बढ़ने के साथ वृद्धि का अगला चरण केवल कारोबार की मात्रा और मूल्यांकन से नहीं, बल्कि बाजार की गुणवत्ता, कॉरपोरेट संचालन, पारदर्शिता, तरलता और संस्थागत मजबूती से तय होगा। चेयमैन ने कहा, /"प्रौद्योगिकी, जिसमें एआई भी शामिल है, निगरानी प्रणाली को सशक्त बनाने, जोखिम प्रबंधन सुधारने और पारदर्शिता बढ़ाने में बढ़ती भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि सेबी का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि बाजार अच्छे समय में सुचारु रूप से काम करे और अस्थिरता के दौर में भी मजबूत बने रहें।

वृद्धि अब केवल प्रतिफल तक सीमित नहीं : पांडेय ने कहा कि वैश्विक स्तर पर आपूर्ति श्रृंखला के पुनर्गठन, भू-राजनीतिक तनाव और तीव्र प्रौद्योगिकी बदलाव जैसे कारकों ने कारोबारी माहौल को जटिल बना दिया है। ऐसे में वृद्धि अब केवल प्रतिफल तक सीमित नहीं है बल्कि विश्वसनीयता, स्थिरता और अनुमान लगा पाने की क्षमता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।

M.P. STATE ELECTRONICS DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED
State IT Centre, 47-A, Arera Hills, Bhopal-462011 (M.P.)
Ph. : 0755-2518300, Website : www.mpsedc.mp.gov.in,
Email : marketing@mpsedc.com

NOTICE INVITING TENDERS (NIT)

MPSEDC invites online proposals for following bids on MP Tender :

S.No.	Tender No.	NIT
1.	MPSEDC/ F&A/ Internal Auditor/ 2026/677	Request for proposal (RFP) for Appointment of the Chartered Accountant Firms as Internal Auditor for Audit of Madhya Pradesh State Electronics Development Corporation Limited (MPSEDC) for the period of Two Financial Years (2025-26 & 2026-27)

For detailed scope of work, terms and conditions please refer to the respective bid document available on MP Tender **Portal : www.mptenders.gov.in.**
M.P. Madhyam/124632/2026 **CHIEF GENERAL MANAGER**

- अमेरिका की सौर उत्पादों पर शुल्क लगाने से धारणा प्रभावित
- सेंसेक्स में 50 और निफ्टी में 58 अंक की रही तेजी

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में शेयर बाजार मामूली बढ़त के साथ बंद

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अमेरिका में भारतीय सौर उत्पादों पर 126 प्रतिशत तक आयात शुल्क लगाने की घोषणा से बुधवार को निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई और घरेलू शेयर बाजार अपनी शुरुआती तेज बढ़त गंवाते हुए मामूली लाभ के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 50 अंक जबकि निफ्टी में 58 अंक की तेजी दर्ज की गई।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 50.15 अंक यानी 0.06 प्रतिशत बढ़कर 82,276.07 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 731.99 अंक चढ़कर 82,957.91 अंक तक पहुंच गया था।

सौर कंपनियों के शेयरों में 15 फीसदी तक गिरावट

बीएसई पर वारी एनर्जीज के शेयर में 10.47 प्रतिशत, प्रीमियर एनर्जीज के शेयर में 6.27 प्रतिशत, विक्रम सोलर के शेयर में 5.45 प्रतिशत और स्टर्लिंग एंड विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी के शेयर में 1.05 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। कारोबार के दौरान बीएसई पर वारी एनर्जीज लिमिटेड का शेयर एक समय 14.99 प्रतिशत लुढ़क गया था जबकि प्रीमियर एनर्जीज लिमिटेड के शेयर में 14.23 प्रतिशत तक की गिरावट देखी गई।

स्मार्टफोन देश का अग्रणी निर्यात खंड बना: वैष्णव

नई दिल्ली। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि वर्ष 2025 में देश में बने 30 अरब डॉलर मूल्य के स्मार्टफोन निर्यात किए गए और अब स्मार्टफोन भारत का शीर्ष निर्यात खंड बन चुका है। वैष्णव ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी साझा करते हुए कहा कि भारत अब 'दुनिया का स्मार्टफोन विनिर्माण केंद्र' बनता जा रहा है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी-दिसंबर, 2025 के दौरान देश का स्मार्टफोन निर्यात 30 अरब डॉलर रहा। देश में वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान करीब 5.5 लाख करोड़ रुपये (करीब 60 अरब डॉलर) के मोबाइल फोन का उत्पादन हुआ(

टीसीएस को एआई से डर नहीं राजस्व में 'कमी' के लिए तैयार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज कृत्रिम मेधा (एआई) से 'डरी हुई' नहीं है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने बुधवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि कंपनी अपने सहयोगियों द्वारा विकसित एआई टूल्स के कारण राजस्व में होने वाली 'कमी' के लिए भी तैयार है।

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के. कृतिवासन ने यहां वार्षिक एनटीएलएफ कार्यक्रम में कहा कि कंपनी यह देख रही है कि 'कुशल' युवा कर्मचारियों की तुलना में वरिष्ठ स्तर के कर्मचारी एआई-आधारित समाधान तैयार करने में धीमे हैं। कृतिवासन ने कहा, ''हम अपने सहयोगियों को प्रोत्साहित कर रहे हैं कि वे (ग्राहकों के पास) जाएं और एआई का उपयोग करें, भले ही इससे हमारे राजस्व में कमी आए। उन्होंने यह भी कहा कि कंपनी इस नई प्रौद्योगिकी के चलते नौकरियों में छंटनी को लेकर 'डरी' हुई नहीं है। सीईओ ने कहा कि इन्हीं प्रयासों के तहत टीसीएस ने अपने सहयोगियों से यह पता लगाने के लिए कहा है कि वे परियोजनाओं में एआई का उपयोग कैसे कर सकते हैं।

कार्यालय प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग, भोपाल
ईमेल- ce. tender.wrdmp@gmail.com फोन - 0755-2767635 फैक्स - 0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक-1203 /2025-26 / प्रमुख अभियंता / ई-टेंडरिंग / भोपाल, दिनांक 18.02.2026

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र दिनांक 02.03.2026 को 17:30 बजे तक क्रय/ डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स.क्र.	निविदा क्र.	कार्य	जिला	लागत (लाख)
1	2026_WRD _479755	केरवा बांध पर पूर्व निर्मित स्पिल-वे फुट ब्रिज को तोड़कर नवीन फुट ब्रिज, स्पिल चैनल एवं शूट फाल का निर्माण एवं वि./यां. से संबंधित कार्य।	भोपाल	1174.49

G-26377/25 "स्वच्छता ही सेवा" **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) सिवनी (म.प्र.)
E-mail ID- modgmseo@mp.gov.in

क्रमांक/खनिज / उ.प./1/818897/2026 सिवनी, दिनांक 16-02-2026

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए

द्वितीय सूचना

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक मां नर्मदा स्टोन क्रेषर पार्टनर सौरभ खरया आ. स्व. श्री प्रमोद कुमार खरया एवं अन्य - 3 नि. सराफा बाजार मेनरोड गोटेगांव तह. गोटेगांव जि. नरसिंहपुर म.प्र. द्वारा उत्खनि पट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर आनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 16.12.2025 को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना क्रमांक / खनिज / उ.प./1/681333/2025 सिवनी दिनांक 18.12.2025 प्रकाशित की गई थी। इस क्षेत्र हेतु पुन: दिनांक 27.02.2026 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन आनलाईन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन ई-खनिज पोर्टल http:// ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

जिला	तहसील	ग्राम	खसरा नंबर	रकबा	भूमि का प्रकार शासकीय/निजी	खनिज का नाम	रिमार्क
सिवनी	लखनादौन	मोहगांवकला	89 एवं 90/2	1.54 हे.	निजी भूमि	बोल्डर, गिट्टी	
			कुल रकबा	1.54 हे.			

1- उपरोक्त प्रस्तुत आनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथी तक (कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक) आनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। 2- यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथी तक प्रथम सूचना से प्राप्त आवेदन को शामिल करते हुए 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3- यदि इस प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 4- यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5- निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

G-26356/25 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार" **सहायक खनि अधिकारी वास्ते कलेक्टर, सिवनी**

कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)
निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

सं. क्र.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक	कार्य का नाम	लागत राशि एवं समयावधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी.	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1	Tender ID 2026_UAD_484905_1 PRO-920 Date-25/02/2026	संभाग क्रमांक 02 कछपुरा के अंतर्गत आने वाले विभिन्न शौचालय/मूत्रालय की मरम्मत रंगाई-पुताई एवं अन्य आवश्यक कार्य। (स्वच्छता सर्वेक्षण)	8.47 लाख 02 माह	2000/- 8473/-	13/03/2026

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम जबलपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर, (म.प्र.)
प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

क्र	टेंडर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत(लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1	PRO No. 910 Date:-25/02/2026 Tender Id no. 2026_UAD_484975_1	संभाग क्रं. 09 लालमाटी अंतर्गत आचार्य विनोवा भावे वार्ड में आजाद व्यायाम शाला परिसर में पेवर ब्लाक लगाने एवं पाथवे निर्माण कार्य। (महापौर मद)	02 माह 6.45/-	2000/- 6458/-	16/03/26
2	PRO No. 910 Date:-25/02/2026 Tender Id no. 2026_UAD_484975_2	संभाग क्रं. 09 लालमाटी अंतर्गत आचार्य विनोवा भावे वार्ड में आजाद व्यायाम शाला परिसर में सार्वजनिक उपयोग हेतु कमरा निर्माण एवं मरम्मत कार्य। (महापौर मद)	02 माह 2.48/-	2000/- 2487/-	16/03/26
2	PRO No. 910 Date:-25/02/2026 Tender Id no. 2026_UAD_484975_3	संभाग क्रं. 09 लालमाटी अंतर्गत आचार्य विनोवा भावे वार्ड में करियापाथर संजीवनी के समीप सभा-भवन का जीर्णोद्वार कार्य। (महापौर मद)	02 माह 5.42/-	2000/- 5422/-	16/03/26

नोट:- निविदा से सम्बंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम जबलपुर

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, (भ / स) संभाग नरसिंहपुर (म.प्र.)

निविदा सूचना क्रमांक 38 / वर्ष 2025 - 26 / कार्य.यं. **निविदा सूचना** नरसिंहपुर, दिनांक 20/02/2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर आई डी	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	कार्य की अनु. राशि (रू. लाख में)	धरोहर राशि	निविदा फार्म की राशि	आमंत्रण क्र.	कार्य समयावधि	भौतिक रूप से लिफाफा प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ. डी. आर. एवं अन्य दस्तावेज)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	2025_ PWDRB_ 457554_4	नरसिंहपुर	निर्माण	नरसिंहपुर उपसंभाग के अंतर्गत केरपानी से हथिया-टोला (पोल शिफ्टिंग कार्य सहित) मार्ग लंबाई 150 कि.मी. का निर्माण कार्य। (चतुर्थ आमंत्रण)	209.58	2,10,000	15,000	चतुर्थ आमंत्रण	04 माह वर्षा ऋतु सहित	सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें।
2	2025_ PWDRB_ 470478_3	नरसिंहपुर	निर्माण	गाडरवारा उपसंभाग के अंतर्गत सी. एम. राईज विद्यालय सांईखेड़ा से बारछी पहुँच मार्ग लंबाई 3.00 कि.मी. कार्य विद्युतीकरण कार्य। (तृतीय आमंत्रण)	325.06	3,25,500	15,000	तृतीय आमंत्रण	04 माह वर्षा ऋतु सहित	सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें।
3	2025_ PWDRB_ 473681_3	नरसिंहपुर	मरम्मत कार्य	नरसिंहपुर संभाग अंतर्गत कुल लंबाई 68.06 कि.मी के विभिन्न मार्गों की एस.एम.टी.सी. कार्य निविदा (तृतीय आमंत्रण) :- (1) गोंगावरी कामती मार्ग लंबाई 7.30 कि.मी. (2) बेलखेडी परहटा मुँगवानी मार्ग लंबाई 17.80 कि.मी. (3) गाडरवारा तेन्दूखेड़ा नवीन राज्य मार्ग कि.मी. 19 / 2 से ग्राम बीकोर सिन्दूर नदी तक मार्ग लंबाई 600 कि.मी. (4) नरसिंहपुर मगरधा मार्ग लंबाई 1.00 कि.मी. (5) महगंवातला से भामा मार्ग लंबाई 16.90कि.मी. (6) उमरिया से पिपरहा मार्ग लंबाई 520 कि.मी. (7) मऊ लिंक मार्ग लंबाई 1.00 कि.मी. (8) बनवारी एप्रोच मार्ग लंबाई 080 कि.मी. (9) खोबी भैसा राखी से ब्रम्हाकुण्डघाट मार्ग लंबाई 4.36 कि.मी. ((10) गुंदरई से पथरौडा मार्ग लंबाई 4.00 कि.मी. (11) सालीचौका से सहावन मार्ग लंबाई 2.20 कि.मी. (12) सांकल मार्ग से मण्डी तिराहा मार्ग लंबाई 1.50 कि.मी.						
				योग	595.89					

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 04/03/2026, (17.00) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट www.mptenders.gov.in में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। मूल धरोहर (ई.एम.डी.) राशि एवं अन्य सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत दिनांक 04/03/2026, (17.30 बजे तक उपरोक्तानुसार संबंधित पोर्टल में प्राप्त की जावेगी।

कार्यपालन यंत्री
G-26365/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता" **लोक निर्माण विभाग (भ / स) - संभाग नरसिंहपुर**

कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) सिवनी (म.प्र.)
E-mail ID- modgmseo@mp.gov.in

क्रमांक/खनिज / उ.प./1/819055/2026 सिवनी, दिनांक 16-02-2026

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए

द्वितीय सूचना

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक मे. गुलमोहर स्टोन क्रेषर, पार्ट. अनुराग चतुरमोहता आ. चंद्रषेखर चतुरमोहता एवं अन्य-1 नि. वार्ड नं. 18 चतुरमोहता हास्पिटल बालाघाट तह. व जि. बालाघाट म.प्र. द्वारा उत्खनि पट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर आनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 16.12.2025 को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना क्रमांक / खनिज / उ.प./1/726728/2026 सिवनी दिनांक 09.01.2026 प्रकाशित की गई थी। इस क्षेत्र हेतु पुन: दिनांक 27.02.2026 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन आनलाईन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन ई-खनिज पोर्टल http:// ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

जिला	तहसील	ग्राम	खसरा नंबर	रकबा	भूमि का प्रकार शासकीय/निजी	खनिज का नाम	रिमार्क
सिवनी	सिवनी	बेलखेड़ी	202	8.23 हे. में से 2.50 हे.	शासकीय भूमि	बोल्डर, गिट्टी	
			कुल रकबा	2.50 हे.			

1- उपरोक्त प्रस्तुत आनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथी तक (कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक) आनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। 2- यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथी तक प्रथम सूचना से प्राप्त आवेदन को शामिल करते हुए 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3- यदि इस प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 4- यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5- निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

G-36366/25 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार" **सहायक खनि अधिकारी वास्ते कलेक्टर, सिवनी**

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा

आशुतोष ब्रह्मचारी ने बनाई वाट्सएप ग्रुप पर चैट, बच्चे उनके ही शागिर्द

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और आशुतोष ब्रह्मचारी के बीच तकरार बढ़ती जा रही है। एक तरफ जहां बुधवार को आशुतोष ब्रह्मचारी ने प्रेस कांफ्रेंस किया। वहीं दूसरी तरफ अविमुक्तेश्वरानंद ने भी प्रेस कांफ्रेंस कर आशुतोष ब्रह्मचारी पर गंभीर आरोप लगाए।

प्रेस वार्ता के दौरान अविमुक्तेश्वरानंद ने वॉट्सएप ग्रुप का स्क्रीनशॉट शेयर किया। उन्होंने दावा किया कि यह ग्रुप आशुतोष ब्रह्मचारी द्वारा बनाया गया है। इसके अलावा शंकराचार्य ने ग्रुप के चैट का भी खुलासा किया और सवाल उठाए।

- शंकराचार्य ने चैट पर उठाए सवाल
- शंकराचार्य और ब्रह्मचारी में तकरार बढ़ी
- शंकराचार्य का भी ब्रह्मचारी पर आरोप

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

ब्रह्मचारी के फेसबुक की तस्वीर भी दिखाई

शंकराचार्य द्वारा स्क्रीन शॉट्स में विवेचना टीम के साथ आशुतोष ब्रह्मचारी के शामिल होने की बात कही है। इसके अलावा आशुतोष ब्रह्मचारी के फेसबुक अकाउंट की भी तस्वीरें भी स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने दिखाई। उन्होंने प्रेस वार्ता में प्रयागराज एसपी के साथ आशुतोष ब्रह्मचारी द्वारा केक काटने का फोटो दिखाया। शंकराचार्य ने दावा किया कि उन्होंने जो एसपी और आशुतोष ब्रह्मचारी की तस्वीर दिखाई है, वो एआई नहीं है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने जैसे ही फोटो जारी की, वह फोटो फेसबुक से डिलीट कर दी गई।

आरोप लगाने वाले बच्चे आशुतोष के साथी

प्रेस कांफ्रेंस में शंकराचार्य ने दावा किया है कि जिन बच्चों के माध्यम से आरोप लगाए गए हैं, वो बच्चे आशुतोष ब्रह्मचारी के शागिर्द हैं। वह सभी बच्चे लंबे समय से ब्रह्मचारी के साथ रह रहे थे। स्वतंत्रता पूर्वक अलग अलग स्थान पर जा रहे हैं। क्युआर कोड जारी कर के दक्षिणा भी ले रहे हैं। अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि न्यायालय में ये सारे सबूत रखे जाएंगे, जो लोग निष्ठा के साथ मठ की सेवा कर रहे हैं उनके वो भी हैं।

हमने अतीक के पक्ष में नहीं बोला था, बस मैं...

अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि हमारे हर विद्यालय में उच्च कुल के छात्र आकर पढ़ाई कर रहे हैं। हम उनके आरोपों का खंडन करते हैं। अगर गुरु सही होगा तो शिष्य ग़लत नहीं हो सकता. हमारे मठ के ख़ुफ़िया स्थान नहीं है। हम अतीक के पक्ष में नहीं बोल रहे थे। हम अपने देश क्या न्यायालय के पक्ष में बोल रहे थे। हमने अफजाल अंसारी को कोई पत्र नहीं लिखे थे। योगी दो नंबर के हो गए, जो गेरुआ कपड़ा पहना है वो संत जैसा आचरण करे। जो नहीं करेगा शंकराचार्य सवाल उठाएगा। देश के साधु संत डरे हुए हैं।

आशुतोष ने लगाए गंभीर आरोप

अविमुक्तेश्वरानंद के साथ कई वीआईपी भी थे

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के मामले में मुकदमे के वादी आशुतोष ब्रह्मचारी ने बुधवार को वार पर वार किए। मीडिया कर्मियों को बताया कि बटुकों से कुकर्म में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के साथ कई वीआईपी लोग भी शामिल हैं, जो इसी तरह का शौक रखते हैं। इसमें उनके आश्रम का सीईओ प्रकाश उपाध्याय, बाल मुकुंदानंद, अविमुक्तेश्वरानंद का गुरुभाई अरविंद, कांग्रेस-समाजवादी पार्टी के नेता और अन्य वीआईपी शामिल हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इन सभी के खिलाफ इतने सबूत हैं कि किसी का जेल जाने से बच पाना नामुमकिन है। आशुतोष ने अविमुक्तेश्वरानंद को पर्दे के पीछे से सहयोग करने में उप्र के एक उप मुख्यमंत्री का प्रेस कांफ्रेंस में खुलासा किया, हालांकि उनका नाम बताने से परहेज किया।

गोंडा में स्वामी पर एफआईआर पर कांग्रेस का प्रदर्शन

गोंडा में बुधवार को करीब कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ दर्ज एफआईआर को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराए जाने और दर्ज एफआईआर को तत्काल प्रभाव से रद्द करने की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान नेताओं ने इसे संत समाज की गरिमा से जुड़ा मामला बताते हुए सरकार से निष्पक्ष कार्रवाई की अपेक्षा जताई।

खबर संक्षेप

गाजियाबाद के ग्रीन फील्ड स्कूल में घुसा तेंदुआ

गाजियाबाद। यूपी के गाजियाबाद के गोविंदपुरम के ग्रीन फील्ड स्कूल में तेंदुए की सूचना है। इसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। एहतियात के तौर पर बैरिकेडिंग करके सुरक्षा इंतजाम कियए गए। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची है। पुलिस सुरक्षा के इंतजाम कर रही है। 7 घंटे बाद उसे बाहर निकालने की खबर है।

पंजाब के निजी विवि का कुलपति बर्खास्त

लुधियाना। पंजाब के जगराओं स्थित सीटी विवि के कुलपति को रमजान में विशेष भोजन व्यवस्था की मांग करने वाले कश्मीरी मुस्लिम छात्रों के साथ दुर्व्यवहार, धमकी देने के आरोपों के बाद बर्खास्त कर दिया गया है।जिला प्रशासन ने पुलिस व सामुदायिक नेताओं के समन्वय से स्थिति को शांत करने के लिए हस्तक्षेप किया।

झारखंड के पूर्व सीएम चंपई के पोते की मौत

शिमला। पर्यटन नगरी के एक होमस्टे में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के 22 वर्षीय पोते की मौत हो गई है। सोमवार दोपहर को वह बिस्तर से गिरा। जिसके बाद अस्पताल ले जाते वक्त मुंह से झाग निकली। अस्पताल पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया। मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

कर्नाटक सीएम पद पर गृहमंत्री ने भी ठोंका दावा

बेंगलुरु। कर्नाटक में सीएम पद को लेकर खींचतान खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। अभी सीएम सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के बीच ही खींचतान थी, अब राज्य के गृह मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जी परमेश्वर भी सीएम पद की रेस में शामिल हो गए हैं। परमेश्वर ने कहा उनके समर्थक सीएम पद के लिए उनके नाम का प्रस्ताव दे रहे हैं।

सीजेआई ने अरमानों पर फेरा पानी, कहा- सर्टिफिकेट भी दिखाना होगा

10वीं के एडमिट कार्ड पर वोटर-आई डी स्वतंत्र पहचान पत्र नहीं, यह केवल सहायक दस्तावेज मान्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली कोलकाता

पश्चिम बंगाल में चल रही चुनाव आयोग के एसआईआर के बीच सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक महत्वपूर्ण कानूनी स्पष्टीकरण जारी किया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने यह साफ कर दिया है कि 10वी क्लास का एडमिट कार्ड अपने आप में एक स्वतंत्र पहचान पत्र नहीं होगा बल्कि इसे केवल एक सहायक दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया जाएगा।

यह फैसला उन हजारों नागरिकों के लिए बड़ी राहत और स्पष्टता लेकर आया है जो अपनी पहचान साबित करने के लिए संघर्ष कर रहे थे। अदालत ने स्पष्ट किया कि एडमिट कार्ड तभी वैध माना जाएगा जब उसके साथ संबंधित पास सर्टिफिकेट भी संलग्न हो। सीजेआई के नेतृत्व वाली बेंच ने यह आदेश वरिष्ठ अधिवक्ता डीएस नायडू द्वारा उठाए गए संशय के बाद दिया। इस फैसले का सीधा असर बंगाल में चल रहे सत्यापन कार्य की पारदर्शिता और प्रमाणिकता पर पड़ेगा, जिससे दस्तावेजी धोखाधड़ी की गुंजाइश कम होगी।

इससे दस्तावेजी धोखाधड़ी की गुंजाइश कम होगी

बंगाल में एसआईआर के बीच सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला दिया

सुप्रीम कोर्ट

अदालत किसी भी प्रकार की ढिलाई या अस्पष्टता के पक्ष में नहीं

सुप्रीम कोर्ट का यह स्पष्टीकरण प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने वाला है। सीजेआई के इस रुख से यह स्पष्ट है कि पहचान सत्यापन जैसे संवेदनशील मुद्दों पर अदालत किसी भी प्रकार की ढिलाई या अस्पष्टता के पक्ष में नहीं है। यह आदेश बंगाल के नागरिकों के लिए प्रक्रिया को और अधिक सटीक बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। सुनवाई के दौरान सीजेआई, जस्टिस जोयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पांचोली की पीठ ने स्पष्टता पर जोर दिया। मामले का उल्लेख तब हुआ जब वकील ने यह चिंता जताई कि क्या 10वीं के एडमिट कार्ड को 'स्टैंडअलोन' (अकेला) पहचान पत्र माना जा सकता है।

कोर्ट ने यह भी कहा

- सप्लीमेंट्री डॉक्यूमेंट: अदालत ने दोहराया कि एडमिट कार्ड को प्राथमिक पहचान पत्र नहीं माना जा सकता। यह केवल मुख्य दस्तावेजों की पुष्टि के लिए एक सहायक कागज होगा।
- सर्टिफिकेट अनिवार्य: पहचान सत्यापन के लिए एडमिट कार्ड के साथ कक्षा 10 का 'पास सर्टिफिकेट' होना अनिवार्य है। बिना सर्टिफिकेट के केवल एडमिट कार्ड पेश करना पर्याप्त नहीं होगा।
- एसआईआर में पारदर्शिता: इस आदेश का उद्देश्य पश्चिम बंगाल में चल रहे एसआईआर अभ्यास में किसी भी प्रकार की भ्रम की स्थिति को रोकना है।

बंगाल एसआईआर और पहचान का संकट

बंगाल में पहचान सत्यापन की प्रक्रिया लंबे समय से कानूनी और प्रशासनिक चर्चाओं में रही है। कई मामलों में पुराने एडमिट काड्र्स को ही उम्र और पहचान का एकमात्र प्रमाण मान लिया जाता था। सीजेआई के इस आदेश ने अब उस लीगल लूपहोल को बंद कर दिया है। यह आदेश सुनिश्चित करता है कि केवल प्रमाणित शैक्षणिक रिकॉर्ड ही सरकारी डेटाबेस का हिस्सा बनें।

बंगाल में एसआईआर पर अब भाजपा का सवाल

पूर्व मुख्य सचिव की गिरफ्तारी की मांग उठाई

बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया को लेकर जहां सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पहले से ही हंगामा कर रही है, वहीं अब इस विवाद में विपक्षी भाजपा भी कूद पड़ी है। भाजपा ने एसआईआर पर एक उच्चस्तरीय बैठक में पूर्व मुख्य सचिव मनोज पंत की मौजूदगी को लेकर सवाल खड़े किए हैं और इसे पूरी तरह अवैध करार देते हुए उनकी गिरफ्तारी की मांग की है। पूर्व अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने उत्तर 24 परगना के बारासात में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राज्य की टीएमसी पर न्यायपालिका को प्रभावित करने की कोशिश का आरोप लगाया।उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिया था कि बैठक केवल निर्धारित अधिकारियों के साथ होनी चाहिए, जिसमें राज्य के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक हों।

ममता की मौजूदगी पर भी बवाल

यह पहली बार नहीं है जब मनोज पंत की मौजूदगी को लेकर विवाद हुआ हो। इससे पहले भी मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी के साथ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी के दौरान उनकी मौजूदगी पर सवाल उठे थे। कोलकाता में मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के बाहर मंगलवार को उस समय तनाव फैल गया जब नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी वहां पहुंचे। आरोप है कि कुछ टीएमसी समर्थक बूथ लेवल अधिकारियों ने गो बैक के नारे लगाए और कथित तौर पर जूता भी फेंका, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच झड़प हो गई।

टीएमसी बोली- ऐसी घटनाओं का समर्थन नहीं करते

पुलिस को स्थिति नियंत्रित करने के लिए हस्तक्षेप करना पड़ा और इस दौरान एक व्यक्ति के घायल होने की खबर है। वहीं, टीएमसी प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि पार्टी इस तरह की घटनाओं का समर्थन नहीं करती, लेकिन उन्होंने आरोप लगाया कि सुवेंदु अधिकारी लगातार लोगों को उकसा रहे हैं, जिसके चलते ऐसी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। इस पूरे घटनाक्रम ने एसआईआस प्रक्रिया और प्रशासनिक निष्पक्षता को लेकर राज्य की राजनीति को और गर्मा दिया है। बंगाल के अधिकारियों ने इन आरोपों को खारिज कर दिया है।

नबीन ने नेहरू पर लगाया बड़ा आरोप

तिब्बत में भारत के हक चीन को सौंपे, केवल परिवारहित बढ़ाया

नितिन नबीन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने नेहरू-गांधी परिवार पर हमला बोला है। बुधवार को उन्होंने उन्होंने इसे 'समझौता मिशन' की राजनीति बताते हुए आरोप लगाया कि परिवार के हितों को देशहित से ऊपर रखा गया। नवीन ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 1954 में बिना किसी प्रतिफल के तिब्बत में भारत के अधिकार चीन को सौंप दिए।

उन्होंने कहा कि नेहरू के फैसलों ने राष्ट्रीय हितों को नुकसान पहुंचाया। देश का युवा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहता है। यदि उसे गुमराह करने की कोशिश की जाती है तो यह समाज के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि जनता अब तथाकथित 'समझौता मिशन' को समझ चुकी है और भविष्य में वही नेतृत्व स्वीकार करेगी जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखे।

राजीव ने रक्षा सौदों का उपयोग निजी हितों में किया

नबीन ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के कार्यकाल का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि उस समय रक्षा सौदों का इस्तेमाल निजी हितों के लिए किया गया। रक्षा सेवाओं के माध्यम से निजी बैंक खातों को भरने का काम हुआ। नवीन ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को 'विदेशी शक्तियों की कठपुतली' बताते हुए कहा कि कांग्रेस का चुनावी इतिहास यही है।

भाटिया ने प्रियंका को 'फीमेल गजनी' कहा

गाजा को लेकर दिए गए बयान पर कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा और भाजपा के बीच सियासी टकराव तेज हो गया है। प्रियंका गाजा में कथित नरसंहार का मुद्दा उठाने और पीड़ितों के लिए न्याय की मांग करने की बात कही थी। भाजपा ने प्रियंका पर चुनिंदा आक्रोश दिखाने का आरोप लगाया और उन्हें भारतीय राजनीति की फीमेल गजनी कहा। भाटिया ने 1,200 की हत्या और दुराचार पर प्रियंका चुप क्यों हैं?

राहुल ने मो. दीपक को बताया देशभक्त

नफरत के खिलाफ खड़े होकर पेश की नई मिसाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उत्तराखंड के कोटद्वार के जिम संचालक दीपक कुमार की सराहना करते हुए उन्हें सच्चा देशभक्त बताया है।

राहुल ने कहा कि दीपक ने नफरत के खिलाफ डटकर कमजोर की रक्षा की और इससे बड़ी देशभक्ति कोई नहीं हो सकती। दीपक उस समय चर्चा में आए जब उन्होंने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का विरोध किया, जो कथित तौर पर एक मुस्लिम दुकानदार को परेशान कर रहे थे। राहुल ने एक्स पर दीपक और उनके मित्र विजय रावत के साथ मुलाकात का वीडियो साझा किया। उन्होंने लिखा कि देश में करोड़ों लोगों के दिल में प्रेम और सौहार्द्र की भावना है, लेकिन मन में डर भी है। दीपक ने लोगों को रास्ता दिखाया है। जो समाज को डराते हैं, वे कायर हैं। उनसे डरने की जरूरत नहीं है। दीपक ने तिरंगे और संविधान की रक्षा की है।

कृषि मंत्री शिवराज की दो टूक

किसानों के हितों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि क्षेत्र में केंद्र सरकार की ओर से किए गए कार्यों की तारीफ की।

उन्होंने कहा कि आज की तारीख में कृषि क्षेत्र में हालात सुधरे हैं। वहीं शेष विसंगतियों को दूर करने की दिशा में काम किया जा रहा है। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि इस दिशा में किसी भी प्रकार की कोताही ना बरती जाए। उन्होंने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली का ही नतीजा है कि आज हम चावल के उत्पादन में शीर्ष स्थान पर आ चुके हैं। गेहूं के उत्पादन की मात्रा में भी इजाफा देखने को मिला है। खाद्यान्न का 33 फीसद हिस्सा बढ़ा है और हमें पूरा विश्वास है कि आगामी दिनों में हम इसी दिशा में काम करते रहेंगे। हमने इस संबंध में पूरी रूपरेखा तैयार कर ली है। हम उसी के अनुरूप अभी काम कर रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री सिंधिया बोले- यह मामला चौंकाने वाला

आईना-तौलिया के इंतजाम चाह रहे निदेशक पर होगी कार्रवाई, 7 दिन में जवाब पेश करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बीएसएनएल के निदेशक विवेक बंजल के प्रस्तावित प्रयागराज दौरे वाला विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब उनकी मुश्किलें और बढ़ गई हैं। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इसे अनुचित और अस्वीकार्य बताया।

निदेशक को कारण बताओ नोटिस जारी किया जा चुका है। दरअसल दौरे की तैयारी में करीब 50 अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपे जाने के निर्देश थे। निजी उपयोग की वस्तुओं तक की व्यवस्था के लिखित निर्देश थे। इसके बाद से ही ये पत्र वायरल हो गया। सिंधिया ने साफ कहा कि स्थापित नियमों और प्रशासनिक परंपराओं का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निदेशक को 7 दिन में जवाब देने को कहा गया है। मंत्री ने कहा कि यह 21वीं सदी है और इस तरह का व्यवहार चौंकाने वाला है।

दौरे की तैयारी में क्या क्या लिखा गया था?

कार्यालय आदेश के अनुसार बंजल 25-26 फरवरी को दो दिवसीय दौरे पर प्रयागराज आने वाले थे। 19 फरवरी को जारी प्रोटोकॉल नोटिस में लगभग 50 अधिकारियों और कर्मचारियों को अलग-अलग कार्य सौंपे गए। कार्यक्रम में स्वागत, संगम स्नान, नौका विहार और बड़े हनुमान मंदिर, अक्षयवट तथा पातालपुरी मंदिर के दर्शन शामिल थे। किस अधिकारी की क्या भूमिका होगी, यह लिखित में दर्ज था।

एआई समिट में शामिल 3 प्रदर्शनकारियों को ले जा रहे थे

हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले की पुलिस की कार्रवाई

हिमाचल पुलिस ने दिल्ली पुलिस के 20 जवानों को हिरासत में लिया

एजेंसी ▶▶ शिमला

हिमाचल प्रदेश से बड़ी खबर है। दिल्ली पुलिस ने एआई समिट में प्रदर्शन करने वाले 3 युवा कांग्रेस वर्करों को शिमला जिले के रोहड़ू से हिरासत में लिया है।

अब सोलन पुलिस ने सभी को रोक लिया है। हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले की पुलिस ने दिल्ली पुलिस के 20 जवानों को हिरासत में लिया है। इस मामले में अब हिमाचल और दिल्ली पुलिस आमने सामने हो गए है। यूथ कांग्रेस के तीनों कार्यकर्ताओं को शिमला में जिला अदालत में लाया गया और

एसीजेएम कोर्ट नंबर में 2 में पेश किया गया। इससे पहले, सोलन पुलिस ने धर्मपुर के पास सभी को रोक लिया था। एआई समिट में प्रदर्शन करने वालों में तीन यूथ कांग्रेस के वर्कर हिमाचल प्रदेश के रहने वाले नहीं है, लेकिन इन्होंने प्रदर्शन किया था और फिर शिमला के रोहड़ू में छिप गए थे।

समिट में हंगामा करने वाला हंसते हुए कोर्ट में पहुंचा

एआई समिट में कांग्रेस के युवा कार्यकर्ताओं ने टी-शर्ट उतारकर विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील के खिलाफ था। लगभग तीन लाख लोग इस कार्यक्रम में मौजूद थे. पुलिस ने कई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। इस घटना से कई लोगों को दुख और चिंता हुई। बुधवार को आरोपियों की पेशी थी। इस दौरान यूथ कांग्रेस का एक गिरफ्तार आरोपी हंसते हुए नजर आया। उसने अपने अन्य साथियों को हाथ हिला कर हैलो भी किया।

नेशनल काउंसिल जेसीएम की ड्राफ्ट कमेटी की बैठक

54,000 न्यूनतम वेतन और पुरानी पेंशन बहाली पर हो रहा मंथन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार के एक करोड़ से अधिक सरकारी कर्मचारियों और सेवानिवृत्त पेंशनधारियों के लिए एक अहम खबर सामने आई है। लंबे समय से 8 वें वेतन आयोग की राह देख रहे कर्मचारियों की वेतन वृद्धि और अन्य मांगों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया अब तेज हो गई है।

नई दिल्ली में नेशनल काउंसिल जेसीएम की ड्राफ्ट कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक शुरू हो चुकी है, जिसका मुख्य उद्देश्य वेतन संरचना, भत्ते और पेंशन से जुड़े अहम मुद्दों पर एक साझा ज्ञापन तैयार करना है।

8वां वेतन आयोग की राह देख रहे एक करोड़ सरकारी कर्मचारी- पेंशन धारी

कर्मचारी 3.25 फिटमेंट फैक्टर की मांग कर रहे

कर्मचारियों की बेसिक सैलरी तय करने में फिटमेंट फैक्टर की अहम भूमिका होती है। कर्मचारी लंबे समय से 3.25 फिटमेंट फैक्टर लागू करने की मांग कर रहे हैं। इसके साथ ही, वर्तमान आर्थिक स्थिति को देखते हुए न्यूनतम वेतन को बढ़ाकर 54,000 रुपए तय करने का भी प्रस्ताव है।

तेज हुई वेतन आयोग की आधिकारिक कार्यवाही

नई दिल्ली के जनपथ स्थित चंद्रलोक बिल्डिंग में आयोग को हाल ही में कार्यालय उपलब्ध करा दिया गया है, जिसे आयोग की औपचारिक कार्यवाही को गति मिलने का एक स्पष्ट संकेत माना जा रहा है। इस वेतन आयोग की अध्यक्षता रंजना देसाई कर रही हैं। जेसीएम की ड्राफ्टिंग कमेटी करीब एक सप्ताह तक विभिन्न कर्मचारी संगठनों से सुझाव जुटाकर व्यापक विचार-विमर्श कर रही है। इसका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी अहम मुद्दा छूट न जाए और करीब 1.2 करोड़ कर्मचारियों व पेंशनधारियों की ओर से आयोग के समक्ष एक मजबूत तथा संगठित प्रस्ताव रखा जा सके।

ये रहीं अन्य मांगें

- सालाना इंक्रीमेंट: केंद्रीय कर्मचारी महासंघ का सुझाव है कि इसे बढ़ाकर 7 प्रतिशत किया जाए या फिर कर्मचारियों को साल में दो बार इंक्रीमेंट का वित्तीय लाभ दिया जाए।
- पुरानी पेंशन योजना की बहाली: पुरानी पेंशन योजना को वापस लागू करने की मांग इस ड्राफ्टिंग कमेटी की चर्चाओं का एक बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा है।
- -मेडिकल और लीव एन्कैशमेंट में भारी इजाफा: जिन क्षेत्रों में केंद्रीय सरकारी स्वास्थ्य योजना की सुविधा उपलब्ध नहीं है, वहां फिक्स्ड मेडिकल अलाउंस को मौजूदा 1,000 से बढ़ाकर सीधे 20,000 रुपए प्रतिमाह करने का प्रस्ताव है।

श्री चैतन्य महाप्रभु जयंती महोत्सव में आनंद कॉलोनी, उखड़ी रोड, फूटाताल सराफा में निकली प्रभात फेरी हरिनाम संकीर्तन यात्रा

हरि नाम संकीर्तन से वातावरण होता है भक्तिमय

जबलपुर। नाम जप और भगवान नाम संकीर्तन से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। सकारात्मक ऊर्जा जीवन में नूतन नये सृजन के कार्य करवाती हैं। नाम संकीर्तन करते हुए प्रभात फेरी से तन और मन दोनों स्वस्थ तो रहते ही हैं साथ ही आस-पास का वातावरण भक्तिमय हो जाता है।

होली खेल रहे बांके बिहारी आज रंग बरस रहा, राम राम राम रामा जय सीतारामा ।राधे राधे गोविन्द गोविन्द राधे, आज ब्रज में होरी रे रसिया, होरी खेलन आयो नंदलाल राधा संग सखियों से, सीताराम सीताराम सीताराम कहिए, गोपाला गोपाला गोपाला मुरली मनोहर नंदलाला हरिनाम संकीर्तन करते रसिक भक्त वृंद, छतों अटारियों से पुष्प वर्षा करती महिलाएं, आरती उतार कर लड्डू गोपाल, श्री चैतन्य महाप्रभु की पूजा अर्चना करते हुए भक्तों ने आनंद कॉलोनी, मां नर्मदा होम्स,उखड़ी रोड, विवेक कला मंदिर, व्यौहार बाडा, फूटाताल मैदान, राम मंदिर खटीक मुहल्ला, नरघैया, कमानिया गेट, सराफा, दरहाई से वापस विवेक कला मंदिर सठिया कुआं में फूलों की होली के साथ श्री चैतन्य महाप्रभु जन्मोत्सव की गलियों में श्री चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल मिलौनीगंज, श्रीराधा नाम एवं जाबालीपुरम संकीर्तन मंडल की संकीर्तन मंडलियों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु ढोलक मंजीरे झांझ के साथ नाचते गाते हुए,हरिनाम जाप करते गली गली सनातन संस्कृति की अलख जगाते हुए सुबह सुबह 6 बजे से महेंद्र नामदेव आनंद कॉलोनी एवं सठिया कुआं फूटाताल में प्रभात फेरी निकली गई ।रथ पर सवार भगवान श्री लड्डू गोपाल विग्रह का जगह जगह पुष्प वर्षा, आरती,स्वागत कर प्रसाद वितरण किया। हरिनाम संकीर्तन यात्रा में देवेंद्र त्रिपाठी, सुरेन्द्र गिरी, सत्यप्रकाश नामदेव, सुरेन्द्र नामदेव, हेमराज, हेमवती नामदेव,असाटी जी , अजय मनीषा तिवारी ,राज प्रीति मिश्रा, सोनिका सिंह, नेहा जैन ,टीना साहू, सुभाष ताम्रकार, अंकित प्रीति परिहार, सुधीर प्रीति मिश्रा, अनुरोध मनीषा पटेरिया, के एल दीक्षित, अमित विश्नोई, जितेंद्र शर्मा, सुरेश विश्वकर्मा आशुतोष अग्रहरि, सत्य प्रकाश सराफ,डॉ सुधीर स्वामी, अरुण महाजन, रचित सोनी, बाबी, राकेश सोनी, राजू यादव,पवन साहू, श्याम गुप्ता, नवदीप पटवा, अमर सिंह ठाकुर, विध्येश भापकर सुधांशु परेता ,सुरेन्द्र पांडे ब्रजेश अग्रहरि, अनमोल यादव, रंजीत राय, अनिल आचार्य, अनिल रैकवार, मनोज सेन , सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त की उपस्थिति रही।

निगम का दावा: 7 हजार आवारा श्वानों का बधियाकरण, टोल-फ्री नंबर जारी

जबलपुर। शहर में आवारा श्वानों की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम ने व्यापक अभियान शुरू किया है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने बताया कि निगम द्वारा नियुक्त एजेंसी ने पिछले एक वर्ष में 7,072 आवारा श्वानों का बधियाकरण किया है।आवारा श्वानों से संबंधित शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए नगर निगम ने टोल-फ्री नंबर 8982804546 जारी किया है। इस नंबर पर प्राप्त शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।निगमायुक्त ने डॉ. पी.जी. नाजपांडे एवं विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर अभियान की समीक्षा की। बैठक में श्वान नियंत्रण के लिए समन्वित प्रयासों पर जोर दिया गया।डॉ. पी.जी. नाजपांडे ने गढ़ा क्षेत्र को 'हॉट स्पॉट' के रूप में चिन्हित करते हुए वहां विशेष सघन अभियान चलाने का सुझाव दिया। निगमायुक्त ने निर्देश दिए हैं कि आवारा श्वानों को केवल निर्धारित 'फीडिंग जोन' में ही भोजन कराया जाए, ताकि सार्वजनिक स्थानों पर असुरक्षा की स्थिति न बने।निगमायुक्त श्री अहिरवार ने डॉग प्रेमियों और आम नागरिकों से अभियान में सकारात्मक सहयोग की अपील की है, जिससे शहर में संतुलित और सुरक्षित वातावरण बनाए रखा जा सके।

स्वच्छता अभियान: माँ नर्मदा के घाटों एवं तालाबों के आस-पास किया श्रमदान

जबलपुर। नगर निगम के निर्देश पर शहर के प्रमुख जल स्रोतों तिलवारा घाट, संग्राम सागर, शाही तालाब, इमरती तालाब, हनुमानताल और गोकुलपुर तालाब पर विशेष स्वच्छता अभियान सफलतापूर्वक संचालित किया गया। अभियान में नगर निगम की टीम और स्वयंसेवकों ने घाटों, सीढ़ियों और आसपास के क्षेत्रों से कचरा एकत्र कर विधिवत निस्तारित किया।साथ ही नागरिकों और श्रद्धालुओं को पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। नगर निगम ने सभी से अपील की कि गीला और सूखा कचरा अलग रखें, केवल डस्टबिन का उपयोग करें, 'सिंगल यूज़ प्लास्टिक' का उपयोग बंद करें और पूजन सामग्री केवल समर्पित 'अर्पण कलश' में डालें। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने कहा, "स्वच्छ घाट और पवित्र नर्मदा हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। आइए, हम सब मिलकर जबलपुर को स्वच्छ बनाएं।"

2025 में आयोजित CS परीक्षाओं का परिणाम घोषित

जबलपुर के विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन

जबलपुर।

इंस्टिट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरी ऑफ इंडिया द्वारा दिसंबर 2025 में आयोजित CS परीक्षाओं का परिणाम आज घोषित किया गया। घोषित परिणामों में इस वर्ष भी जबलपुर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शहर का गौरव बढ़ाया। CS Professional परीक्षा में शहर के अनेक विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर कंपनी सेक्रेटरी बनने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की, विशेष रूप से आस्था पटेल ने अखिल भारतीय स्तर पर AIR-7 प्राप्त कर जबलपुर का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया, जो पूरे शहर के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के

आशीर्वाद तथा अपने गुरु राकेश यादव, पिंकी यादव, अभिषेक रंगवानी, साक्षी असवानी एवं संस्था सीए सीएस दुनिया यादव कॉलोनी लेबर चौक, जबलपुर के मार्गदर्शन को दिया। इसी क्रम में अन्य विद्यार्थी जिनमें भाविका जैसिंघानी, अनुकृति सिंह, अनुष्का जैन, दिशा गोस्वामी, सरलीन कैथ, विधि यादव, यशवर्धन सोनी, सुरभि अग्रवाल ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की, जो उनकी मेहनत, समर्पण एवं उत्कृष्ट तैयारी का परिणाम है। अन्य सफल अभ्यर्थियों में आस्था पटेल, मनुश्री तिवारी, पलक राय, नंदिनी जैन, मुस्कान कनोजिया, काजल रजक शामिल हैं, जिन्होंने CS प्रोफेशनल परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर अपने परिश्रम का उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि इन सभी विद्यार्थियों ने अपनी संपूर्ण तैयारी संस्था सीए सीएस दुनिया यादव कॉलोनी लेबर चौक, जबलपुर में टीचर्स राकेश यादव, पिंकी यादव, अभिषेक रंगवानी, साक्षी असवानी के मार्गदर्शन में सफलता प्राप्त की।

जय महाकाल संघ JMS में नियुक्तियां जारी

जबलपुर। जय महाकाल संघ अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कन्हैया रामकृष्ण तिवारी द्वारा संगठन कार्य विस्तार की दृष्टि से समाज में सेवानिवृत्त हो चुके बंधुओं को हिन्दू समाज के कार्य करने प्रेरित कर संगठन विचार से जोड़ने राजेन्द्र साहू को अध्यक्ष, पश्चिम विधानसभा अध्यक्ष सेवानिवृत्त महासंघ एवं आशीष शुक्ला को अध्यक्ष बरगी विधानसभा नियुक्त होने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष कन्हैया तिवारी, आशीष विश्वकर्मा, सुमित यादव, सुजीत सिंह ठाकुर, विपिन तंतुवाय ने हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी।

पमरे जीएम ने किया 'संरक्षा' ऐप का वर्चुअल उद्घाटन

जबलपुर,। पश्चिम मध्य रेल की महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय द्वारा जबलपुर मंडल के नव-विकसित 'संरक्षा' मोबाइल ऐप और वेब पोर्टल का वर्चुअल माध्यम से भव्य उद्घाटन किया गया। यह ऐप भारतीय रेल की सुरक्षा और कार्यक्षमता को डिजिटल रूप देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। निरीक्षणों की प्रामाणिकता सुनिश्चित करने के लिए इसमें जीपीएस ट्रैकिंग की सुविधा दी गई है। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को फोटो के साथ रियल-टाइम में अपलोड किया जा सकता है। एसएमएस के माध्यम से संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को तुरंत अलर्ट और अनुपालन के निर्देश प्राप्त होंगे। इस वर्चुअल कार्यक्रम में प्रवीण खोराना, प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी अमित कुमार साहनी वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी जबलपुर मंडल सहित अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

मानव सेवा का संकल्प एवं स्वास्थ्य शिविर के तीसरे दिन 2515 हितग्राहियों ने परीक्षण

जबलपुर। पूर्व विधानसभा क्षेत्र में जनकल्याण की भावना से प्रेरित कांग्रेस मानव सेवा का संकल्प एवं स्वास्थ्य शिविर के तीसरे दिन मंगलवार को शुब्बाशाह मैदान में प्रातः 10:00 बजे से शिविर प्रारंभ हुआ जो शाम 5:00 बजे तक जारी रहा, जिसमें जन समूह का तांता लगा रहा। तीसरे दिन लगभग 2515 हितग्राहियों ने अपना परीक्षण कराया जिसमें 1100 हितग्राहियों का चश्मे के लिए पंजीयन किया गया। 124 हितग्राहियों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए पंजीयन किये गये। लगभग 1291 हितग्राहियों को दवाईयों का वितरण किया गया।

पूर्व कैबिनेट मंत्री, विधायक लखन घनघोरिया के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य शिविर में चिहिन्त हितग्राहियों के निःशुल्क ऑपरेशन के लिए विशेष सुविधाएं प्रदान की जायेंगी। जिन मरीजों कों आँखों के

ऑपरेशन की आवश्यकता है, उनके लिये भी निःशुल्क ऑपरेशन डॉक्टरों द्वारा कराया जायेगा, स्वास्थ्य शिविर में ब्लाक अध्यक्ष आजम खान, पार्षद कलीम खान, मतीन अंसारी, राजू लईक, पार्षद गुलाम हुसैन, ताहिर अली, आरिफ हसन सिद्धीकी, शहबाज मंसूरी, आबिद मंसूरी, आसिफ इकबाल, तौफिक खान चंकी, काजी जियाउद्दीन, सरफराज आसिफ कुरैशी, शाहिद गुलशेर, शेरा, तौफीक मंसूरी, शफीक अंसारी आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कंस वध, गोपी-उद्धव संवाद, श्री रुक्मणि-कृष्ण विवाह से मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

जबलपुर। जबलपुर के न्यू नर्मदा नगर में आज से एक विशेष धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत हुई है। नगर के निवासी लवकुश तिवारी ने जानकारी दी कि उनके माता-पिता रविंद्र-कुसुम तिवारी के सानिध्य में 'संगीतमय सप्ताह ज्ञान यज्ञ' का आयोजन किया जा रहा है। यह ज्ञान यज्ञ 20 फरवरी से 27 फरवरी 2026 तक चलेगा जिसमें चित्रकूट से पधारे कथा व्यास गोकरण शास्त्री अपने मुखारबिंद से भक्तजनों को भागवत कथा के माध्यम से रसपान करवाएंगे, यह आयोजन लवकुश तिवारी के निजी निवास, न्यू नर्मदा नगर, जबलपुर में हो रहा है। 25 फरवरी को महारास की कथा, कंस वध, गोपी-उद्धव संवाद, श्री रुक्मणि-कृष्ण विवाह महोत्सव का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में

राघवेंद्र तिवारी, कुसुम तिवारी और प्रीति तिवारी सहित पूरा परिवार बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहा है। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने और आयोजन को सफल बनाने के लिए सहयोग की अपील की है। इस आयोजन से क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल बना हुआ है।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, जबलपुर में वार्षिक स्नेह सम्मेलन और पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न

जबलपुर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय में "वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पारितोषिक वितरण कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि कन्हैया लाल रवानी, समाजसेवी ने सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर किया। विशिष्ट अतिथि आशीष राव, अध्यक्ष महाविद्यालय जनभागीदारी समिति, डॉ. स्मृति शुक्ला, प्राचार्य, शा. मानकुंवर बाई महाविद्यालय, डॉ. शिखा सक्सेना, प्राचार्य, शा. विज्ञान महाविद्यालय और कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि वार्षिक उत्सव केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि वर्षभर की मेहनत और उपलब्धियों का उत्सव है। विशिष्ट अतिथियों ने भी शिक्षा के महत्व और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सर्वश्रेष्ठ छात्रों और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. तृप्ति उकास ने किया और आभार प्रदर्शन डॉ. रविश तमन्ना ताजिर ने किया। कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ. ए.सी. तिवारी, डॉ. शुभांगी धगट, डॉ. मलय वर्मा और अन्य सभी कर्मचारियों ने सहयोग दिया।

आधुनिक पशु चिकित्सा पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आज से

वीयू में देश भर के विशेषज्ञ करेंगे मंथन

जबलपुर। नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय (वीयू), जबलपुर और इंडियन सोसाइटी फॉर वेटरनरी सर्जरी के संयुक्त तत्वावधान में 48वें वार्षिक अधिवेशन एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन आज गुरुवार 26 फरवरी से शुरू होने जा रहा है। तीन दिनों तक चलने वाले इस महाकुंभ में आधुनिक पशु चिकित्सा और उन्नत इमेजिंग तकनीकों पर देश भर के विशेषज्ञ मंथन करेंगे। उक्त जानकारी बुधवार को वेटरनरी कॉलेज के समागम में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में विश्वविद्यालय के कुलगुरु एवं आयोजन अध्यक्ष प्रो. मनदीप शर्मा , अधिष्ठाता, आयोजक व कॉन्फ्रेंस की आयोजन सचिव डॉक्टर अपरा शाही ने दी। पत्रकारों से चर्चा में कुलपति प्रो मनदीप शर्मा ने बताया कि यह कॉन्फ्रेंस 26 से 28 फरवरी, 2026 के बीच पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में आयोजित की जा रही है। कॉन्फ्रेंस में ₹पशु शल्य चिकित्सा एवं इमेजिंग में एकीकृत क्षितिजः स्कैल्पेल से स्क्रीन तक₹

विषय पर चर्चा होगी।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री लखन पटेल, विशिष्ट अतिथिः डॉ. उमेश चंद्र शर्मा, प्रेसिडेंट, वेटरनरी काउंसिल ऑफ इंडिया, हैं। सम्मेलन में पशु चिकित्सा के क्षेत्र में हो रहे तकनीकी बदलावों पर चर्चा होगी। इसमें देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 500 वैज्ञानिक, शिक्षाविद और शोधार्थी शामिल हो रहे हैं। कॉन्फ्रेंस के दौरान कुल 449 शोध सारांश और 8 मुख्य शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। तकनीकी सत्रः कुल 11 सत्र आयोजित होंगे, जिनमें एनेस्थीसिया, एवियन सर्जरी, ऑर्थोपेडिक, रेडियोलॉजी, वन्यजीव और लघु पशु शल्य चिकित्सा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी।उन्होंने बताया कि इस अवसर पर पशु चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विशेषज्ञों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया जाएगा। डॉ. जे. एम. निगम को 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन रूमिनेंट सर्जरी' से नवाजा जाएगा। सोसाइटी के वरिष्ठ संस्थापक सदस्य डॉ. एम. आर. पटेल (99 वर्ष) एवं डॉ. पी. ई. कुलकर्णी (95 वर्ष) को उनके विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त, डॉ. विजय परिहार को 'ओ. रामकृष्ण ओरेशन पुरस्कार' तथा अन्य मेधावियों को 'यंग साइंटिस्ट' और 'सर्वश्रेष्ठ चिकित्सक' पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

प्रेस कॉन्फ्रेंस मेंडीन डॉक्टर आरके शर्मा, स्कूल ऑफ वाइल्ड फोरेंसिक हेल्थ की निदेशक डॉक्टर शोभा जावरे, एआर डॉक्टर रामकिंकर मिश्रा, मीडिया अधिकारी डॉक्टर सोना दुबे, सर्जरी विभाग से डॉक्टर रणधीर सिंह, डॉक्टर बबिता दास आदि उपस्थित थे।

शोध और वैज्ञानिक प्रमाणों पर आधारित चिकित्सा विज्ञान और वैदिक सनातन ज्ञान का संगम ही भविष्य की चिकित्सा पद्धति की दिशा सुनिश्चित कर सकता है : स्वामी रामदेव

हरिद्वार। पतंजलि अनुसन्धान संस्थान और पतंजलि विश्विद्यालय के तत्वधान में आज दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन पी2पी4 एथनोफार्माकोलॉजी बियान्ड टाइम्स सम्पन्न हुआ। इस सम्मेलन के माध्यम से विश्व को यह स्पष्ट संदेश प्रदान किया गया कि पारंपरिक उपचार पद्धतियाँ केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि वैज्ञानिक परीक्षण और प्रमाण के माध्यम से भविष्य की वैश्विक स्वास्थ्य व्यवस्था का सशक्त आधार बन सकती हैं। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनमें पेरूजिया विश्वविद्यालय, इटली और इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर एथनोफार्माकोलोजी के प्रेजिडेंट, प्रोफेसर डोमेनिको विटोरियो डेलफिनो, कोट द'अजूर विश्वविद्यालय, फ्रांस से प्रोफेसर लुई-फेलिक्स नॉटियस, ग्राज विश्विद्यालय, आस्ट्रिया से प्रोफेसर रुडोल्फ बाउर, नीदरलैंड्स से एल्सेवियर प्रकाशन की सीनियर पब्लिशर, प्रोफेसर ऐन मैरी शोनी-पोरडॉन, माए फ्रा लुआंग विश्विद्यालय, थाईलैंड से प्रोफेसर तिडारेट डुआंग्योट,सोसाइटी फॉर एथनोफार्माकोलोजीके संस्थापक पुलक के. मुखर्जी, एम्स,कल्याणी सेप्रोफेसर वाई. के. गुप्ता, एम्स, ऋषिकेश की निदेशक प्रोफेसर मीनू सिंह औरउनके साथ प्रोफेसर पुनीत धामिजा, एम्स,नईदिल्ली से प्रोफेसर (मेजर)एम. डी. रे, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई से प्रोफेसर विक्रम गोटा, एवं नाइपर, मोहाली से प्रोफेसर संजय जाचक, आदि देश-विदेश के प्रतिष्ठित

वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और चिकित्सा विशेषज्ञों ने भाग लेकर आयुर्वेद, आधुनिक विज्ञान और चिकित्सा के समन्वय पर गहन मंथन किया। इस अवसर पर योगऋषि स्वामी रामदेव ने इस सम्मेलन में उपस्थित गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि शोध और वैज्ञानिक प्रमाणों पर आधारित चिकित्सा विज्ञान और वैदिक सनातन ज्ञान का संगम ही भविष्य की चिकित्सा पद्धति की दिशा सुनिश्चित कर सकता है। हजारों वर्षों से संरक्षित भारतीय चिकित्सा ज्ञान को वैज्ञानिक प्रमाणों के साथ प्रस्तुत करना समय की आवश्यकता हैऔर पतंजलि एक वैश्विक केंद्र के रूप में प्रमाण-आधारित भारतीय चिकित्सा को विश्वसनीयता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि विश्वभर में आयुर्वेद और सिद्ध चिकित्सा पद्धति के साथ ही यूनानी, मिश्र, ग्रीक, तिब्बती, चीनी, जापानी, कोरियाई चिकित्सा पद्धति विद्यमान है, आवश्यकता है इन चिकित्सा पद्धतियों को शोध और साइंटिफिक वैलिडेशन के साथ विश्व के समक्ष प्रस्तुत करने की, जिससे एक होलिस्टिक और प्रिवेंटिव हेल्थ केयर मॉडल और ग्लोबल हेल्थ का एक सशक्त माध्यम बन सके जिससे जनमानस को रोगों के लिए एक सुगम, सुरक्षित, सुलभ समाधान मिले। सम्मेलन में प्रख्यात नैदानिक वैज्ञानिक डॉ. वाई. के. गुप्ता ने ज्ञान के आयामों को अत्यंत सरल शब्दों में प्रस्तुत करते हुए कहा कि कहा कि वास्तविक शोध वहीं से प्रारंभ होता है जहां स्वीकार किया जाता है कि अभी बहुत कुछ अज्ञात है। यही दृष्टिकोण प्रमाण आधारित आयुर्वेद की आधारशिला है।

स्वामी जी एवं आचार्य जी के मार्गदर्शन में आयुर्वेद को वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित करने की दिशा में पतंजलि द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है। पतंजलि का यह दृष्टिकोण केवल परंपरागत ज्ञान को संरक्षित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि उसे आधुनिक शोध पद्धतियों के माध्यम से प्रमाणित कर वैश्विक चिकित्सा मंच पर स्थापित करने का प्रयास है। पतंजलि के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने इस अवसर पर कहा कि पतंजलि आयुर्वेद, आधुनिक विज्ञान और आधुनिक चिकित्सा के समन्वय की दिशा में कार्यरत है। यह त्रिकोणीय मॉडल भविष्य की औषधि खोज का सशक्त माध्यम बन सकता है, जहाँ पारंपरिक ज्ञान प्रारंभिक संकेतों को आधार बना कर आधुनिक प्रयोगशालाओं के माध्यम से उन्हें प्रमाणित किया जा सकता है, एवं पतंजलि उसके लिए कार्यरत है।अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन पी2पी4 एथनोफार्माकोलॉजी बियान्ड टाइम्स ने यह संदेश दिया कि जब प्राचीन ज्ञान को आधुनिक विज्ञान की कसौटी पर परखा जाता है, तब वह और अधिक सशक्त होकर उभरता है। पतंजलि के प्रयास इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं, जो आयुर्वेद को वैश्विक स्तर पर वैज्ञानिक प्रतिष्ठा दिलाने की दिशा में निरंतर अग्रसर हैं। यह सम्मेलन केवल विचारों का आदान-प्रदान नहीं, अपितु भविष्य की स्वास्थ्य क्रांति का प्रारंभिक उद्घोष है, जहां 'प्लांट्स टू पेशेंट्स' की अवधारणा वास्तव में साकार हो रही है।

एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट का 'पशु विकास दिवस' : 1.55 लाख ग्रामीणों को लाभ

मुंबई। देश की अग्रणी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने 14 फरवरी 2026 को अपनी प्रमुख ग्रामीण पहल 'पशु विकास दिवस' का आठवां संस्करण सफलतापूर्वक आयोजित किया। 'सर्वोत्तम सेवा: पशु, परिवार और प्रगति' विषय पर आधारित इस अभियान के माध्यम से देशभर में 1.55 लाख से अधिक लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा। कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 1.4 लाख पशुओं का निःशुल्क उपचार, टीकाकरण एवं दवा वितरण किया गया, जबकि 14 हजार से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं में सहयोग प्रदान किया गया। इससे 30 हजार से अधिक परिवार लाभान्वित हुए। यह पहल 16 राज्यों की 510 ग्रामशक्ति शाखाओं में आयोजित की गई। मध्य प्रदेश में 41 स्थानों पर आयोजित शिविरों में करीब 16 हजार पशुओं का उपचार किया गया तथा 2,200 से अधिक परिवारों को लाभ मिला। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि नारायणन ने कहा कि पशुओं का स्वास्थ्य, परिवार की सुरक्षा और आर्थिक प्रगति एक-दूसरे से जुड़े हैं और यह पहल समग्र ग्रामीण विकास के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

दंतेवाड़ा में बचे सिर्फ 15 नक्सली सरेंडर नहीं करने पर मारे जाएंगे, ढूंढा जा रहा ठिकाना

राजेश दास ▶▶| जगदलपुर

केन्द्र सरकार द्वारा जारी नक्सल प्रभावित जिलों की सूची में छग के छह जिले में दंतेवाड़ा भी शामिल है। दंतेवाड़ा में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के खिलाफ विशेष अभियान चला रखा है, यही वजह है कि बीते दो साल में 53 हार्डकोर नक्सलियों को मार गिराया गया। इन पर करोड़ों रुपए का ईनाम घोषित था। हालांकि इस वर्ष नक्सलियों के साथ कोई मुठभेड़ नहीं हुई है, लेकिन वर्ष 2024 और 25 की बात करें तो फोर्स को नक्सल उन्मूलन में कई बड़ी सफलता मिल चुकी है। वर्तमान में यहां डीवीसीएम-बारसूर एरिया कमेटी सचिव व डिविजन कमाण्डर इन चीफ बीरू कश्यप उर्फ रामदेर के अलावा पीपीसीएम कम्पनी नम्बर 6 मानसिंग उपोण्डी उर्फ टूगे उपोण्डी, बारसूर एरिया कमेटी एलओएस कमाण्डर शंकर, बयानार एरिया कमेटी एसीएम कविता कश्यप तथा एसीएम मलांगेर एरिया कमेटी नंद कुमार माडवी समेत 15 नक्सली बचे हैं।

दो साल में चार शीर्ष नक्सलियों के साथ 53 ढेर

25 माह में 569 ने किया आत्मसमर्पण

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नक्सलवाद के खात्मे के एलान के बाद दंतेवाड़ा जिले में रिकार्ड 569 नक्सली समर्पण कर चुके है। वर्ष 2024 में 234, 2025 में 272 तथा वर्ष 2026 में अब तक 63 नक्सली समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो चुके है। इन दो वर्षों में अलग अलग इलाकों से 92 नक्सलियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। बरामद हथियारों की बात करें तो बीते 25 माह में अब तक 56 हथियार नक्सलियों से बरामद किया गया है।

गृहमंत्री विजय शर्मा को पत्र लिखकर की सुरक्षा-आश्वासन-पुनर्वास की मांग

15 माओवादी 3 मार्च को छग में करेंगे समर्पण, गृहमंत्री ने कहा-सुरक्षा मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

केन्द्र सरकार की डेडलाइन से 28 दिन पहले 3 मार्च को बीबीएम डिवीजन के 15 नक्सली छग में समर्पण करेंगे। इसके लिए उन्होंने गृहमंत्री को पत्र लिखकर सुरक्षा-आश्वासन और पुनर्वास की मांग की है। समर्पण करने वाले नक्सली रेडियो संदेश के माध्यम से सुरक्षा की गारंटी चाहते हैं, जिसके बाद गृह मंत्री ने आश्वस्त किया कि हमारी सरकार पुनर्वास नीति पर पहले से काम कर रही है ।

सशस्त्र संघर्ष जारी रखना अब उचित नहीं

विकास ने पत्र में लिखा कि बदलते सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक हालात में दीर्घकालिक सशस्त्र संघर्ष जारी रखना अब उचित नहीं है। इसलिए संगठन के 15 सदस्य मुख्यधारा में शामिल होने के लिए तैयार हैं। उन्होंने मांग की कि गृह मंत्री रेडियो संदेश के माध्यम से सुरक्षा की गारंटी दें ताकि सभी सदस्य निश्चिंत होकर बाहर आ सकें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आत्मसमर्पण में कुछ दिनों की देरी इसलिए हुई क्योंकि वे केंद्रीय समिति के निर्णय का इंतजार कर रहे थे। लेकिन जब वहां से कोई ठोस दिशा नहीं मिली, तब बीबीएम डिवीजन ने स्वतंत्र निर्णय लिया।

भारत सरकार ने जारी की एडवाइजरी

ईरान में जंग के हालात! भारतीयों से तत्काल देश छोड़ने की अपील

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने ईरान में रह रहे भारतीय लोगों के लिए एक नई गाइडलाइन जारी की है। मिली जानकारी के अनुसार, जारी की गई एक एडवाइजरी में ईरान में मौजूद अपने सभी नागरिकों से कहा कि वे किसी भी उपलब्ध ट्रांसपोर्ट के जरिए देश छोड़ दें। यह सलाह मिडिल ईस्ट में युद्ध के बढ़ते डर और तेहरान (ईरान) और वाशिंगटन (अमेरिका) के बीच बढ़ते तनाव के बीच आई है। तेहरान में भारतीय दूतावास के अनुसार, नई एडवाइजरी 'ईरान में बदलते हालात को देखते हुए' जारी की गई है। एडवाइजरी में कहा गया है, '14 जनवरी 2026 की एडवाइजरी में दोहराया गया है कि सभी भारतीय नागरिकों और पीआईओएस को सावधानी बरतनी चाहिए, विरोध या प्रदर्शन वाली जगहों पर जाने से बचना चाहिए, ईरान में भारतीय दूतावास के संपर्क में रहना चाहिए और किसी भी डेवलपमेंट के लिए लोकल मीडिया पर नजर रखनी चाहिए।'

जंग के हालात

भारत की एडवाइजरी ऐसे समय सामने आई है, जब पश्चिम एशिया में तनाव चरम पर है। अमेरिका ने अपने दो युद्धपोत ईरान के आसपास तैनात किए हुए हैं और साथ ही अपने लड़ाकू विमानों को भी पश्चिम एशिया में तैनात किया है। ईरान भी इस स्थिति से वाकिफ है ।

सुप्रीम कोर्ट में केंद्र का हलफनामा, मरीजों की सुरक्षा पर दिया तर्क

डॉक्टरों की योग्यता तय नहीं करती नीट पीजी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

नीट-पीजी 2025 के लिए क्वालीफाइंग पर्सेंटाइल कम किए जाने के फैसले का बचाव करते हुए केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि नीट पीजी न्यूनतम क्लिनिकल क्षमता का प्रमाणन नहीं करता, बल्कि सीमित स्नातकोत्तर सीटों के आवंटन के लिए मेरिट सूची तैयार करने का माध्यम है। न्यूनतम योग्यता एमबीबीएस डिग्री से ही स्थापित हो जाती है।

मरीज सुरक्षा को लेकर उठे सवालों पर जवाब

रोगी सुरक्षा को लेकर उठाई गई चिंताओं को 'भ्रामक' बताते हुए हलफनामे में कहा गया कि पोस्टग्रेजुएट प्रशिक्षण तीन वर्ष का संरचित कार्यक्रम है। प्रशिक्षण के दौरान उम्मीदवार वरिष्ठ संकाय और विशेषज्ञों की निगरानी में कार्य करते हैं।

नए कट-ऑफ कितने हैं?: इस बार नीट पीजी का कट-ऑफ काफी कम रखा गया है। जनरल और ईडब्ल्यू वर्ग के लिए कट-ऑफ 103 अंक तय किया गया है, जबकि जनरल पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों के लिए यह 90 अंक है। एससी, एसटी और अन्य पिछड़ा वर्ग वर्ग के लिए कट-ऑफ -40 अंक निर्धारित किया गया है।

कट-ऑफ कम क्यों किया गया?

कट-ऑफ कम करने के पीछे सरकार का मुख्य कारण यह बताया गया है कि बड़ी संख्या में पोस्टग्रेजुएट मेडिकल सीटें हर साल खाली रह जाती थीं। लगभग 70,000 सीटें उपलब्ध होने के बावजूद सभी सीटों पर दाखिला नहीं हो पा रहा था, जबकि दो लाख से अधिक छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे।

सोना लूटकर भागे शातिरों का शार्ट एनकाउंटर

बिलासपुर। यूपी मिर्जीपुर एसटीएफ पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान राजकिशोर नगर निवासी सराफा व्यापारी से जेवर व नकद लूटकर कार से भाग रहे दो लुटेरों को पकड़ लिया। वहीं दो अन्य शातिर लुटेरे अन्य जेवर लेकर भागने में कामयाब हो गए। दोनों के लखनिया दर्री जंगल में छिपने की सूचना पर पुलिस जंगल में गई तो वे पुलिस पर फायरिंग करने लगे। मुठभेड़ में पुलिस ने शॉर्ट एन्काउंटर करते हुए दोनों के पैर में गोली मारकर उन्हें पकड़ लिया और जेवर भी बरामद कर लिया। चारों आरोपियों से 3 किलो 768 ग्राम सोना,1 लाख 46 हजार नकद, 1 देशी पिस्टल, 1 जिंदा कारतूस, 1 खाली खोखा, 2 देशी कट्टे, 315 बोर के 2 जिंदा कारतूस जब्त किया गया।

राशिफल

मेष धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

वृष वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

मिथुन शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

कर्क आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

सिंह सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

कन्या किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

तुला मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

वृश्चिक शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

धनु आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

मकर व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

कुंभ मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

मीन परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

भारतीय एंबेसी ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर

तेहरान में इंडियन एंबेसी ने ईरान में सभी इंडियन नागरिकों से रिक्वेस्ट की है कि वे अपने इमिग्रेशन और ट्रैवल डॉक्यूमेंट्स जैसे आईडी और पासपोर्ट अपने पास रखें और किसी भी मदद के लिए एंबेसी से कॉन्टैक्ट करें. वहीं, एंबेसी ने इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं: +989128109115; +989128109109; +989128109102; +989932179359।

पश्चिम मध्य रेल
इंजीनियरिंग विभाग, खुली निविदा
निम्न लिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक**-डीआरएमडब्ल्यू-जे.बी.पी 30-2026, दिनांक 23/02/2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**-वरिष्ठ मंडल अभियंता (पश्चिम) जबलपुर के अंतर्गत विभिन्न ट्रैक नवीनीकरण कार्यो के संबंध में सिंगल शॉट क्रूसिबल का उपयोग करके 60 किलोग्राम/90 यूटीएस/आर260 रेल की इन-सीटू वेल्डिंग। **कार्य का अनुमानित मूल्य (रुपए)**-1,25,96,809/-,**बयाना राशि रुपए**-2,13,000/-, **समापन अवधि**-12 माह। **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तक**-17/03/2026, **निविदा खुलने का तिथि एवं समय 15:15 बजे**-17/03/2026। उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट "https://ireps.gov.in" पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नही की जायेगी। (हस्ता.)
मंडल रेल प्रबंधक (कार्य),पमरे/जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

कार्यालय नगर पालिका परिषद् गंजबासौदा
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
क्र/PWD/2026/1015 गंजबासौदा दिनांक 24/02/2026
नगर पालिका परिषद् गंजबासौदा द्वारा निम्न कार्य हेतु ई-निविदा का आमंत्रण किया गया है जिसका विवरण निम्नानुसार है-

ई-निविदा क्र.	कार्य का विवरण	कार्य की अनुमानित लागत	अमानत राशि	ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य	ई-निविदा क्रय अंतिम दिनांक
2026_UAD_484246_1	Interception and diversion of Nallahs with STP works project of Ganjbasoda Town under SBM 2.0	19,36,31,000.00	968155.00	30000.00	09.03.2026

निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड, करने एवं निविदा से संबंधित समस्त शर्ते एवं जानकारी mptenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद् गंजबासौदा की लोनिवि शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन होने पर बेवसाईट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद गंजबासौदा

आवश्यकता
आवश्यकता है - अनुभवी सुरक्षागार्ड, गनमैन, फिल्ड ऑफिसर, सिक्युरिटी सुपरवाइसर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, घरेलू कामवाली बाई वेतन योग्यता अनुसार आवास फ्री। पता- साई सिक्युरिटी सर्विस साई निवास कॉम्प्लेक्स जेजे हॉस्पिटल बाजू तोरवा बिलासपुर 8085233213, 8253010291, 722302602, 8889997826 (बिलासपुर /04/मार्च 26)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

शब्द पहेली - 6150



बाएँ से दाए-
1.छुट्टी,रजा-4
3.वध,आघात-4
5.दशानन-3
7.अनमोल,अनूठा-3
8.अनाथ,बेसहारा-3
10.खजूर-3
11.रहम करना-2,3
14.गहराई नापना-2,3
17.लगातार,सतत-5
20.संतुष्ट होना-2,3
23.बीच में,दौरान-3
24.खुश,आनंदित-3
25.शिक्षा-3
26.शोक-3
27.जांचना,परखना-4
28.धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

ऊपर से नीचे
2.मयखाना,मधुशाला-5
3.प्रेमकहानी-5
4.चापलूसी-4
6.नटना,वचन तोड़ना-4
7.फिजूल,व्यर्थ-3
9.अव्यवस्थित समूह,भीड़-3
12.गुजर करना-3
13.वेग,गति-3
15.खूबसूरत-3
16.पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17.गुजारिश,मांग-4
18.सुअर-3
19.गुस्सा होना-5
20.ममतापूर्ण-5
22.अयोग्य, असंगत-4

शब्द पहेली -6149 का हल

क	ल	र	व			मु	का	ब	ला
मी			त	म	त	मा	ना		ज
श	व		न	या		न	दी	जी	वा
न	र	क		न	म	क		ख	रा	ब
	दा	म	न		जा		न	फा		
	न		ख	त		म	न		म	
		सा	रा		आ		द	म	न	
अ	ना	र		र	स	म		त	ह	री
मा	ता		ल	क		सौ	त		र	त
न			च	म	क	दा	र			स
त	क	दी	र				ल	ल	का	र

सूडोकु नवताल- 6160

★★★★☆ मध्यम

4	6		3		8	9		7
	1		9		6		5	4
						8		
	4		5				8	
2		5		4		6		1
	3				1		7	
		3						
5	9		7		2		6	
7		6	4		3		9	2

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल- 6159 का हल

5	7	2	3	8	4	1	9	6
8	6	1	9	2	5	7	3	4
3	9	4	1	6	7	5	8	2
2	5	7	4	1	3	8	6	9
4	8	6	5	9	2	3	7	1
1	3	9	6	7	8	4	2	5
6	2	3	7	4	1	9	5	8
9	4	5	8	3	6	2	1	7
7	1	8	2	5	9	6	4	3

डॉक्टर्स सजेशन

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

केमिकल कलर्स से जब हो स्किन प्रॉब्लम

मेरी उम्र 28 वर्ष है। पिछले साल होली में रंग-गुलाल खेलने के बाद मेरी स्किन पर दाने और रैशेज हो गए थे। कृपया कोई ऐसा उपाय बताएं, जिससे इस बार ऐसी प्रॉब्लम न हो।

-सौरभ, हिसार

बाजार में तरह-तरह के केमिकल वाले रंग भी मिलते हैं। कई बार लोग इनका इस्तेमाल करते हैं। इसलिए इनके इस्तेमाल से खुद भी बचें और दूसरों को भी जागरूक करें। साथ ही रंग खेलने से पहले पूरे शरीर पर नारियल का तेल या मॉयश्चराइजर लगा लें। नारियल तेल ज्यादा बेहतर रहेगा। साथ ही केवल हर्बल कलर का इस्तेमाल करें। एक ही बार मे रंग छुड़ाने की कोशिश ना करें। कई लोग एक ही बार में पूरा रंग छुड़ाने के लिए कई बार साबुन लगाते रहते हैं। ऐसा न करें। अगर थोड़ा हल्का भी हो जाए तो अगले दिन उतर जाएगा। इस तरह त्वचा को बचाया जा सकता है।

मेरी उम्र 23 वर्ष है। अभी से ही मेरे सिर के आधे से अधिक बाल सफेद हो गए हैं। कृपया बताएं कि इसकी क्या वजह है और इसे कैसे ठीक किया जा सकता है?

-विकास, दुर्ग

आजकल यंगस्टर्स में यह समस्या काफी देखी जा रही है। सबसे पहले आप बाजार में उपलब्ध तरह-तरह के शैंपू का बदल-बदल कर इस्तेमाल करना बंद करें। साथ ही एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें, वे आपको कुछ शैंपू और साबुन बताएंगे, उनका इस्तेमाल करें और जरूरत पड़ी तो कुछ जांच कराएंगे। बगैर जांच करवाए कोई उपचार नहीं बताया जा सकता है।

मेरी उम्र 45 वर्ष है। अकसर सुबह के समय मेरी आंखों के नीचे और चेहरे पर सूजन सी लगती है। कुछ देर बाद खुद ही नॉर्मल हो जाता है। यह किसी बीमारी का संकेत तो नहीं, कृपया बताएं।

-एक पाठक, ई-मेल से

आंखों के नीचे सूजन आना कई बार शुगर बढ़ने के लक्षण भी होते हैं। लेकिन बगैर जांच कराए कुछ भी कहना ठीक नहीं है। सबसे पहले आप डॉक्टर से संपर्क कर शुगर की जांच कराएं। अगर वह रिपोर्ट नॉर्मल निकलती है तो फिर डॉक्टर और भी जांच कराएंगे, जिससे कारण पता चलेगा और इलाज हो सकेगा।

मेरी उम्र 32 वर्ष है। मुझे दिन भर मीठा खाने की क्रेविंग होती रहती है। प्लीज बताएं इससे मुझे डायबिटीज तो नहीं हो जाएगी? अपनी इस हैबिट को छोड़ने के लिए क्या उपाय करूं?

-कल्पेश, रायपुर

कोई भी चीज लिमिट में खाना ठीक होता है, लेकिन जरूरत से ज्यादा खाना नुकसानदायक होगा। सबसे पहले आप दो चीजों पर गौर करें कि आपकी शुगर कितनी है और आप फिजिकल एक्टिविटीज कितनी करते हैं? क्योंकि अगर आपकी फिजिकल एक्टिविटीज कम हैं और शुगर कंट्रोल है तो भी आपको मीठा कम खाना चाहिए। मीठे में भी ऐसे आइटम खाएं, जिसमें शुगर कम हो। डीप फ्राई वाली चीजें बिल्कुल ना खाएं।

मेरी पिता की उम्र 74 वर्ष है। उनके गॉल ब्लैडर में स्टोन है। लेकिन डॉक्टर ऑपरेशन करने से मना कर रहे हैं। इससे उनको कोई प्रॉब्लम तो नहीं होगी? कृपया बताएं हमें क्या करना चाहिए?

-पंकज, बिलासपुर

देखिए, अगर डॉक्टर ही मना कर रहे हैं ऑपरेशन करने के लिए, तो कोई न कोई उसका कारण होगा। इसलिए आप रिस्क ना लें और डॉक्टर द्वारा बताई गयी सावधानी बरतते हुए ही ट्रीटमेंट कराएं।

मेरी उम्र 53 वर्ष है। मैं जब भी ट्रैफिक में होता हूं तो बहुत घबराहट महसूस होती है। इस वजह से घर से कम निकलता हूं। ऐसा क्यों होता है? प्लीज इसका कोई कारगर उपचार बताएं।

-अवधेश, कांकेर

सबसे पहले आप डॉक्टर से संपर्क कर अपनी सारी जांच कराएं, जिससे पता चल जाएगा कि यह किसी बीमारी के लक्षण तो नहीं हैं। अगर रिपोर्ट नॉर्मल है तो इसके बाद आप मनोचिकित्सक से संपर्क कर सकते हैं। कई लोगों को भीड़ से घबराहट होती है। वो इससे बचाव के उपाय बताएंगे। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडेय

पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।

हेल्थ एडवाइस

संध्या पांडेय
चीफ डाइटिशियन
मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम

हाल के वर्षों में अस्वास्थ्यकर जीवनशैली और गलत खान-पान के कारण वयस्कों से लेकर बच्चों में भी ओबेसिटी यानी मोटापे की समस्या बढ़ती जा रही है। असल में मोटापा कोई बीमारी नहीं है बल्कि यह एक ऐसी स्थिति है जो अनेक बीमारियों की आशंका बढ़ाती है। **वर्ल्ड ओबेसिटी डे (4 मार्च)** के अवसर पर आइए जानते हैं, मोटापे से संबंधित विभिन्न पहलुओं और इस पर नियंत्रण के बारे में।

गुड हेल्थ के लिए है जरूरी ओबेसिटी को कंट्रोल करना

सारी दुनिया में ओबेसिटी एक बड़ी हेल्थ प्रॉब्लम के रूप में सामने आ रहा है। इसके प्रति अवेयर करने के लिए ही वर्ल्ड ओबेसिटी डे मनाया जाता है। इस बार इस दिवस की थीम है- 8 बिलियन रीजंस टू एक्ट ऑन ओबेसिटी। इस थीम का आशय है कि दुनिया की 8 अरब आबादी के लिए मोटापे के खिलाफ कार्रवाई करने के अनेक कारण हैं। हमें हर हाल में मोटापे के प्रति सचेत रहकर इसे नियंत्रित करना है।

कैसे तय होता है मोटापा

मोटापे के आकलन की सबसे प्रमुख विधि बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) है। कमर की माप से भी मोटापे का अंदाजा लगाया जा सकता है, लेकिन मान्य और प्रचलित विधि बीएमआई ही है। बीएमआई की गणना के लिए पहले किसी व्यक्ति के वजन को किलोग्राम में मापा जाता है और फिर उसे उसकी लंबाई (मीटर वर्ग) से विभाजित किया जाता है। सामान्य यानी स्वस्थ वजन वाले व्यक्ति का बीएमआई वैल्यू 23 से कम होना चाहिए। महिलाओं में कमर का घेरा 80 सेंटीमीटर से कम और पुरुषों में 90 सेंटीमीटर से कम होना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को बीएमआई के संदर्भ में अपने डॉक्टर या फिर डाइटिशियन से परामर्श लेना बेहतर रहेगा।

हो सकती है ये समस्याएं

मोटापे से ग्रस्त लोगों में उच्च रक्त चाप (हाई ब्लड प्रेशर), हृदय की बीमारियां, डायबिटीज टाइप 2, स्ट्रोक, अर्थराइटिस, सोते समय खर्राटे भरना या स्लीप एप्निया जैसी समस्याओं के होने का जोखिम कहीं ज्यादा बढ़ जाता है। मोटापे से ग्रस्त गर्भवती महिलाओं में अत्यधिक वजन के बढ़ने से उनके गर्भस्थ शिशु को भी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इसके अलावा जो लोग पहले से ही उपरोक्त बीमारियों से ग्रस्त हैं, उन्हें अपने वजन नियंत्रण पर डॉक्टर से परामर्श लेकर विशेष ध्यान देना चाहिए, तभी वे उपरोक्त समस्याओं को नियंत्रित कर सकते हैं। इसके अलावा जो नवयुवक या नवयुवतियां अत्यधिक मोटापे से ग्रस्त हैं, उनके अंदर कुछ मनोवैज्ञानिक समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं। जैसे वे शारीरिक रूप से हीनता ग्रंथि के शिकार हो सकते हैं। उन्हें लोगों से मिलने-जुलने में अच्छा महसूस नहीं होता। यही नहीं, मोटापा और बांझपन (इनफर्टिलिटी) के बीच एक गहरा संबंध है। अधिक वजन और मोटापा महिलाओं और पुरुषों दोनों में प्रजनन क्षमता को प्रभावित कर सकता है।

ओबेसिटी के प्रमुख कारण

- जो लोग नियमित रूप से व्यायाम नहीं करते या कम शारीरिक श्रम करते हैं, उनके मोटे होने की संभावना बढ़ जाती है। मोटापे के अधिकांश मामलों में एक व्यक्ति जितनी कैलोरी बर्न करता है, उससे बहुत अधिक कैलोरी ग्रहण करता है। शरीर द्वारा इस्तेमाल न की जाने वाली कैलोरी वसा के रूप में संचित हो जाती है।
- लगभग हर दिन अत्यधिक चिकनाई युक्त आहार ग्रहण करना या फिर अकसर जंक फूड्स लेना कालांतर में मोटापे से ग्रस्त कर देता है। इसके अतिरिक्त जो लोग अपने खान-पान में फलों और सब्जियों को वरीयता नहीं देते हैं, वे भी मोटापे से ग्रस्त हो सकते हैं।
- अकसर तनावग्रस्त रहना कालांतर में मोटापे का कारण बन सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि तनाव से शरीर में हार्मोन असंतुलित हो जाते हैं। हार्मोंस के असंतुलन की स्थिति से भी मोटापा बढ़ सकता है।
- वंशानुगत कारण से भी मोटापा बढ़ सकता है। जैसे अगर मां-बाप अपने जीवन काल में मोटापे की समस्या से ग्रस्त हैं तो उनकी संतानों में भी मोटापा बढ़ने की आशंका काफी ज्यादा होती है।
- थायरॉइड ग्रंथि के विकार या असंतुलन से भी मोटापा बढ़ने की काफी आशंका रहती है।

कब लें डॉक्टर से परामर्श

जिन लोगों का वजन बीएमआई के मानकों से परे जाकर बढ़ता जा रहा है या जो लोग पहले से ही मोटापे से ग्रस्त हैं, उन्हें अपने डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। डॉक्टर आपको अपनी जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन करने और स्वास्थ्यकर खान-पान के संदर्भ में समुचित जानकारी देंगे। इस संदर्भ में डॉक्टर आपसे कुछ सवाल भी पूछ सकते हैं। जैसे आप डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर अन्य किसी रोग से पीड़ित तो नहीं हैं, फिलहाल आप क्या दवाएं ले रहे हैं, शराब या धूम्रपान के तलबगार तो नहीं हैं। आप कितनी देर तक व्यायाम या शारीरिक गतिविधियों में भाग लेते हैं? इसके अलावा डॉक्टर आपकी बीएमआई भी चेक कर सकते हैं और अगर आपको कोई बीमारी है तो उससे संबंधित जांच भी करवा सकते हैं। डॉक्टर आपको डाइटिशियन के पास भी रेफर कर सकते हैं और इस संदर्भ में व्यायाम या योगासन के लिए किसी विशेषज्ञ को भी रेफर कर सकते हैं। अत्यधिक मोटापाग्रस्त होने की स्थिति में वे आपको बैरियाट्रिक सर्जन से परामर्श लेने की भी राय भी दे सकते हैं।

मोटापे का सर्जिकल इलाज

बैरियाट्रिक सर्जरी एक प्रकार की सर्जरी है, जिसका उद्देश्य अत्यधिक मोटापे का इलाज करना है। यह सर्जरी विशेष रूप से उन व्यक्तियों के लिए होती है, जिनका बीएमआई 40 या उससे अधिक होता है, या जिनका बीएमआई 35-39.9 होता है और उन्हें मोटापे से संबंधित गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं, जैसे कि डायबिटीज, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप आदि। इसके अलावा यदि किसी व्यक्ति ने आहार और व्यायाम के माध्यम से वजन घटाने की कोशिश की है, लेकिन उसे सफलता नहीं मिली, तो बैरियाट्रिक सर्जरी का विकल्प दिया जा सकता है।

मोटापा कम करने वाली दवाएं

इस संदर्भ में महत्वपूर्ण बात यह है कि मोटापा कम करने वाली दवाओं का सेवन अपने डॉक्टर से परामर्श लिए बगैर नहीं करना चाहिए। अत्यधिक मोटापा (मॉर्बिड ओबेसिटी) को नियंत्रण करने में दवाओं का एक सीमित योगदान है। ये दवाइयां डॉक्टर की निगरानी में ली जाती हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि इनके साइड इफेक्ट भी होते हैं।

इन बातों पर दें ध्यान

- डॉक्टर या डाइटिशियन से परामर्श लेकर अपनी शारीरिक स्थिति और मेडिकल कंडीशन के अनुसार खान-पान का एक चार्ट बनवा लें और फिर उस पर अमल करें।
- मोटे अनाज या मिलेट्स वजन को नियंत्रित करने में सहायक हैं।
- अत्यधिक चिकनाईयुक्त खाद्य पदार्थों से परहेज करें।
- नियमित रूप से व्यायाम करें, लेकिन इस संदर्भ में याद रखें कि प्रत्येक व्यक्ति की उम्र और उसकी मेडिकल कंडीशन के अनुसार ही व्यायाम और उसका समय निर्धारित किया जाता है। इसलिए इस संदर्भ में फिटनेस एक्सपर्ट से परामर्श जरूर लें।
- जीवन के प्रति सकारात्मक सोच रखें और तनाव को स्वयं पर हावी न होने दें। ऐसा इसलिए क्योंकि तनाव से भी मोटापा या वजन बढ़ सकता है। तनाव को नियंत्रित करने के लिए मेडिटेशन करें।
- खाना खाते समय टीवी या मोबाइल न देखें, इससे आप ओवरईटिंग से बचे रहेंगे, जो ओबेसिटी बढ़ाने का मुख्य कारण है।
- नमक, शुगर और प्रोसेस्ड फूड्स का कम से कम सेवन करें। *

प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला

प्रिकॉशन

होली सेलिब्रेशन में बरतें सावधानी अस्थमा-डायबिटीज पेशेंट्स

रंगों का त्योहार होली खुशियां और उमंग लेकर आता है, लेकिन अस्थमा और डायबिटीज के मरीजों के लिए यह त्योहार और इन दिनों का मौसम कुछ अतिरिक्त सावधानियां बरतने की मांग करता है। हल्की सी लापरवाही उनके स्वास्थ्य पर भारी पड़ सकती है, इसलिए त्योहार का आनंद लेते हुए स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना जरूरी है।

अस्थमा पेशेंट्स के लिए यूजफुल सजेशंसः श्वास संबंधी रोगी होली खेलते समय किन बातों का ध्यान रखें इस बारे में रीजेंसी हॉस्पिटल, गोरखपुर में कंसल्टेंट-पल्मनोलॉजी, **डॉ. आमिर नदीम** कहते हैं, 'होली पर उड़ने वाला गुलाल, धूल, धुआं और केमिकल युक्त रंग सांस के मरीजों के लिए गंभीर परेशानी पैदा कर सकते हैं। इन कणों के संपर्क में आने से सांस की नलियों में सूजन बढ़ सकती है और अस्थमा अटैक का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए अस्थमा मरीजों को कोशिश करनी चाहिए कि वे भीड़-भाड़ वाली जगहों और तेज धूल-धुएं से दूर रहें। होली खेलने के लिए केमिकल वाले गहरे रंगों की जगह फूलों से बने या हर्बल रंगों का इस्तेमाल ज्यादा सुरक्षित विकल्प है। घर से बाहर निकलते समय अच्छी क्वालिटी का मास्क जरूर पहनें, ताकि धूल और रंग सीधे श्वास नली में न जाएं। अपना रेस्क्यू इनहेलर और नियमित दवाएं हमेशा साथ रखें और दवा समय पर लेते रहें। अगर सांस फूलना, सीने में जकड़न, सीटी जैसी आवाज के साथ सांस आना या तेज खांसी की समस्या बढ़े तो इसे नजरअंदाज न करें और तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।'

डायबिटीज पेशेंट्स रखें ध्यानः होली के मौके पर डाइट में लापरवाही बरतने से डायबिटिक पेशेंट्स की तबियत बिगड़ सकती है। इससे बचाव के लिए श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टिट्यूट, दिल्ली के सीनियर कंसल्टेंट-एंडोक्राइनोलॉजी, **डॉ. साकेत कांत** सजेस्ट करते हैं, 'होली पर डायबिटीज मरीजों को मीठे का सेवन बहुत सीमित मात्रा में और सोच-समझकर करना चाहिए। कोशिश करें कि खाली पेट मीठा न खाएं और पहले सलाद, दाल या प्रोटीन युक्त हल्का भोजन लें, ताकि शुगर अचानक न बढ़े। दिन में नियमित रूप से ब्लड शुगर लेवल की जांच करते रहें और डॉक्टर द्वारा बताई गई दवा या इंसुलिन समय पर लें। ज्यादा देर धूप में रहने, भाग-दौड़ या अनियमित खान-पान से भी बचना जरूरी है।' *

प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स

आज जिम्बाब्वे से आर-पार की जंग, भारत के टॉप ऑर्डर को दिखाना होगा दम

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

शीर्षक्रम की नाकामी और पिछली हार के बाद भारी दबाव से जूझ रही गत चैंपियन भारतीय टीम को 'जाइंट किलर' जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के 'करो या मरो' के मुकाबले में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दक्षिण अफ्रीका से रविवार को 76 रन से हार के बाद भारत का नेट रनरेट (माइनस 3.80) खराब हो गया है, जिससे सेमीफाइनल की उम्मीद बनाए रखने के लिए यह मुकाबला हर हालत में बड़े अंतर से जीतना होगा। इसके लिए पारी की शुरुआत और तीसरे नंबर की समस्या से पार पाना होगा।

अभिषेक ने खोई लय

विश्व कप से पहले सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और ईशान किशन शानदार फॉर्म में थे, जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन किया था। लेकिन पेट के संक्रमण के बाद से अभिषेक की लय खो गई है। सपाट पिचों पर आफ स्पिनरों के सामने वह अपने पसंदीदा शॉट नहीं खेल पा रहे हैं, जिसका भारत को नुकसान हो रहा है। इस टूर्नामेंट में चार मैचों में वह 15 रन ही बना सके हैं जबकि उनका स्ट्राइक रेट 75 और औसत 3.75 रहा। सवाल यह है कि आक्रामक बल्लेबाजी की स्वाभाविक शैली को तिलांजलि देकर क्या वह कुछ रन बना सकेंगे।

जाइंट किलर और डिफेंडिंग चैंपियन के बीच कांटे का मुकाबला शाम 7 बजे से

दक्षिण अफ्रीका से हार के बाद भारत का नेट रनरेट खराब

तिलक को करना होगा प्रदर्शन में सुधार

तिलक वर्मा को भी अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। अभिषेक के खराब फॉर्म के कारण तिलक को ईशान का बखूबी साथ देना चाहिए था लेकिन ऐसा हुआ नहीं। ईशान 193 के स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं लेकिन दूसरे छोर से उन्हें साथ नहीं मिल पा रहा। सूर्यकुमार यादव ने 180 रन बनाए हैं लेकिन उनका स्ट्राइक रेट 127 रहा है, जो उनके टी20 कैरियर के 161 के स्ट्राइक रेट से काफी कम है, जिससे ईशान पर काफी दबाव बन गया है।शिवम दुबे और हार्दिक पंड्या निचले क्रम पर आक्रामक पारियां नहीं खेलते तो कुछ मैचों में तो भारत का स्कोर सम्मानजनक भी नहीं रहता। बाएं हाथ के तीन बल्लेबाजों ईशान, अभिषेक और तिलक के सामने विरोधी टीमों ने पावरप्ले में आफ स्पिनरों का उपयोग किया है।

शीर्ष तीन में सैमसन को शामिल करने की संभावना

शीर्ष तीन में दाहिने हाथ के बल्लेबाज संजू सैमसन को शामिल करने की संभावना है हालांकि वह खुद बहुत अच्छे फॉर्म में नहीं हैं। ऐसे में टीम प्रबंधन सूर्यकुमार को तीसरे और तिलक को चौथे नंबर पर उतार सकता है । वैसे चेपॉक की पिच से उन्हें काफी मदद मिल सकती है। जिम्बाब्वे के पास उतना खतरनाक स्पिन आक्रमण भी नहीं है, जिसका अभी तक भारत ने सामना किया है। तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी , रिचर्ड एनगारावा और ब्राड इवांस से कड़ी चुनौती मिल सकती है।

टीमें इस प्रकार

भारत : सुयकुमार यादव (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, संजू सैमसन (विकेटकीपर), मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह।

जिम्बाब्वे : सिकंदर रजा (कप्तान), ब्रायन बेनेट, रयान बर्ल, ग्रीम क्रेमर, बेन कुरेन, ब्रैड इवांस, क्लाइव मदांडे, टिनोटेंडा मापोसा, तदिवानाशे मारुमनी, वेलिंगटन मसाकाद्जा, टोनी मुनयोंगा, ताशिंगा मुसेकिवा, ब्लेसिंग मुजाराबानी, डायोन मायर्स, रिचर्ड एनगारवा।

मैच का समय : शाम 7 बजे से।

खबर संक्षेप

अहमदाबाद की पिच हर बार अलग होती है : महाराज

अहमदाबाद। दक्षिण अफ्रीका को टी20 विश्व कप के अपने अधिकतर मैच नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेलने को मिल रहे हैं लेकिन उसके बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज का मानना है कि इससे उनकी टीम को खास फायदा नहीं मिल रहा है क्योंकि हर बार परिस्थितियां अलग होती हैं। दक्षिण अफ्रीका की टीम गुरुवार को सुपर आठ के मुकाबले में वेस्टइंडीज का सामना करेगा। उसने भारत के खिलाफ सुपर आठ का मैच भी इसी मैदान पर खेला था। ग्रुप चरण में उसने यहां तीन मैच खेले थे। महाराज ने कहा, 'यात्रा नहीं करना अच्छा है लेकिन पिच के लिहाज़ से हर मैच बहुत अलग रहा है। हमने यहां जो चार मैच खेले हैं उनमें परिस्थितियां लगातार बदलती रही हैं। मुझे नहीं लगता है कि इससे हमें बड़ा फायदा मिल रहा है। हमारे लिए महत्वपूर्ण यह है कि हम जल्द से जल्द परिस्थितियों से सामंजस्य से बिठाकर अपने प्रदर्शन पर ध्यान दें।'

भारत को रणनीति पर विचार करना होगा: शास्त्री

चेन्नई। पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सुपर आठ चरण के पहले मुकाबले में मिली हार भारत के लिए खतरे की घंटी रही है और अब उसे टीम संयोजन पर पुनर्विचार करना होगा। शास्त्री ने

कहा,' आपने लगातार 12 मैच जीते तो एक खराब दिन तो आना ही है। लेकिन मुझे खुशी है कि यह जल्दी आ गया। यह भारत के लिए जरूरी खतरे की घंटी रहा। इससे अब टीम को रणनीति और संयोजन पर फिर से विचार करना होगा।' उन्होंने कहा,' उन्होंने पिछले अनुभव से सबक ले लिया होगा कि चीजों को हलके में नहीं लेना है। एक और मैच हारने से काफी दबाव बन जाएगा।' शास्त्री ने भारतीय टीम को अतिरिक्त स्पिनर लेकर उतरने की सलाह दी। उन्होंने कहा,' अक्षर पटेल को वापिस लाना ही होगा। आपको उसके अनुभव की जरूरत है ।

ब्रूक ने अपने कैरियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली : अफरीदी

पाल्लेकल। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने शानदार शतक लगाकर इंग्लैंड को टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में ले जाने वाले कप्तान हैरी ब्रूक की तारीफ करते हुए कहा कि

उन्होंने अपने कैरियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली। अफरीदी ने कहा,' मुझे लगता है कि यह उसके कैरियर की सर्वश्रेष्ठ पारी थी। उसने खालिस क्रिकेट शॉट्स खेले। विकेट आसान नहीं था।' उन्होंने कहा,' उनके सारे बल्लेबाज जूझ रहे थे लेकिन उसने बेहतरीन पारी खेली।' मैच के दौरान अफरीदी ने ब्रूक से हाथ मिलाकर उनकी पारी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा,' वह इसका हकदार था। यह विश्व स्तरीय पारी थी। हैरी और मैं पीएसएल में साथ खेले हैं और हमारी अच्छी दोस्ती है।

रणजी ट्रॉफी फाइनल: पुंडीर का बल्ला जमकर गरजा, खेली 121 रन की शानदार पारी

एक शतक, 5 फिफ्टी, जम्मू-कश्मीर ने खड़ा किया 527 रनों का स्कोर, कर्नाटक पर कसा शिकंजा

रणजी ट्रॉफी फाइनल में जम्मू-कश्मीर ने कर्नाटक के खिलाफ पहली पारी में दमदार बल्लेबाजी करते हुए मजबूत पकड़ बना ली। शुभम पुंडीर के शानदार 121 रन और यावेर हसन, पारस डोगरा, अब्दुल समद समेत पांच बल्लेबाजों के अर्धशतकों की बदौलत टीम ने दूसरे दिन 6 विकेट पर 527 रन बना लिए।

एजेंसी ▶▶| हुबली

रणजी 2025-26 सीजन का फाइनल मुकाबला जम्मू एंड कश्मीर और कर्नाटक के बीच खेला जा रहा है। कर्नाटक के हुबली मैदान पर जारी इस मुकाबले में जम्मू एंड कश्मीर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कर्नाटक के गेंदबाजों को जमकर दबाव में डाला। जम्मू एंड कश्मीर के लिए शुभम पुंडीर का बल्ला जमकर गरजा और उन्होंने 121 रन की शानदार पारी खेली। उनके अलावा पांच अन्य बल्लेबाजों ने भी फिफ्टी प्लस स्कोर बनाया, जिससे टीम ने दूसरे दिन के अंत तक छह विकेट पर 527 रन बनाकर कर्नाटक पर विशाल बढ़त हासिल कर ली।

पांच बल्लेबाजों ने बनाया फिफ्टी प्लस स्कोर

कर्नाटक के हुबली मैदान पर खेले जाने वाले फाइनल में जम्मू एंड कश्मीर की टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी। इसके सलामी बल्लेबाज यावेर हसन ने 150 गेंदों में 13 चौके से 88 रन की पारी खेली। शुभम पुंडीर ने 247 गेंदों में 12 चौके और दो छक्के से 121 रन बनाकर अपनी टीम को विशाल स्कोर की तरफ धकेला। इन दोनों के अलावा कप्तान पारस डोगरा ने 166 गेंद में आठ चौके से 70 रन, अब्दुल समद ने 104 गेंद में छह चौके और एक छक्के से 61 रन, कनहैया वाधवन ने 109 गेंद में 70 रन बनाए। पहले दिन कर्नाटक के सामने जम्मू कश्मीर ने खेलते हुए दो विकेट पर 284 रन बनाए। इसके बाद दूसरे दिन भी बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिससे अंत तक साहिल लोतरा 57 रन बनाकर तो आबिद मुश्ताक 20 रन बनाकर नाबाद रहे। इस तरह एक शतक और पांच फिफ्टी प्लस स्कोर से जम्मू एंड कश्मीर ने 6 विकेट पर 527 रन का विशाल स्कोर बना लिया। अब कर्नाटक को वापसी करनी है तो उसे बल्लेबाजी में पहली पारी में जम्मू एंड कश्मीर से अधिक रन बनाने होंगे। अन्यथा पहली पारी के आधार पर जम्मू एंड कश्मीर पहली बार रणजी चैंपियन बन जाएगी।

कर्नाटक और जम्मू कश्मीर के बीच माहौल गर्माया

फाइनल में कर्नाटक और जम्मू कश्मीर के बीच माहौल गर्मा गया। जम्मू कश्मीर के कप्तान पारस डोगरा के बैटिंग के लिए आने के बाद स्लेजिंग, टकराव और हेड बट देखने को मिला। कर्नाटक के खिलाड़ियों ने विकेट लेने की तड़प में स्लेजिंग का सहारा लिया। स्ट्राइक एंड के पास खड़े फील्डर्स ने लगातार कमेंट किए। फिर डोगरा और सिली पॉइंट पर खड़े केवी अनीश के बीच टकराव हुआ। जम्मू कश्मीर के कप्तान कर्नाटक के फील्डर को हेडबट (सिर से मारना) करते दिखे।

डोगरा ने हेलमेट से की हिट

जम्मू कश्मीर की पारी के 101वें ओवर में जब डोगरा के बल्ले का किनारा लेकर गेंद गली के पास से चार रन के लिए गई तब मामला बढ़ गया। डोगरा और सिली पॉइंट पर खड़े सब्सटीट्यूट फील्डर अनीश के बीच कुछ बात हुई। डोगरा इसके बाद पास जाकर अपने हेलमेट को उनके सिर से टकराते दिखे। मयंक तब बीचबचाव के लिए आए। फिर अंपायर ने भी दखल दी। कुछ देर तक बातचीत चली।

टी20 रैंकिंग

बुमराह, बॉश और फोर्ड की लंबी छलांग, वरुण नंबर एक पर काबिज

एजेंसी ▶▶| दुबई

टी20 विश्व कप 2026 के सुपर-8 मुकाबलों के बीच आईसीसी ने टी20 रैंकिंग जारी की है। ताजा रैंकिंग में भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पहले स्थान पर बने हुए हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका के कॉर्बिन बॉश, वेस्टइंडीज के मैथ्यू फोर्ड और भारत के जसप्रीत बुमराह ने लंबी छलांग लगाई है।

ताजा रैंकिंग में अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान दूसरे स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के कॉर्बिन बॉश ने 21 स्थान की छलांग लगाते हुए तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के स्पिनर आदिल राशिद चौथे स्थान पर हैं। पाकिस्तान के स्पिनर अबरार अहमद को दो स्थान का नुकसान हुआ है। अबरार पांचवें स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जांपा ने 2 स्थान की छलांग लगाते हुए छठा स्थान हासिल किया है।

वेस्टइंडीज के मैथ्यू फोर्ड ने भी बड़ी छलांग लगाई है। फोर्ड ने 23 स्थान की छलांग लगाते हुए शीर्ष 10 में एंट्री की है और सातवां स्थान हासिल किया है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार गेंदबाजी की थी। उस प्रदर्शन के आधार पर बुमराह की भी एंट्री भी शीर्ष 10 में हो गई है। बुमराह 7 स्थान की छलांग लगाते हुए आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं।

अभिषेक शीर्ष पर कायम

टी20 के शीर्ष 10 बल्लेबाजों में भारत के अभिषेक शर्मा पहले, इंग्लैंड के फिल साल्ट दूसरे, पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान तीसरे (दो स्थान का फायदा हुआ है), श्रीलंका के पाथुम निसांका चौथे, भारत के ईशान किशन पांचवें (तीन स्थान का फायदा हुआ है), भारत के सूर्यकुमार यादव छठे, भारत के तिलक वर्मा सातवें (तीन स्थान का नुकसान हुआ है), इंग्लैंड के जोस बटलर आठवें (एक स्थान का नुकसान), दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस नौवें (दस स्थान का फायदा हुआ है), और न्यूजीलैंड के टिम साइफर्ट दसवें स्थान पर हैं।

चैंपियंस लीग

इंटर मिलान को हरा कर बोडो/ग्लिम्ट की पहली बार अंतिम-16 में एंट्री

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नॉर्वे के क्लब बोडो/ग्लिम्ट ने इतिहास रच दिया है। टीम पहली बार चैंपियंस लीग के राउंड ऑफ 16 में पहुंच गई है। बोडो/ग्लिम्ट ने इंटर मिलान को 5-2 के एग्रीगेट स्कोर से हराया।

तीन बार के यूरोपियन चैंपियन के खिलाफ नॉर्वे की टीम की यह जीत बेहद शानदार रही। मेहमान टीम को शुरुआती घंटे में ज्यादातर समय नेराजुरी के लगातार दबाव का सामना करना पड़ा, लेकिन पूर्व एसी मिलान अटैकर जेंस पीटर हॉग ने अहम गोल दागकर अपनी टीम की राह आसान की। उनके करीबी फिनिश और हैकन एनजन के शानदार गोल से बोडो/ग्लिम्ट ने मजबूत बढ़त बना ली।

इंटर ने अंत में वापसी की कोशिश की। मैनुअल अकांजी ने फेडेरिको डिमार्को के कटबैक पर गोल किया, जबकि एलेसेंड्रो बास्टोनी ने भी स्कोर किया, लेकिन यह जीत छीनने के लिए पर्याप्त नहीं था।कोच केजेटिल नुटसेन की टीम ने शानदार प्रदर्शन के दम पर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।

न्यूकैसल यूनाइटेड ने कराबाग एफके को दी मात

दूसरे मुकाबले में न्यूकैसल यूनाइटेड ने कराबाग एफके को 3-2 से हराकर अंतिम-16 में प्रवेश किया। पहले लेग में 6-1 की बढ़त लेने के बाद न्यूकैसल ने कुल 9-3 से मुकाबला अपने नाम किया। यह मुकाबला चैंपियंस लीग इतिहास के सर्वाधिक गोलों वाले मुकाबलों में से एक था। शुरुआती मिनटों में सैंड्रो टोनाली और जोएलिंटन ने गोल कर बढ़त मजबूत की। दूसरे हाफ में स्वेन बॉटमैन ने भी योगदान दिया। वहीं, कराबाग की ओर से एल्विन जाफरगुलियेव ने गोल किया, जबकि गोलकीपर आरोन रामसडेल ने पेनल्टी बचाकर टीम को राहत दी। मैच के बाद न्यूकैसल के मैनेजर एडी होवे ने कहा, इस स्तर पर कोई भी ड्रॉ आसान नहीं होता। हमने खासकर अवे मैच में शानदार प्रदर्शन किया और टीम ने दबाव को बखूबी संभाला।

47 प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय जज कोर्स में लिया भाग

नई दिल्ली। कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में बुधवार को समाप्त हुए राष्ट्रीय जज कोर्स में रिकॉर्ड 47 प्रतिभागियों ने भाग लिया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के तत्वावधान में आयोजित किया गया यह कोर्स 21 फरवरी को शुरू हुआ था। एनआरएआई के महासचिव पवनकुमार सिंह ने कहा कि पांच दिवसीय कार्यक्रम में प्रतिभागियों को आईएसएसएफ के नियमों, रेंज प्रबंधन, स्कोरिंग प्रोटोकॉल आदि के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा, ''इस कोर्स में रिकॉर्ड प्रतिभागियों की उपस्थिति से भारतीय निशानेबाजी में निष्पक्षता और उत्कृष्टता सुनिश्चित करने वाले कुशल जज का मजबूत समूह तैयार करने के लिए एनआरएआई की प्रतिबद्धता का पता चलता है। उनका समर्पण विश्व स्तर पर भारत की निरंतर सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है।'' एनआरएआई अब अगले महीने आईएसएसएफ बी जज कोर्स का आयोजन करेगा।

एफआईएच प्रो लीग : टूटा भारत की हार का सिलसिला पेनल्टी शूटआउट में ऑस्ट्रेलिया को 3-1 से हराया

एजेंसी ▶▶| होबार्ट

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने विश्व में तीसरे नंबर की टीम ऑस्ट्रेलिया को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से हराकर एफआईएच प्रो लीग में लंबे समय से चले आ रहे हार के सिलसिले को खत्म कर दिया। दोनों टीमें निर्धारित समय तक 1-1 से बराबरी पर थीं। इस जीत से भारत का प्रो लीग के अगले चरण से पहले मनोबल बढ़ेगा।

भारत ने हासिल किए दो अंक

इसके बाद दोनों टीमों ने निर्णायक गोल करने की पूरी कोशिश की लेकिन असफल रहीं और मैच शूटआउट में चला गया, जहां भारत ने जीत दर्ज करके दो अंक हासिल किए जबकि ऑस्ट्रेलिया को एक अंक मिला। भारत की तरफ से शूटआउट में लाकड़ा, मनिंदर सिंह और विष्णुकांत सिंह ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया का एकमात्र गोल हेवर्ड ने किया। भारतीय गोलकीपर मोहित शशिकुमार होन्नेनहल्ली ने ऑस्ट्रेलिया के बाकी खिलाड़ियों के शॉट रोककर जीत में अहम भूमिका निभाई।

पहले 3 क्वार्टर में कांटे की टक्कर

पहले तीन क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के सामने हर तरह से कड़ी चुनौती पेश की। पहले तीन क्वार्टर में कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई। ऑस्ट्रेलिया ने आखिर में 49वें मिनट में जेरेमी हेवर्ड के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल की मदद से बढ़त हासिल कर ली।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

नागपुर मंडल में विभिन्न अभियांत्रिकी कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

1. निविदा क्र.: एन-63-एनजीपी-2025-2026
कार्य का नाम: ADEN/नैनपुर के अधिकार क्षेत्र में नैनपुर में HS SPART/ARME साइडिंग का प्रस्तावित कंस्ट्रक्शन। (कंस्ट्रक्शन सर्विस बिल्डिंग, कैटवॉक, CC:पाथवे, 03 कोच लंबाई के लिए कोच वॉटरिंग अरेंजमेंट, 50 mm डाया एयर कम्प्रेस्ड सीमलेस पाइप और अप्रोच रोड वगैरह)।
अनुमानित निविदा मूल्य: ₹ 3,19,39,949/-
बयाना राशि: ₹ 3,09,700/-

2. निविदा क्र.: एन-64-एनजीपी-2025-2026
कार्य का नाम: (1) SSE (P.Way)/सावनेर के अंतर्गत 12 महीने के लिए ट्रैक के मेंटेनेंस के लिए विभिन्न P.Way कार्य। (2) SSE (P.Way)/सिवनी के अंतर्गत 12 महीने के लिए ट्रैक के मेंटेनेंस के लिए विभिन्न P.Way कार्य। (3) ADEN/नैनपुर के अंतर्गत BTC-NIR सेक्शन के पॉइंट्स और क्रॉसिंग - 67 सेट्स की डीप स्क्रीनिंग।
अनुमानित निविदा मूल्य: ₹ 1,72,12,916/-
बयाना राशि: ₹ 2,36,100/-

3. निविदा क्र.: एन-65-एनजीपी-2025-2026
कार्य का नाम: ADEN/छिंदवाड़ा के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत: (1) पुल नंबर 160 पर अतिरिक्त जलमार्ग प्रदान करना। (2) पिपला PH के पास अतिरिक्त जलमार्ग प्रदान करना ताकि अतिरिक्त पानी की निकासी हो सके और Km.1382/10-11 पर पुल नंबर 322A (1.83m x 1.83x20m) को बनाना।
अनुमानित निविदा मूल्य: ₹ 8,43,86,132/-
बयाना राशि: ₹ 5,71,900/-

उपरोक्त निविदाओं के लिए, बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियाँ दिनांक **13.03.2026** के **15:00** बजे तक ही प्रस्तुत कर सकेंगे:
निविदा अंतर्गत मैन्युअल ऑफर्स की अनुमति नहीं है एवं प्राप्त सभी मैन्युअल ऑफर्स को अस्वीकार कर दिया जाएगा।
अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है ।

व. मंडल अभियंता (उत्तर), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर
MS/72-314

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

रूसी ग्रैंडमास्टर क्रामनिक की विवादास्पद मुहिम के पक्षधर नहीं

चीटिंग पर हंगामा बेवजह, शतरंज उतना प्रभावित नहीं

एजेंसी ▶▶| प्राग

विश्व चैंपियन डी. गुकेश ने साफ तौर पर कहा है कि शतरंज मे बेईमानी की समस्या उतनी बड़ी नहीं है जितनी उसे पेश किया जा रहा है। गुकेश आनलाइन खेल को प्रभावित करने वाले बेईमानी के खतरे के खिलाफ रूसी ग्रैंडमास्टर ब्लादीमिर क्रामनिक की विवादास्पद मुहिम के पक्षधर भी नहीं हैं।

पूर्व विश्व चैंपियन क्रामनिक ने अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) पर मानहानि का मुकदमा दायर किया है चूंकि फिडे ने अमेरिका के दिवंगत ग्रैंडमास्टर डेनियल नारोदित्स्की और चेक खिलाड़ी डेविड नवारा के खिलाफ धोखेबाजी के आरोपों के लिए उन्हें फटकारा था। नारोदित्स्की की असामयिक मौत काफी चर्चा में रही और उनका आखिरी वीडियो स्ट्रीम भी, जिसमें उन्होंने क्रामनिक के आरोपों के कारण मानसिक तनाव की बात की थी।

अनुचित खेल के खिलाफ

गुकेश ने कहा ,' मैं किसी भी तरह के अनुचित खेल के खिलाफ हूं । यह ऐसी समस्या है जो देखने में आई है। मैंने न तो कभी बेईमानी की है और उम्मीद करता हूं कि कोई ऐसा नहीं करता होगा।' उन्होंने कहा,' मुझे लगता है कि लोग इस समस्या को बढ़ा चढ़ाकर पेश कर रहे हैं, इतनी समस्या है नहीं। क्रामनिक के आरोपों की बात करें तो अधिकांश से मैं इत्तेफाक नहीं रखता। मुझे लगता है कि शतरंज जगत में और समरसता और शांति होनी चाहिए।'इससे पहले दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन, फिडे अध्यक्ष अर्कादी डीवोरकोविच और भारत के अर्जुन एरिगेसी तथा निहाल सरीन ने भी क्रामनिक की आलोचना की थी क्योंकि वह अपने आरोपों के पक्ष में सबूत नहीं दे सके थे।

सिहोरा का मामला, जेएमएफसी कोर्ट ने निरस्त कर दी अर्जियां

धार्मिक भावनाएं आहत करने व दंगा फैलाने के आरोपियों को जमानत नहीं

हरिभूमि जबलपुर।

प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी कोर्ट ने सिहोरा में धार्मिक भावनाओं को आहत करने व दंगा फैलाने के 21 आरोपियों को जमानत देने से मना कर दिया। कोर्ट ने सिहोरा निवासी साकिर मकरानी, ताहिर मकरानी, आबिद राईन, आशिक बावा, समीर खान, आसमानी भाईजान, फरदीन, शादाब, नौशाद, अब्दुल, इमरान शाह, जावेद राईन, ओवेद राईन, नाशीर अंसारी, अनवर राईन, राजा मकरानी, समीर मकरानी, छोटू अंसारी, अशरफ मकरानी, हप्पू मछली वाला, तनवीर राईन की जमानत अर्जियां निरस्त कर दीं। अभियोजन की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी अजय दुबे ने जमानत अर्जियों का विरोध किया। उन्होंने दलील दी कि आरोपियों द्वारा एक वर्ग विशेष की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई गई। आरोपियों ने एकजुट होकर पथराव किया। इसमें हिन्दू सामुदाय के लोग घायल हुए। यह आकस्मिक

विवाद नहीं, बल्कि पूर्व नियोजित था। जमानत मिलने पर अभियुक्तगण के द्वारा अभियोजन पक्ष के गवाहों को डराने-धमकाने व साक्ष्य के साथ छेड़छाड़ की प्रबल संभावना है। इस स्तर पर अभियुक्तगणो को जमानत का लाभ दिए जाने पर साम्प्रदायिक तनाव बढ़ने व सार्वजनिक शांति भंग होने का गंभीर खतरा पैदा होगा। अतः सभी आरोपियों को जमानत का लाभ देना न्यायोचित प्रतीत नहीं होता।

हाइकोर्ट ने राज्य सरकार सहित अन्य से मांगा शपथ पत्र पर जवाब

कागज़ में बन गया सिमरिया छपरी रोड, बगैर बनाये लगा दिया बोर्ड

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने जबलपुर जिले की कटंगी तहसील अंतर्गत बेलखाडू के निकट सिमरिया-छपरी मार्ग महज कागज में बनाए जाने के रवैये को चुनौती पर शपथ पत्र पर जवाब-तलब कर लिया है। याचिका में कहा गया है कि बिना रोड बनाए ही सड़क का बोर्ड भी लगा दिया गया। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने इस सिलसिले में राज्य शासन सहित अन्य को नोटिस जारी किए हैं। जनहित याचिकाककर्ता स्टेट बैंक के सेवानिवृत्त प्रबंधक रामकिशन पटेल की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग पर 2018 में रोड स्वीकृत हुई थी। लेकिन बजाए भौतिक रूप से रोड का निर्माण करने के, महज कागजों पर रोड का निर्माण कर लिया गया। यही नहीं बोर्ड तक लगा लिया गया। इस वजह से राहगीर भटकने लगे। ग्राम पंचायत ग्रामीणों व आवेदक ने लगातार शिकायतें कीं। लेकिन कोई कारवाही नहीं। इसलिए जनहित याचिका दायर की गई। यह मामला शासकीय मद का बंदरबाट किए जाने से संबंधित है। ग्रामीण सड़क के अभाव में 15 किलोमीटर का चक्कर काटकर खेतों से होकर गंतव्य तक पहुंचने विवश हैं। यह भ्रष्टाचार की इंतेहा है।

स्टेट बैंक के रिटायर्ड मैनेजर रामकिशन पटेल ने दायर की है जनहित याचिका, कटंगी तहसील के बेलखाडू के निकट सिमरिया छपरी मार्ग का मामला

कोर्ट ने पुलिस की दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई पर लगाई फटकार

ओमती थाना प्रभारी समेत एफआईआर दर्ज करने वाले अधिकारी हाईकोर्ट में तलब

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने मुख्यपीठ जबलपुर के न्यायिक अभिलेखों में कथित जालसाजी के एक गंभीर मामले में पुलिस द्वारा की गई कथित लापरवाही व दुर्भावनापूर्ण कार्यवाही पर गहरी नाराजगी व्यक्त की है। जस्टिस बीपी शर्मा की सिंगल बेंच ने ओमती थाना प्रभारी और एफआईआर दर्ज करने वाले एएसआई भल्लू राम चौधरी को अगली सुनवाई पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का आदेश दिया है। अगली सुनवाई आठ अप्रैल को होगी।

याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी वीरेंद्र पांडे की ओर से अधिवक्ता असीम त्रिवेदी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता न्यायिक कर्मचारी है। उसने अपनी पत्नी सहित अन्य संबंधियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। याचिकाकर्ता की शिकायत पर एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जिसके विरुद्ध दूसरे पक्ष ने रिवीजन दायर की थी। इसके बाद हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल आफिस का फर्जी लिफाफा बनाकर और नोटिस तैयार कर विभाग के माध्यम से याचिकाकर्ता को नोटिस तामील होना बताकर कोर्ट को गुमराह किया गया। जिसके परिणाम स्वरूप कोर्ट ने एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया। याचिकाकर्ता ने जालसाजी

हाईकोर्ट रजिस्ट्रार का फर्जी लिफाफा बनाकर तामीली दर्शाने की जालसाजी का मामला

भांपकर रजिस्ट्रार जनरल को शिकायत कर दी। जांच में फर्जीवाड़ा सामने आ गया। लिहाजा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने याचिकाकर्ता को एफआईआर दर्ज करने अनुमति दे दी। इसके बावजूद पुलिस ने शिकायत पर ठोस कार्रवाई नहीं की। लिहाजा, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी कोर्ट ने 12 जुलाई 2025 को ओमती थाने को मामला दर्ज करने का आदेश दिया। यह आदेश 13 अगस्त, 2025 को थाने पहुंच गया था, फिर भी एक माह से अधिक समय तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। याचिकाकर्ता द्वारा पुनः अवमानना याचिका दायर किए जाने के बाद 24 सितंबर, 2025 को एफआईआर दर्ज कर ली गई। यह प्राथमिकी अत्यंत शीघ्रता एवं दुर्भावनापूर्ण ढंग से दर्ज की गई।

तर्क दिया गया कि प्राथमिकी में अपराध की कोई ठोस सूचना ही नहीं है और अभियुक्तों के पते जानबूझकर गलत और अस्पष्ट दर्शाए गए। मसलन, नरसिंहपुर जिले के निवासियों को नरसिंहपुर, ओमती, जबलपुर लिखा गया। प्राथमिकी के बाद याचिकाकर्ता का कथन तक औपचारिक रूप से नहीं लिया गया । जांच भी कोई नहीं की गई और इसी कारण अभियुक्तों को आसानी से अग्रिम जमानत मिल गई और जांच प्रभावित हुई। अग्रिम जमानत के आवेदन में भी पुलिस ने यह कहा कि अभियुक्त पते पर मिले नहीं जबकि पता ही गलत लिखा गया था। याचिकाकर्ता ने इस कुंठित और अपूर्ण एफआइआर को रद्द करते हुए नए सिरे से सही एफआईआर दर्ज करने और निष्पक्ष जांच की मांग की है।

शिकार की आशंका : वन विभाग ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव

गौरीघाट में मृत मगरमच्छ मिलने से हड़कंप

जबलपुर। नर्मदा नदी के पावन तट गौरीघाट में बुधवार को एक मगरमच्छ मृत अवस्था में मिलने से हड़कंप मच गया। मगरमच्छ मरा कैसे यह अभी स्पष्ट नहीं है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामलें का खुलासा होगा। प्रथम दृष्टया मगरमच्छ का करंट लगाकर शिकार किए जाने की आशंका जताई जा रही है। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ का शव पोस्टमार्टम के लिए वेटरनरी कॉलेज स्थित फोरेंसिक सेंटर भेजा है। नर्मदा नदी में गौरीघाट के मुख्य तट से थोड़ा आगे पहले भी मगरमच्छ देखा गया जो बीच बीच में पानी से निकलकर धूप सेंकने के लिए खेतों के बीच आ जाता था।

पहले भी सोशल मीडिया पर इसके वीडियो वायरल हो चुके थे। लेकिन बुधवार को जब मंगलमच्छ मृत अवस्था में मिला तो हड़कंप मच गया। यहां बता दे कि मगरमच्छ को मां नर्मदा जी का वाहन माना जाता है, इससे लोगों की धार्मिक भावनाएं भी आहत हुई हैं।

गौरीघाट में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को फ्री कोचिंग देने वाले पराग दीवान ने बताया कि करीब तीन-चार फुट लंबा मगरमच्छ का शव बुधवार की सुबह घाट किनारे मिला है। वन विभाग को इसकी सूचना दी गई, जबलपुर रेंज के रेंजर अपूर्व प्रखर शर्मा के नेतृत्व में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। श्री शर्मा ने बताया कि वन विभाग ने मगरमच्छ को अपने सुरक्षा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए विटरनरी कॉलेज के फोरेसिंक विभाग को भेजा, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मगरमच्छ की मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। आशंका जताई जा रही है कि करंट लगाकर मगरमच्छ को मारा गया है। इसकी वजह दहशत भी हो सकती है। बहरहाल सभी पहलुओं पर वन विभाग जांच कर रहा है।

अमखेरा स्थित कैफे में पर्दे की आड़ में युवती से रेप

जबलपुर। अधारताल थाना अतंर्गत अमखेरा स्थित एक कैफे में लव जिहाद का मामला सामने आया है। चाय पिलाने के बहाने एक युवती को कैफे में ले जाकर पर्दे की आड में रेप करने का आरोप लगाया गया, पुलिस ने इस मामलें में कैफे संचालक सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं तीसरे आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस ने शिकायत होने के बाद देर रात कैफे में छापे मारी की जहां आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी जुनैद नामक युवक अमखेरा स्थित नाइस कैफे में बीती शाम एक युवती को चाय पिलाने के लिए लेकर गया। जहां पर बातचीत के दौरान जुनैद पर्दो की आड़ में बने कैबिन में लेकर गया। जहां पर उसके साथ रेप किया। इस घटना की शिकार युवती ने अधारताल थाने में जाकर शिकायत की, जिसके बाद पुलिस ने नाइस कैफे में छापा मारा। पुलिस ने दीपक चौधरी व एक अन्य युवक को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं फरार आरोपी जुनैद खान को पकडने के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा एवं बरगवां स्टेशनों पर स्वागत समारोह

भोपाल–धनबाद, चोपन एक्सप्रेस नई ट्रेन का शुभारंभ

हरिभूमि जबलपुर।

रेल प्रशासन द्वारा गाड़ी संख्या 01631/01632 भोपाल–धनबाद/चोपन एक्सप्रेस का शुभारंभ गत दिवस किया गया। इस अवसर पर जबलपुर रेल मंडल के अंतर्गत क्रमशः सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा एवं बरगवां रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत एवं नई ट्रेन का शुभारंभ समारोह आयोजित किए गए।

सागर रेलवे स्टेशन कार्यक्रम के दौरान सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने इस महत्वपूर्ण रेल सुविधा के लिए रेल प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस नई ट्रेन के चलने से क्षेत्र के सामाजिक-

आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और रोजगार के अवसरों को नई गति देगा। इस अवसर पर नई ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर आगे की ओर रवाना किया गया। रेल प्रशासन की ओर से अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार, मंडल वाणिज्य प्रबंधक नितेश कुमार सोने सहित अन्य रेलवे अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। बरगवां रेलवे स्टेशन में सांसद सीधी डॉ. राजेश मिश्रा स्वयं इस नई ट्रेन में भोपाल से यात्रा कर बरगवां स्टेशन पहुँचे, जहाँ उन्होंने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को आगे की ओर रवाना किया। इसी तरह दमोह रेलवे स्टेशन पर इस नई ट्रेन शुभारंभ समारोह में गौरव पटेल अध्यक्ष,जिला पंचायत दमोह, धर्मेंद्र कटारे उपाध्यक्ष जिला पंचायत दमोह, रमाकांत वाजपेई मंडल अध्यक्ष दमोह भारत यादव नगर मंत्री, रामलाल उपाध्याय तथा रेलवे के सहायक मंडल वाणिज्य प्रबंधक गुन्नार सिंह उपस्थित थे। इसी तरह कटनी मुड़वारा में दीपक टंडन सोनी जिलाध्यक्ष कटनी उपस्थित थे।

चलती ट्रेन में यात्री पर चाकू से हमला करने वाला अवैध वेंडर गिरफ्तार

हरिभूमि जबलपुर।

दस दिन पूर्व पुणे-सुपौल एक्सप्रेस ट्रेन में शहपुरा भिटौनी स्टेशन में एक यात्री पर चाकू से हमला करने वाले अवैध वेंडर को जीआरपी ने अंततः गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना 15 फरवरी को उस समय हुई थी जब ट्रेन अपने निर्धारित मार्ग पर जबलपुर के भिटौनी स्टेशन के पास पहुंची थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नर्मदापुरम निवासी संजय उर्फ दीपक सिंह ट्रेन में अवैध रूप से सामान बेच रहा था। इसी दौरान उसका यात्री राहुल सिंह राजपूत से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। बहस इतनी बढ़ी कि आरोपी संजय ने राहुल पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल यात्री को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद जीआरपी ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। ट्रेन में मौजूद यात्रियों, स्टाफ के बयानों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की गई। कड़ी मशक्कत के बाद जीआरपी ने इटारसी में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी के पास वेंडिंग का कोई वैध लाइसेंस नहीं था और उसके विरुद्ध पहले भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

जीआरपी ने लौटाया जेवर और नगदी से भरा ट्रॉली बैग

जबलपुर। जबलपुर रेलवे स्टेशन पर उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब चेकिंग के दौरान जीआरपी को एक लावारिस ट्रॉली बैग मिला। बैग की तलाशी लेने पर उसमें करीब 50 हजार रुपये नगद और 8 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात बरामद हुए। जांच के बाद पता चला कि यह बैग एक रिटायर्ड डीएसपी प्रभात शुक्ला का है, जो जल्दबाजी में इसे प्लेटफॉर्म पर ही भूल गए थे। जीआरपी थाना प्रभारी संजीवनी राजपूत ने बताया कि रिटायर्ड डीएसपी प्रभात शुक्ला अपने परिवार के साथ इटारसी में एक विवाह समारोह में शामिल होने जा रहे थे। ट्रेन पकड़ने की जल्दबाजी में उनका कीमती सामान और नकदी से भरा ट्रॉली बैग प्लेटफॉर्म पर ही छूट गया। जब प्लेटफॉर्म पर बैग लावारिस हालत में मिला, तो सुरक्षा की दृष्टि से जीआरपी ने तत्काल मोर्चा संभाला। आसपास के यात्रियों से पूछताछ की गई, लेकिन जब कोई दावेदार सामने नहीं आया, तो नियमानुसार बैग को कब्जे में लेकर उसकी जांच की गई। बैग के अंदर रखे दस्तावेजों और अन्य जानकारियों के आधार पर रिटायर्ड डीएसपी प्रभात शुक्ला से संपर्क किया गया। पहचान की पुष्टि और आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद जीआरपी ने पूरा सामान सुरक्षित रूप से उन्हें सौंप दिया। अपना कीमती सामान वापस पाकर श्री शुक्ला ने जीआरपी टीम के सदस्य एसआई नरेश चौधरी, आनंद यादव और उमेश चोरे को नगद राशि देकर पुरस्कृत किया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240